सूर्योदय 5:25 सूर्यास्त 7:22

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18.2 न्यू | 27.2 अधि |
| धर्मशाला | 22.4 न्यू | 33.6 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78053.52 |
| निफ्टी | 23721.30 |
| सोना | 72,270 |
| चांदी | 90,970 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 26 जून, 2024 | 13 आषाढ़, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 189, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702



खूबसूरत दिखने के लिए रीक्रिएट करें कृतिका कामरा के लुक्स

पृष्ठ 4 पर

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- विधानसभा के लिए उदार वित्तीय अनुदान की उठाई मांग -पेज 2
- कालका-शिमला रेलवे ट्रैक हुआ बहाल, शिमला पहुंची सभी ट्रेनें -पेज 3
- कांग्रेस ने 90 बार धारा 356 का प्रयोग किया: जयराम -पेज 3
- कांगड़ा ने कुल्लू को दो रन से हराकर किया फाइनल में प्रवेश -पेज 10
- अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वार्नर का सफर खत्म -पेज 13
- सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण समय की मांग: वीआर चौधरी -पेज 14

# लोकसभा अध्यक्ष के लिए होगी वोटिंग

## 72 साल बाद फिर बदलेगी परंपरा, एनडीए से ओम बिरला और विपक्ष से के. सुरेश उम्मीदवार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**18वीं** लोकसभा के स्पीकर के चयन को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच आम सहमति नहीं बन पाई। अब स्पीकर का चयन चुनाव के माध्यम से होगा। देश के इतिहास में ऐसा दूसरी बार होने जा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए सत्ता पक्ष से भाजपा सांसद ओम बिरला और कांग्रेस सांसद कोडिकुनिल सुरेश विपक्ष के उम्मीदवार होंगे। बुधवार को मतदान होगा।

लोकसभा की परंपरा रही है कि अध्यक्ष को सर्वसम्मति से चुना जाता है। इस बार सदन में विपक्ष मजबूती के साथ उभरा है और उसकी ओर से उपाध्यक्ष के पद की मांग की जा रही है। ऐसे में सहमति नहीं बनने के कारण विपक्ष की ओर से केरल से आने वाले कांग्रेस के के. सुरेश ने भी अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन कर दिया है। एनडीए के घटक दलों के नेताओं की उपस्थिति में आज अध्यक्ष के तौर पर ओम बिरला का नामांकन किया गया, जबकि विपक्ष की ओर से के. सुरेश ने नामांकन किया।




उन्हें सपा और राजद का समर्थन प्राप्त है। राजनाथ सिंह पर अध्यक्ष पद को लेकर विपक्ष के साथ सर्वसम्मति बनाने की जिम्मेदारी थी। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से तीन बार बातचीत की। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में इसका उल्लेख किया।

वहीं, स्पीकर चुनाव को लेकर एनडीए और विपक्षी का व्हिप जारी किया है। सभी सांसदों को लोकसभा में मौजूद रहने को कहा है।

### सरकार की नीयत ठीक नहीं : राहुल

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने कहा कि सोमवार शाम खड़गे को दो बार राजनाथ का फोन आया था। हमने अध्यक्ष पद के लिए उनके उम्मीदवार को समर्थन देने की बात कही थी, लेकिन हमारी मांग थी कि उपाध्यक्ष का पद विपक्ष के नेता को दिया जाए। राजनाथ ने कहा कि वे दोबारा फोन करेंगे, लेकिन उनका फोन नहीं आया। इसका मतलब साफ है कि सरकार की नीयत ठीक नहीं है। सहमति की बात कर रहे हैं, लेकिन उस पर चल नहीं रहे।

### अध्यक्ष और उपाध्यक्ष किसी पार्टी के नहीं होते : पीयूष गोयल



**केंद्रीय** मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि एनडीए ने ओम बिरला को अपना उम्मीदवार चुना है। उन्हें समर्थन देने के लिए राजनाथ ने खड़गे से चर्चा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ओर से केसी वेणुगोपाल चर्चा करेंगे। वेणुगोपाल और द्रमुक नेता टीआर बालू आए और उन्होंने शर्त रखी कि विपक्ष के नेता को उपाध्यक्ष बनाया जाए। हमने कहा कि अध्यक्ष के निर्वाचन के बाद उपाध्यक्ष पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष किसी पार्टी के नहीं होते हैं। वहीं, इसी बीच एनडीए के घटक दलों के नेताओं ने विपक्ष की अध्यक्ष पद को समर्थन दिए जाने को लेकर विपक्ष की ओर से शर्त रखे जाने को गलत बताया है। जदयू नेता राजीव रंजन सिंह और टीडीपी नेता राम मोहन नायडू ने कहा कि शर्त रखनी नहीं चाहिए और अध्यक्ष पद का समर्थन करना चाहिए। के. सुरेश ने कहा कि दो बार से लोकसभा में उपाध्यक्ष पद नहीं है। इस बार विपक्ष संख्याबल में मजबूत है। उपाध्यक्ष पद पर हमारा अधिकार है। विपक्ष की ओर से कॉल का इंतजार किया जाता रहा, लेकिन कोई कॉल नहीं आया तो पार्टी ने के. सुरेश को उम्मीदवार बनाने का फैसला किया।

## राहुल गांधी ने संविधान की प्रतियां हाथ में लेकर ग्रहण की शपथ



**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ली और इस दौरान उन्होंने अपने हाथ में संविधान की प्रतियां ले रखी थी। राहुल ने अंग्रेजी भाषा में शपथ ली। शपथ के बाद उन्होंने 'जय हिंद, जय संविधान' का नारा भी लगाया। राहुल इस बार उत्तर प्रदेश के रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं। इससे पहले वह लोकसभा में केरल के वायनाड और उत्तर प्रदेश के अमेठी का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

## ओवैसी ने संसद में लगाया 'जय फिलिस्तीन' का नारा, हंगामा



**हैदराबाद** के सांसद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बिस्मिल्लाह पढ़कर शपथ ग्रहण की। शपथ लेने के बाद उन्होंने जाते-जाते 'जय भीम, जय तेलंगाना और बाद में जय फिलिस्तीन' का नारा लगा दिया, जिसको लेकर संसद में भाजपा सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। हालांकि प्रोटेम स्पीकर ने इस शब्द को संसद की कार्यवाही से हटा दिया है। उस समय लोकसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे राधा मोहन सिंह ने सदस्यों को आश्वस्त किया कि शपथ के अलावा कोई भी बात रिकॉर्ड में दर्ज नहीं की जाएगी। कुछ मिनट तक हंगामा जारी रहा, जिसके बाद शपथ ग्रहण फिर से शुरू हुआ।

**न्यूज शॉर्ट्स**

### सत्येंद्र की याचिका पर फैसला करे हाईकोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली उच्च न्यायालय से ईडी के मामले में 'आप' नेता और पूर्व मंत्री सत्येंद्र कुमार जैन की जमानत याचिका पर नौ जुलाई को फैसला सुनाने को कहा। जस्टिस मनोज मिश्रा और एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि जमानत के मामलों को अनावश्यक रूप से टालना ठीक नहीं है। दरअसल, सत्येंद्र जैन ने हाईकोर्ट की ओर से उनकी जमानत याचिका पर छह सप्ताह के स्थगन के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

### विकीलीक्स संस्थापक असांजे जेल से रिहा



**लंदन।** विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे ब्रिटिश जेल से रिहा हो गए। विकीलीक्स ने लंदन के स्टैनस्टेड एयरपोर्ट पर जूलियन असांजे के फ्लाइट में सवार होने का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है। अदालती दस्तावेजों के अनुसार, 52 वर्षीय असांजे अमेरिकी अदालत में अपनी आजादी के बदले में सैन्य रहस्यों को उजागर करने का दोष स्वीकार करने के लिए सहमत हो गए हैं।

### सांसद सौमित्र के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी



**कोलकाता।** बिष्णुपुर से भाजपा सांसद सौमित्र खान के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। एक पुराने मामले में विधाननगर की एमपी-एमएलए कोर्ट से उन्हें कई बार समन भेजा था, लेकिन वह कथित तौर पर बार-बार समन को दरकिनार करते रहे, इसीलिए उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।

### पेपरलीक केस : आरोपियों की नहीं मिली जमानत



**पटना।** पटना न्यायालय ने पेपरलीक केस के 13 गिरफ्तार आरोपियों को जमानत नहीं दी। वकील ने बताया कि कथित पेपर लीक केस अब सीबीआई के पास चला गया है। इसके बाद एडीजे 5 ने आदेश दिया कि ऑर्डर पेपर के साथ दें। कोर्ट ने दो जुलाई को अगली सुनवाई की तारीख दी है। वहीं, पेपरलीक केस मुख्य आरोपी नालंदा निवासी संजीव मुखिया की अग्रिम जमानत याचिका पर भी कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने संजीव मुखिया केस की सुनवाई करने की अगली तारीख 15 जुलाई को दी है।

# संविधान विरोधी कांग्रेस ने लगाया था काला धब्बा: अनुराग ठाकुर

## कहा- बिना केस चलाए 1,40,000 लोगों को डाला था जेल में, कई यातनाएं दीं

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**पूर्व** केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर ने 1975 में कांग्रेस की ओर से लगाए गए आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र में काला धब्बा बताया।



उन्होंने आपातकाल के विरुद्ध आवाज उठाने वाले और यातनाएं सहकर कांग्रेस की दमनकारी नीतियों का मुखर विरोध करने वाले लोकतंत्र के सभी प्रहरियों के प्रति अपनी कृतज्ञता समर्पित की है। कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर लाखों लोगों को जेलों में बंद कर दिया। प्रेस की आजादी पर ताला लगा दिया। लोगों की अभिव्यक्ति की आजादी छीन ली। आपातकाल के दौरान देशभर में आंतरिक सुरक्षा कानून के तहत 1,40,000 लोगों को बिना केस चलाए जेलों में डाल दिया गया था। देशहित से ऊपर एक परिवार एक व्यक्ति के अहंकार को रखा गया। संसद को दरकिनार कर अधिकारपत्र के जरिए आपातकाल जारी रखने के लिए इंदिरा गांधी ने राष्ट्रपति से बार-बार 'ऑर्डिनेंस' हासिल किए। आपातकाल के विरुद्ध आरएसएस के संघर्ष का बस एक ही लक्ष्य था कि भारत में लोकतंत्र की गौरवमयी वापसी हो। अनुराग ने कहा कि आपातकाल के विरुद्ध लाखों लोगों ने आंदोलन किया था। देशभर में युवाओं, पत्रकारों और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तारियां देनी पड़ी थीं। कई लोगों को जेल में रखा गया और कई तरह की यातनाएं दी गईं। उस समय सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया जा रहा था। (अनंत ज्ञान)

# आपातकाल लगाने वाले न दिखाएं संविधान प्रेम : मोदी

## आपातकाल की 50वीं बरसी पर प्रधानमंत्री ने साधा निशाना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**आपातकाल** की 50वीं बरसी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने इमरजेंसी लगाई थी उन्हें संविधान के लिए प्रेम का दिखावा करने की जरूरत नहीं है। इन लोगों ने ही अनुच्छेद-356 को लागू किया था और प्रेस की स्वतंत्रता को खत्म करने के लिए विधेयक लेकर आए थे। इन लोगों ने संघीय ढांचे को खत्म करने और संविधान का उल्लंघन करने का हरसंभव प्रयास किया।



पीएम मोदी ने कहा कि जिस पार्टी ने आपातकाल लगाया था उनकी मानसिकता नहीं बदली है। वे दिखावा करके संविधान के तिरस्कार को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। देश के लोगों ने उनकी हरकतें देख ली हैं और इसीलिए एक बार फिर उन्हें रिजेक्ट कर दिया है।

बता दें कि 49 साल पहले 25 जून 1975 को इंदिरा गांधी की कांग्रेस सरकार ने देश में आपतकाल लगाया था। प्रधानमंत्री ने 'एक्स पर कहा कि आज आपताकाल के विरोध में खड़े होने वाले महापुरुषों और महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त करने का दिन है। आपातकाल के काले दिन याद दिलाते हैं कि किस तरह से कांग्रेस पार्टी ने आम आदमी की स्वतंत्रता छीन ली थी और संविधान को कुचल दिया था। केवल सत्ता में बने रहने के लिए कांग्रेस की सरकार ने लोकतांत्रिक सिद्धांतों को भुला दिया और देश को जेल बनाया दिया। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि विपक्षी दल ने 'एक खास परिवार को सत्ता में बनाए रखने' के लिए संविधान की भावना को कई बार कुचला। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्हें पार्टी का 'युवराज' करार दिया और कहा कि वह भूल गए हैं कि उनकी दादी इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया था।

### कमियां छिपाने के लिए अतीत को कुरेदते रहते हैं मोदी : खड़गे



**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 'एक्स' पर लिखा कि पीएम मोदी अपनी कमियां छिपाने के लिए अतीत को ही कुरेदते रहते हैं। रस्सी जल गई, लेकिन बल नहीं गया। पिछले 10 साल में 140 करोड़ भारतीयों को आपने जो 'अघोषित आपातकाल' का आभास करवाया उसने लोकतंत्र और संविधान को गहरा आघात पहुंचाया है। पार्टियों को तोड़ना, चोर दरवाजे से चुनी हुई सरकारों को गिराना, जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करके मुख्यमंत्रियों तक को जेल में डालना क्या यह अघोषित आपातकाल नहीं है?

### बांग्लादेशी आतंकी मॉड्यूल का एक और आतंकवादी गिरफ्तार

**कोलकाता।** बांग्लादेश के प्रतिबंधित आतंकी संगठन शहादत मॉड्यूल के एक और आतंकी को पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने गिरफ्तार किया है। वह बंगाल छोड़कर भागने की फिराक में था, लेकिन एसटीएफ की टीम ने उसे हावड़ा स्टेशन के पास दबोच लिया।

एसटीएफ के एसपी आईपीएस इंद्रजीत बसु ने संदिग्ध आतंकी का नाम हारिज शेख है, जो नदिया जिले के मायापुर का रहने वाला है। शनिवार को भी पश्चिम बर्दवान के कांकसा इलाके से मोहम्मद हबीबुल्लाह आतंकी को गिरफ्तार किया था। पूछताछ करने के बाद हारिज के बारे में जानकारी मिली थी।

# अभी जेल में ही रहेंगे केजरीवाल

## हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के जमानत आदेश पर लगाई रोक

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**केजरीवाल** को अभी जेल में ही रहना होगा। दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ट्रायल कोर्ट से मिली जमानत पर रोक लगा दी है।

जस्टिस सुधीर कुमार जैन की वेकेशन बेंच ने कहा कि ट्रायल कोर्ट का आदेश सही नहीं है। उसे सभी दस्तावेज पर गौर करना चाहिए था। ट्रायल कोर्ट ने मनी लांड्रिंग एक्ट की धारा 45 की दो शर्तों का पालन नहीं किया है। ट्रायल कोर्ट को ईडी को दलीलें रखने का पर्याप्त मौका देना चाहिए। ट्रायल कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के पहले के आदेशों को सही ढंग से नहीं लिया। निचली अदालत ने मनी लांड्रिंग केस में केजरीवाल को जमानत देते समय अपने दिमाग का इस्तेमाल नहीं किया। हाईकोर्ट ने कहा कि केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट की ओर से अंतरिम जमानत चुनाव प्रचार के लिए दी गई थी। ऐसे में उस आदेश का हवाला व्यक्तिगत स्वतंत्रता के लिए नहीं दिया जा सकता है। हाईकोर्ट ने 21 जून को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा था कि ट्रायल कोर्ट का पूरा आदेश ही गलत है। ईडी के मुताबिक, ट्रायल कोर्ट ने ईडी की दलीलों और

- ट्रायल कोर्ट का आदेश सही नहीं, सभी दस्तावेजों पर गौर करना चाहिए था
- जमानत देते समय अपने दिमाग का इस्तेमाल नहीं किया

साक्ष्यों पर गौर नहीं किया और न ही कानून के मुताबिक फैसला दिया। ईडी ने कहा था कि अरविंद केजरीवाल के खिलाफ 2023 के बाद के जुटाए गए साक्ष्यों पर ध्यान नहीं किया और फैसला कर दिया। ईडी ने कहा था कि उसने 13 आंगड़िया, गोवा के आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के बयानों को अनदेखा करते हुए केजरीवाल को जमानत देने का आदेश दिया।

# जम्मू से वैष्णो देवी मंदिर तक हेलिकॉप्टर सेवा शुरू

**एजेंसी, जम्मू**

**जम्मू** से माता वैष्णो देवी मंदिर तक मंगलवार को सीधी हेलिकॉप्टर सेवा शुरू हो गई, जिससे समय की कमी के कारण एक दिन के भीतर ही इस पवित्र मंदिर में दर्शन की इच्छा रखने वाले तीर्थयात्रियों को काफी सुविधा होगी।

अधिकारियों ने बताया कि आधार शिविर और मंदिर के पास सांझी छत के बीच पहले से ही हेलिकॉप्टर सेवा उपलब्ध है, जिसका एक तरफ का किराया 2,100 रुपए प्रति व्यक्ति है।

नई सेवा की शुरुआत के अवसर पर तीर्थयात्रियों को लेकर पहला हेलिकॉप्टर सुबह करीब 11 बजे जम्मू हवाई अड्डे से रवाना हुआ और मंदिर के नए मार्ग पर पंछी हेलिपैड पर उतरा। माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंशुल गर्ग ने कहा कि यह सेवा मंदिर में आने वाले तीर्थयात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। सांझी छत की तुलना में कम ऊंचाई पर स्थित पंछी हेलिपैड पर खराब मौसम का कम असर होगा।



### श्राइन बोर्ड ने शुरू किए दो पैकेज

**श्राइन** बोर्ड की तरफ से अभी जम्मू से वैष्णो देवी धाम के लिए दो पैकेज पेश किए गए हैं। पहला पैकेज 35 हजार रुपए प्रति व्यक्ति का है, जिसमें उसी दिन वापसी होगी। इसी दिन रिटर्न यानी एसडीआर पैकेज नाम दिया गया है। दूसरा 60 हजार रुपए प्रति व्यक्ति का पैकेज है, जिसमें अगले दिन वापसी होगी। इसे नेक्स्ट डे रिटर्न यानी एनडीआर पैकेज नाम दिया गया है।

# पठानिया ने वित्तायोग से उठाया करेरी में पर्यटन का मसला

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

**हिमाचल** की वित्तीय आवश्यकताओं व अन्य मुद्दों को लेकर वित्तायोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने मंगलवार को धर्मशाला का दौरा किया।

इससे पहले गगल एयरपोर्ट पर विधानसभा के उपमुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया ने वित्तायोग के अध्यक्ष का स्वागत किया। पठानिया ने वित्तायोग अध्यक्ष के साथ बोह-दरीणी में भू-स्खलन आदि आपदाओं पर चर्चा की और करेरी में पर्यटन विकास की संभावनाओं से भी अवगत करवाया। पठानिया ने बताया कि सोमवार को सीएम सुक्खू ने भी वित्तायोग के समक्ष हिमाचल प्रदेश में आपदाओं की अधिक संभावनाएं होने के कारण इन क्षेत्रों के लिए आपदा जोखिम सूचकांक तैयार किया जाने का पक्ष रखा है और राज्य के हितों से जुड़े मुद्दों को उठाया है। वहीं, वित्तायोग के अध्यक्ष ने मैक्लोडगंज में तिब्बतियन मोनेस्ट्री में भी विजिट किया। इस दौरान उनके साथ एमडी एचआरटीसी रोहन चंद, उपायुक्त हेमराज बैरवा, पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री और निजी सचिव कुमार विवेक भी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

> बोह व दरीणी में भू-स्खलन और आपदाओं पर भी चर्चा

**मौसम** मानसून 28 को देगा दस्तक, होटलों में 80 से 90 प्रतिशत बढ़ी ऑक्यूपेंसी

# प्रदेश में दो दिन भारी बारिश का येलो अलर्ट

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में मौसम विभाग शिमला की ओर से 28 व 29 जून को भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश में मानसून 28 जून से दस्तक देगा।

हालांकि, बाहरी राज्य से अभी पर्यटकों की आवाजाही जारी है। शिमला और मनाली में इन दिनों 80 से 90 प्रतिशत की ऑक्यूपेंसी चल रही है। बाहरी राज्यों के मैदानी क्षेत्रों से पर्यटक गर्मी से निजात पाने के लिए पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। पर्यटकों की आवाजाही से पर्यटन विभाग को पंख लग गए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सुरेंद्र पाल के अनुसार, 28 जून तक प्रदेश में मानसून के दस्तक देने की संभावना है। मानसून इस वर्ष सामान्य तारीख को ही हिमाचल में प्रवेश कर सकता है। 28 जून से बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, कांगड़ा, मंडी, शिमला, सोलन व सिरमौर जिले के लिए भारी बारिश के साथ अंधड़ चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। (अनंत ज्ञान)



रिज मैदान पर घूमने का लुत्फ उठाते पर्यटक।

**अधिकतम तापमान**

| | |
|---|---|
| ऊना | 41.4° |
| हमीरपुर | 39.0° |
| बिलासपुर | 38.4° |
| कांगड़ा | 38.4° |
| बरठीं | 38.4° |
| चंबा | 38.0° |
| धौलाकुआं | 37.0° |
| धर्मशाला | 33.6° |
| सुंदरनगर | 35.6° |
| सोलन | 31.4° |
| मंडी | 28.9° |
| शिमला | 27.2° |

# तबीयत बिगड़ने पर आईसीयू में भर्ती आतिशी, अनशन समाप्त

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राजधानी में दिल्लीवालों को उनके हक का पानी दिलाने के लिए पांच दिन से अनशन पर बैठी जल मंत्री आतिशी की तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें एलएनजेपी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती करवाया गया है।



- ब्लड शुगर लेवल गिरकर 36 पर आ गया : संजय सिंह

आतिशी ने डॉक्टर के सुझाव पर अपना अनशन समाप्त करने का ऐलान कर दिया। इसकी जानकारी आम आदमी पार्टी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। 'आप' पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि उनका ब्लड शुगर लेवल गिरकर 36 पर आ गया है। डॉक्टरों की ओर से उनकी जान को खतरा बताने पर हम उन्हें रात को ही एलएनजेपी अस्पताल लेकर आए थे। आतिशी को आईसीयू में रखा गया है। हम सभी उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 3 सप्ताह से हरियाणा की भाजपा सरकार दिल्ली के हक का 100 एमजीडी नहीं दे रही है, जिससे 28 लाख लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। आतिशी ने लोगों को उनके हक का पानी दिलाने के लिए तमाम प्रयास किए, लेकिन कोई हल नहीं निकला। इसलिए मजबूर होकर पिछले पांच दिन से वो भूख हड़ताल पर थीं। हम प्रधानमंत्री को पत्र लिखेंगे और संसद में भी पानी का मुद्दों उठाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### आराध्या मां तुना काली निकलेगी प्रवास पर



**कोटखाई, भरत ठाकुर।** मां तूना काली इस बार कोटखाई क्षेत्र के प्रवास पर निकल रही है। यह यात्रा 30 जून को शुरू होगी। माता का रथ 30 जून को सुबह 8:00 बजे निकाला जाएगा। इस रथयात्रा में चलने वाले सभी लोग नंगे पैर यात्रा करते हैं। माता के इस प्रवास का विशेष महत्व माना जाता है। माना जाता है माता इस प्रवास के समय क्षेत्र के लोगों का दुख हरती है और सुख शांति प्रदान करती है। (अनंत ज्ञान)

### विद्यार्थियों ने शोध प्रकाशन कर चमकाया नाम



**दशमी रावत, रोहड़ू।** राजकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय रोहड़ू के इलेक्ट्रॉनिक्स व संचार (ईसीई) ट्रेड के अंतर्गत छठे सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने शिक्षक मनीष चौहान के साथ डिप्लोमा स्तर पर शोध प्रकाशन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इसी प्रोजेक्ट को विद्यार्थियों ने अपने मेंटोर इंजीनियर मनीष चौहान के साथ अपने इस शोध को प्रतिष्ठित इंटरनेशनल जर्नल फॉर रिसर्च इन एप्लाइड साइंस एंड इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी में प्रकाशित किया है। इस प्रोजेक्ट को बनाने वाले प्रशिक्षु लवली, विजय, स्पर्श वर्मा, अमिश कुमार, रिशु, धनंजय शर्मा व हरीश ठाकुर है। प्राचार्य इंजीनियर राकेश शर्मा ने शिक्षक मनीष चौहान व छात्रों को बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

### हिमरी विद्यालय में स्कूल प्रबंधन समिति का हुआ गठन



**भरत ठाकुर, कोटखाई।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हिमरी (कोटखाई) में स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया गया जो आगामी 3 वर्षों के लिए कार्य करेगी। आम सभा में सर्वसम्मति से सुशील चंदेल को अध्यक्ष चुना गया। इसके अतिरिक्त 20 अन्य सदस्यों का भी चयन किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य अश्विनी कुमार ठाकुर ने चुने गए अध्यक्ष को शुभकामनाएं दी। (अनंत ज्ञान)

### सहकारी सभा कोटी के प्रधान बने डॉ. जोगिंद्र रोहाल

**शिमला।** जुन्गा तहसील की करोली बहुउद्देशीय सहकारी सभा समिति कोटी के चुनाव निर्विरोध सर्वसम्मति से संपन्न हुए, जिसमें डॉ. जोगिंद्र रोहाल को प्रधान तथा डॉ. विश्वबंधु जोशी को उपप्रधान चुना गया। जबकि भूपराम शर्मा, नंदलाल और गुरदास को समिति का सदस्य मनोनित किया गया। सहकारी सभा के सचिव जगत राम शर्मा और प्रधान ग्राम पंचायत कोटी रमेश शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

### रमेश बने विद्यालय प्रबंधन समिति चियोग के अध्यक्ष



**जुन्गा (शिमला)।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चियोग में आगामी तीन वर्षों के लिए नई विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया, जिसमें रमेश वर्मा को एसएमसी का नया अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया। इसके अलावा 20 अन्य गैर सरकारी और शिक्षक वर्ग से सदस्य चुने गए। पूर्व एसएमसी अध्यक्ष योगेश चंदेल ने आय व्यय का विवरण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। (अनंत ज्ञान)

# भाजपा ने आपातकाल पर निकाला मौन जुलूस

**रविंद्र जस्टा, शिमला**




आपातकाल पर भाजपा के सदस्य प्रदर्शन करते हुए।

भाजपा शिमला मंडल द्वारा मंगलवार को मौन जुलूस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुनील धर द्वारा की गई, इसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज और प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मौन जुलूस सीटीओ से वाइब्रेशन हॉल गंज बाजार तक चला। उसके उपरांत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन वाइब्रेशन हॉल में किए गया, जिसमें नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थित रहे। वहीं सुरेश भारद्वाज ने कहा की लोकतंत्र प्रहरी सम्मान निधि को बंद करने वाली कांग्रेस पार्टी की प्रवृत्ति ही कुछ ऐसी है कि संविधान की हत्या वह पहले से ही करते आए हैं। जब देश में 1975 में इमरजेंसी लगी थी। उसके उपरांत लाखों लोगों को जेल में डाला गया था, जिन व्यक्तियों के परिवारजनों को इस योजना का लाभ हो रहा था उसके बावजूद इन्होंने इस योजना को बंद कर दिया उन्होंने कहा जो पार्टी इंदिरा इस इंडिया एंड इंडिया इस इंडिया का नारा दे सकती है वह संविधान क्या बचाएगी।

इस योजना के अंतर्गत ऐसे ही परिवारों को 20000 सालाना का लाभ होता था, वह भी इन लोगों से देखा नहीं गया। भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा की 25 जून 1975 को देश में इमरजेंसी लगी थी जिसको भारतीय जनता पार्टी और पूरा देश काला दिवस के रूप में मनाता है, इस प्रकार हिमाचल में भी हिटलर राज चल रहा है। (अनंत ज्ञान)

### रोहड़ू में मनाया काला दिवस

**दशमी रावत, रोहड़ू।** भारतीय जनता पार्टी जिला महासू द्वारा चांशल होटल रोहड़ू में आपातकाल और लोकतंत्र की हत्या पर काला दिवस के उपलक्ष्य पर संगोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल विशेष रुप से मौजूद रहे। इस अवसर पर रोहड़ू मंडल अध्यक्ष शशि रावत, जिला महासू सचिव यशपाल शर्मा, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष आशा रिठवान व सचिव संतोष चौहान सहित पार्टी के पधाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।




काला दिवस के उपलक्ष्य पर संगोष्ठी के दौरान मौजूद गणमान्य।

# विधानसभा के लिए उदार वित्तीय अनुदान की उठाई मांग

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष से मिले कुलदीप पठानिया**



डॉ. पनगढ़िया से बात करते पठानिया।

विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया के साथ मुलाकात के लिए निर्धारित एक विशेष कक्ष में बैठक की। गौरतलब है कि 16वां वित्त आयोग आजकल हिप्र राज्य के तीन दिवसीय दौरे पर शिमला आया है।

बैठक के दौरान कुलदीप पठानिया ने विधानसभा सचिवालय के काउंसिल चौम्बर, विठ्ठलभाई भवन, प्रशासनिक भवन तथा पुस्तकालय भवन के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर डॉ. पनगढ़िया को अवगत करवाते हुए पठानिया ने कहा कि विधानसभा के पास उपाध्यक्ष विधानसभा के लिए कोई भी आवास नहीं है जिसके निर्माण कार्य पर 2.50 करोड़ रुपए का व्यय अनुमानित है।

विधायकों का आवासीय परिसर ओल्ड मैट्रोपोल भी 120 वर्ष पुराना है जिसके निर्माण पर 165 करोड़ का व्यय होना अनुमानित है। इसके अतिरिक्त विधानसभा सचिवालय के पास अपने कर्मचारियों के लिए कोई भी आवासीय परिसर नहीं है जिसके निर्माण हेतु 60 करोड़ रुपए व्यय किए जाने प्रस्तावित है। वहीं अन्य योजनाओं के साथ सभी निर्माण कार्यों के लिए विधानसभा अध्यक्ष ने कुल 250 करोड़ रुपए की राशी की स्वीकृती की वित्त आयोग के अध्यक्ष से मांग की। (अनंत ज्ञान)

## एसएफआई ने की आनी में हुए घटनाक्रम की निंदा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी में हुए घटनाक्रम की एसएफआई राज्य कमेटी हिमाचल प्रदेश ने कड़े शब्दों में निंदा की है।

एसएफआई का मानना है की जो घटनाक्रम पिछले आनी विद्यालय में हुआ जिसमें पांच शिक्षकों द्वारा एक छात्र की पिटाई की गई वह काफी चिंताजनक विषय है और मारपीट कभी भी किसी भी समस्या का हल नहीं हो सकता और खासतौर पर स्कूल में जब एक छात्र अपने सीखने के दौर में होता है, तब उसके साथ इस तरह का व्यवहार किसी भी रूप में सही नहीं हो सकता। एसएफआई का मानना है कि शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों व अध्यापकों के बीच का जो संबंध है,वह एक-दूसरे के प्रति विश्वासपूर्ण होना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

# पर्यावरण संरक्षण पर समिति होगी गठित

**अनंत ज्ञान, जुब्बल**



पर्यावरण संरक्षण पर लोगों को संबोधित करते हुए गणमान्य।

कोटखाई पर्यावरण संरक्षण हेतु कोटखाई उद्यान विभाग के हाल में हिम जन जागरूक चैनल के माध्यम से एक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक डीएफओ ठियोग मुनीश रामपाल, तहसीलदार कोटखाई ललित कुमार, थाना प्रभारी कोटखाई अंकुश ठाकुर डा. राजेश व कनिष्ठ अभियंता खंड विकास कोटखाई नरेश चौहान की अध्यक्षता में की गई।

डीएफओ ठियोग ने पर्यावरण संरक्षण हेतु विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी जन प्रतिनिधि युवक मंडल स्वयं सहायता समूह पौधों के लिए आरओ कोटखाई को आवेदन दे ताकि उन्हें इस बरसात में पौधे रोपने के लिए पौधे उपलब्ध करवाया जा सके।

बैठक में विभिन्न पंचायतों के जन प्रतिनिधियों, विभिन्न स्वयं सहायता समूह, महिला मंडल नव युवक मंडल ने भाग लिया। इस बैठक में पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने अपनी बात रखी और फैसला लिया गया कि कोटखाई क्षेत्र की विभिन्न पंचायत में पर्यावरण संरक्षण हेतु उचित कदम उठाए जाएंगे। जिसके लिए कोटखाई की प्रत्येक पंचायत में समिति का गठन किया जाएगा। प्रत्येक समिति से एक सदस्य लिया जाएगा जिसके तहत कोटखाई क्षेत्र की एक पर्यावरण संरक्षण समिति का गठन किया जाना है।

उपस्थित सभी लोगों ने इस बरसात में पौधे रोपने की भी बात कही और कहा उतने ही पौधे रोपे जाएंगे जितने की देखरेख प्रतिएक सदस्य व प्रति एक व्यक्ति कर सकेगा। पौधा लगाने के बाद देखभाल करना जरूरी है जिसमें की सभी जन प्रति नीतियों ने सहमति जताई। इस बैठक में चेतना फाउंडेशन की अध्यक्षा अरुण वर्मा, ने नदियों में कूड़ा करकट व पूजा सामग्री इत्यादि डाली जा रही है जिसके प्रति उन्होंने चिंता जाहिर की। अरुण वर्मा के द्वारा कोटखाई के आसपास क्षेत्र से सूखा व गीला कचरा एकत्रित किया जा रहा है। हिम जन जागरूक के संपादक पंकज गांगटा ने सभी अधिकारियों व सभी जन प्रतिनिधियों व विभिन्न समितियों का इस बैठक को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद किया। (अनंत ज्ञान)

# शिक्षकों ने सीखे आपदा के गुर



आपदा प्रबंधन के गुर सीखते शिक्षक।

**महेन्द्र कुमार, सुन्नी**

शिमला डाइट के तत्वावधान से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ब्योलिया में चार दिवसीय आपदा प्रबंधन कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इस कार्यशाला में शिक्षा खंड मशोबरा, सन्नी, शिमला एवं कसुंपट्टी, के 76 प्रवक्ता एवं प्रशिक्षित स्मातक अध्यापकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

इस कार्यशाला का शुभारंभ प्रधानाचार्या एवम बीपीओ के स्वागत अभिभाषण एवं आपदा प्रबंधन के विषय में जागरूकता अभिभाषण के साथ हुआ। प्रधानाचार्य निशा भलूनी ने कार्यशाला में उपस्थित सभी अध्यापकों को यह निर्देश दिए कि चार दिवसीय आपदा प्रबंधन कार्यशाला में जो प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उसे अपने-अपने विद्यालय में कार्यान्वित करें ताकि विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन की व्यवहारिक जानकारी हो सके तथा प्राकृतिक आपदा के समय वे अपनी एवं समाज की सुरक्षा में अपनी सकारात्मक भूमिका निभा सके।(अनंत ज्ञान)

### झंडूता की ग्राम पंचायत बलघाड में सीमेंट हेरा-फेरी का मामला

# 6 माह बाद भी नहीं हुई मामले की छानबीन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**गोपाल कपिल, झंडूता**

उपमंडल झंडूता की ग्राम पंचायत बलघाड में जिला पंचायत कार्यालय के अधिकारियों द्वारा सीमेंट की हेरा-फेरी की शिकायत पर छह माह बाद भी कोई जांच नहीं होना चिंता की बात है।

इसके लिए योगेश कुमार ने एसडीएम झंडूता योगराज धीमान को ज्ञापन सौंपा है और जल्द से जल्द मामले निष्पक्ष जांच की मांग की है। योगेश ने कहा कि उन्होंने जनवरी में सीमेंट की हेरा-फेरी की शिकायत की थी, जिस पर डीसी बिलासपुर ने उपमंडल अधिकारी झंडूता को 7 दिन में मामले की छानबीन कर रिपोर्ट देने को कहा था लेकिन 6 माह बाद भी इस मामले में कोई छानबीन नहीं हुई है।

इसका खुलासा बीती 18 जून को ली गई आरटीआई में हुआ है, जिसमें अवगत करवाया गया है कि 6 महीने से किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है।

योगेश ने एसडीएम झंडूता योगराज धीमान से मांग की है कि पंचायत में हुई सीमेंट की हेरा-फेरी की जल्द से जल्द जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। योगेश ने एसडीएम योगराज धीमान को भी निष्पक्ष जांच और कार्यवाही करने का आग्रह किया है, ताकि लोगों के सामने सच्चाई आ सके। (अनंत ज्ञान)

# आरटीओ बिलासपुर एक्शन मोड में, 2 बसें कीं इंपाउंड

**शुभम राही, बिलासपुर**




आरटीओ बिलासपुर की ओर से इंपाउंड की गई बसें।

आरटीओ बिलासपुर राजेश कुमार कौशल और उनकी टीम ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए दो बसों को इंपाउंड कर दिया है। बिलासपुर से मंडी रूट पर चलने वाली राहुल बस सर्विस के चालक के पास चेकिंग के दौरान न तो परमिट पाया गया और न ही टैक्स के कागज पाए गए, जिसके चलते बस को अगली कर्रवाई तक इंपाउंड कर दिया है।

इसी प्रकार शहर के एक स्कूल बस को भी परिवहन विभाग के अधिकारियों ने इंपाउंड कर दिया है। स्कूल बस के चेकिंग के दौरान मामला सामने आया कि हाल ही में खरीदी गई स्कूल बस के पास न तो टेंपरेरी रजिस्ट्रेशन नंबर है और न ही सेल लेटर। आरटीओ राजेश ने बताया कि बस के मालिक ने सन्नी ऑटोमोबाइल डीलर कांगड़ा से बस खरीदा था। संबंधित व्यक्ति को नियमानुसार 25000 रुपए जुर्माना लगाया गया है। खबर की पुष्टि करते हुए आरटीओ ने बताया कि जिला में स्थित शैक्षणिक संस्थानों द्वारा छात्रों को लाने व ले जाने के लिए प्रयुक्त वाहन हिमाचल प्रदेश मोटर यान नियम 1999 के अंतर्गत नियम 73 ए की अनूपालना आवश्य सुनिश्चित करें, ताकि छात्रों के जीवन रक्षा की सुनिश्चितता के साथ-साथ सडक सुरक्षा नियमों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अधिनियम को परिवहन विभाग की साइट से डाउनलोड किया जा सकता है।सभी शिक्षण संस्थान जिन्होने स्वंय बसे प्रचालित की हो अथवा स्कूलों द्वारा पटटा अधार पर ली गई प्राइवेट संविदा वाहन या हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसें, मोटर कैव अथवा मैक्सी कैब प्रयोग में लाई जा रही है या फिर स्कूल प्रबंधन द्वारा किसी भी बस का प्रावधान करने के लिए 73 ए के अंतर्गत दी गई शर्तो का कड़ाई से पालन करना होगा। कोई भी संस्थान इस नियम की उलंघना न करे। वाहन अथवा बस चालक के पास वाहन से संबंधित सभी प्रकार के दरूस्ती, बीमा, परमिट तथा लाइसेंस आदि दस्तावेज होने आवश्यक है।

आरटीओ राजेश ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि जब भी नई गाड़ी खरीदें तो टेंपरेरी नंबर, सेल लेटर और इंश्योरेंस के कागज पूरे होने पर ही डीलर के पास से गाड़ी लाए। (अनंत ज्ञान)

# 11 माह बाद भी धरातल पर नहीं उतरा पार्किंग प्लान

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

नगर परिषद घुमारवीं के तहत शहर के लिए तैयार किए गया नया पार्किंग प्लान को प्रशासन 11 माह बीत जाने के बाद भी धरातल पर नहीं उतार पाया है।

हालांकि इस नए पार्किंग प्लान को उपायुक्त बिलासपुर द्वारा मंजूरी (11 महीने पहले) मिलने के बाद उम्मीद थी कि घुमारवीं को जल्द ही जाम से छुटकारा मिलेगा। क्योंकि इस नए पार्किंग प्लान के तहत अलग-अलग स्थान पर पार्किंग तथा नो पार्किंग जोन चिन्हित किए गए थे। प्रशासन द्वारा शहर में बनाए गए सभी पार्किंग जोन में सड़क से बाहर के कच्चे हिस्से पर टाइल लगाने का कार्य भी प्रस्तावित था तथा माना जा रहा था की टाइल लगने के बाद स्थानीय दुकानदारों व शहर में आने-वाले अन्य लोगों को अपनी गाड़ी लगाने के लिए उचित पार्किंग योग्य जगह बनाई जाएगी, जिससे जहां एक तरफ लोगों को अक्सर लगने वाले जाम से छुटकारा मिल जाएगा। वहीं दूसरी तरफ नगर परिषद की आय में भी बढ़ौतरी होगी।

इस सारी व्यवस्था को बनाने के लिए टाइल लगाने के कार्य के लिए उपमंडल अधिकारी घुमारवीं द्वारा नगर परिषद को करीब 6 महीने पहले टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के आदेश जारी किए गए थे। जिसके तहत इस सारे कार्य पर करीब पांच लाख रुपए खर्च किए जाने थे। लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी नगर परिषद टेंडर प्रक्रिया शुरू नहीं कर पाया है। शहर में पुख्ता पार्किंगव्यवस्था नहीं होने के कारण पूरा दिन शहर में सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से वाहन खड़े किए जाते हैं जिस वजह से शहर में पूरा दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। इस कारण ट्रैफिक अव्यवस्था का आलम बना रहता है। लोगों को उम्मीद थी कि नई पार्किंग व्यवस्था बनने से शहर में अक्सर लगने वाले जान से छुटकारा मिल जाएगा।

> नगर परिषद को शहर में बनाए गए पार्किंग जोन में टाइल लगाने का कार्य आरंभ किए जाने के आदेश दिए गए हैं। जैसे ही कार्य पूरा होगा उसके बाद नए पार्किंग प्लान के तहत शहर में पार्किंग की व्यवस्था बनाई जाएगी। **-गौरव चौधरी, उप मंडलीय अधिकारी, घुमारवीं**

लेकिन विभागों की लेट लतीफ के कारण स्थानीय दुकानदार तथा बाहर से आने वाले लोग आज भी जाम की समस्या से जूझ रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# बाल शोषण रोकने को चलाया जाएगा अभियान

**शुभम राही, बिलासपुर**

जिला बिलासपुर में बाल शोषण को रोकने के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा।

यह जानकारी उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने मंगलवार को बचत भवन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय आपराधिक चोट राहत और पुनर्वास बोर्ड के बैठक की अध्यक्षता करते हुए हुए दी। उन्होंने कहा कि इस जागरूकता कार्यक्रम के लिए एक विशेष टीम का गठन किया जाएगा, जिसमें पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास और विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूलों में छुट्टियां खत्म होने से पहले टीम के गठन और आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए जल्द ही बैठक का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य बाल दुर्व्यवहार को रोकना और बच्चों को होने वाले नुकसान को न्यूनतम करना है। उन्होंने कहा कि जब दुर्व्यवहार होता है, तो इसे शुरुआती चरण में ही पहचान लिया जा सकता है। इसके लिए बच्चों में जागरूकता होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ किसी तरह का गलत व्यवहार उनके जीवन को अंधेरे में धकेल सकता है। बच्चों को मानसिक और शारीरिक तौर पर कई तरह की दिक्कतों से होकर गुजरना पड़ सकता है। (अनंत ज्ञान)

# जेपी नड्डा के राज्यसभा में नेता सदन नियुक्त होने पर बिलासपुर में जश्न

**शुभम राही, बिलासपुर**



जेपी नड्डा के राज्यसभा में सदन नेता नियुक्त होने पर बिलासपुर में जश्न मनाते भाजपाई।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के मोदी सरकार में स्वास्थ्य मंत्री बनने के बाद अब उनकी राज्यसभा में सदन के नेता पद पर ताजपोशी से उनके गृह जिला बिलासपुर में जश्न का माहौल है।

नयनादेवी के विधायक रणधीर शर्मा, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी, झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल, सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल, पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग व प्रदेश सह मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर ने जेपी नड्डा को बधाई देते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया है। मंगलवार को जिला भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान की अगुवाई में पार्टी कार्यालय में एकत्रित हुए कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर और नड्डा के समर्थन में नारेबाजी करते हुए अपनी खुशी का इजहार किया।

रणधीर शर्मा, जीतराम कटवाल, त्रिलोक जमवाल, राजेंद्र गर्ग, स्वतंत्र सांख्यान व स्वदेश ठाकुर ने कहा कि हिमाचल जैसे छोटे से पर्वतीय राज्य से ताल्लुक रखने वाले जेपी नड्डा को भाजपा संगठन और सरकार में आज तक जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई, उन्होंने उसे बखूबी निभाया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में उनकी अगुवाई में पार्टी ने लोकसभा चुनावों में शानदार प्रदर्शन किया। हिमाचल में लोकसभा की चारों सीटें जीतने के साथ ही केंद्र में जीत की हैट्रिक के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार भी बनी है। यह हिमाचल, विशेष रूप से उनके गृह जिला बिलासपुर के लोगों के लिए गौरव की बात है। इस मौके पर सदर भाजपा मंडल अध्यक्ष हंसराज ठाकुर तथा नगर परिषद अध्यक्ष कमल गौतम समेत पार्टी के कई अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

**अवहेलना** | विभाग की आंखों में धूल झोंक कर प्रवासियों द्वारा चलाई जा रही हैं आइसक्रीम बनाने की फैक्टरियां

# बिना फूड लाइसेंस बेच रहे आइसक्रीम और बादाम शेक

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**




गर्मियों के सीजन में सबसे ज्यादा खपत आइसक्रीम की होती है और घुमारवीं शहर सहित पूरे जिले में आइसक्रीम बेचने तथा बनाने का अधिकतर व्यापार प्रवासी दुकानदार करते हैं जो अपने किराए के छोटे कमरों में रहकर वहीं पर इस आइसक्रीम बनाने का कार्य करते हैं और हर सुबह रेहड़ियां लगाकर पूरे शहर में आइसक्रीम, बादाम शेक व अन्य खाद्य पदार्थ बेचने का भी काम करते हैं।

हैरानी इस बात की है कि यह प्रवासी दुकानदार बिना किसी फूड सेफ्टी लाइसेंस के खाद्य पदार्थ बेचने में लगे हुए हैं। घुमारवीं शहर सहित पूरे जिले में इन प्रवासी दुकानदारों में से अधिकतर के पास आइसक्रीम बनाने व बेचने का लाइसेंस ही नहीं है। इसके बावजूद विभाग की आंखों में धूल झोंक कर कुछ जगह पर छोटे-छोटे कमरों में आइसक्रीम बनाने की फैक्टरियां चलाई जा रही हैं। जिनमें बड़ी मात्रा में आइसक्रीम का उत्पादन होता है। यहां पर गुणवत्ता को भी नजर अंदाज किया जा रहा है, इसके साथ ही बिना मानकों को पूरा किये तैयार की जा रही यह आइसक्रीम लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी नुकसानदायक साबित हो सकती है। जबकि खाद्य सुरक्षा विभाग से बिना पंजीकरण और लाइसेंस कारण किसी भी प्रकार का खाद्य पदार्थ है बेचना कानूनी जुर्म है।

बावजूद इसके विभाग की आंखों में धूल झोंक कर यह प्रवासी लोग खुलेआम बिना लाइसेंस आइसक्रीम का कारोबार कर रहे हैं। जबकि नियम अनुसार आइसक्रीम उत्पादन के लिए सामान की गुणवत्ता और साफ सफाई का विशेष का विशेष महत्व है। लेकिन अनाधिकृत रूप से चल रहे आइसक्रीम के इस व्यापार में मानकों को दरकिनार किया जा रहा है, क्योंकि खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से कोई जांच नहीं की जाती है, जिससे इस व्यापार को खुली छूट मिली हुई है। पूरे जिले में फैले इन प्रवासी दुकानदारों द्वारा खुलेआम रेहड़ियां लगाकर दिन-रात आइसक्रीम बादाम शेक सहित अन्य खाद्य पदार्थ बिना किसी पंजीकरण व लाइसेंस के बेची जा रहे हैं।

ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि संबंधित विभाग आखिर क्यों बेखबर है। हैरानी इस बात को लेकर भी है विभाग द्वारा समय समय पर लाइसेंस बनवाने के लिए इन लोगों को शिविर लगाकर जानकारी प्रदान की जाती है, लेकिन यह सभी प्रवासी दुकानदार किसी भी पंजीकरण या फूड सेफ्टी लाइसेंस से खुद को अनजान बताते हैं। (अनंत ज्ञान)

> विभाग समय-समय पर शिविर लगाकर सभी लोगों को लाइसेंस से बनवाने के लिए जागरूक करता है। साथ ही सभी जगह रूटीन चेकिंग भी की जाती है।। लेकिन फिर भी अगर कोई बिना लाइसेंस से खाद्य पदार्थ है बेच रहा है तो उसके ऊपर विभाग में जल्द ही कार्रवाई करेगा। फूड सेफ्टी लाइसेंस के बिना खाद्य पदार्थ है बेचने पर 2 से 5 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।
> **-महेश कश्यप, आयुक्त, खाद्य सुरक्षा विभाग, बिलासपुर**

## न्यूज ब्रीफ

### महुंनाग मंदिर में 2 किलो चांदी चोरी



**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत तरेंबली के गांव मझेड के महुंनाग मंदिर में 2 किलो चांदी चोरी होने का मामला सामने आया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने साक्ष्य जुटाने में लगी हैं। मंदिर के मुख्य गेट का ताला तोड़ महुनाग देव मोहरों पर हाथ साफ किया है तथा अन्य सामान वहां बिखरा पड़ा है। पुजारी बालक राम ने बताया कि देव महुनाग के रथ से चांदी के मोहरे लगभग दो किलो से अधिक के बजन के थे। पुलिस चौकी बस्सी प्रभारी देशराज ने बताया कि पुलिस ने मंदिर का दौरा किया है और लोगों के बयान भी लिए हैं। (अनंत ज्ञान)

### हर्ष महाजन दलबदलुओं के सरगना : कौशल



**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा है कि राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन दलबदलुओं के सरगना हैं। वे कांग्रेस सरकार को गिरकर भाजपा के नेताओं को बीजेपी की सरकार बनाने का झांसा देकर टिकट मैनेज कर चुके है, लेकिन भाजपा के लिए दुर्भाग्य रहा है कि हर्ष महाजन अपने षड्यंत्र में पूरी तरह असफल साबित हुए। उसके बाद फ्रस्ट्रेशन में अब प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाने की धमकियां देने पर उतर आए हैं। कौशल ने कहा कि राज्यसभा सदस्य बनने के लिए जयराम ठाकुर तथा जेपी नड्डा के साथ मिलकर सरकार को गिराने का जो खेल खेला, छह उपचुनावों में प्रदेश की जनता ने उसका उनको मुंह तोड़ जबाब दिया है। कौशल ने कहा कि हर्ष सत्ता के सौदागर हैं, परंतु उन्हें यह एहसास होना चाहिए कि सरकारों को तोड़ने और गिराने का दौर अब समाप्त हो चुका है। प्रेम कौशल ने मुख्यमंत्री को अनुभवहीन कहने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर वह अनुभवहीन होते तो भाजपा अपने मंसूबों में कब की सफल हो चुकी होती। कांग्रेस पार्टी ने एक मां की तरह हर्ष महाजन का राजनीतिक पोषण किया। परंतु वह मां रूपी कांग्रेस पार्टी की पीठ में भी छुरा घोंपकर खुद को महारथी प्रदर्शित करने का प्रयास कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### गोलीकांड : शूटर को छह दिन का रिमांड

**शुभम राही, बिलासपुर।** बिलासपुर शहर में हुए गोलीकांड मामले में शूटर सनी गिल को 6 दिन का पुलिस रिमांड फिर से मिल गया है। मंगलवार को बिलासपुर पुलिस द्वारा आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है, जिसके चलते दूसरा आरोपी गौरव नाडा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत की सजा सुनाई है। वहीं, गोलीकांड के मास्टरमाइंड पुरंजन की पुलिस तलाश कर रही है। पुरंजन ने अग्रिम जमानत के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। मामले के मास्टरमाइंड पुरंजन ठाकुर को आज भी हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली। आज भी कोर्ट में पेश न होने के कारण सुनवाई नहीं हुई। कोर्ट ने सुनवाई के लिए कल का समय दिया है। (अनंत ज्ञान)

### सरकार की स्टार्टअप योजना का क्या हुआ : राकेश



**अनंत ज्ञान, देहरा/धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता, देहरा विधानसभा चुनाव क्षेत्र के संयोजक तथा सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि सुक्खू सरकार की स्टार्टअप योजना का क्या हुआ? इस योजना का लाभ कब से प्रदेश के युवाओं को मिलना शुरू होगा। चुनाव के समय कांग्रेस ने गारंटी दी थी कि सरकार बनने पर हर विधानसभा क्षेत्र के युवाओं के लिए 10 करोड़ के हिसाब से 680 करोड़ रुपए के स्टार्टअप फंड का प्रबंध करेगी, जिससे युवा अपने लिए रोजगार के साधन जुटाए और अन्य लोगों को रोजगार भी देंगे। कांग्रेस के कई नेताओं ने इसके लिए चुनाव से पूर्व ही युवाओं से फॉर्म भी भरवा लिए थे। चुनाव के एक साल तक सरकार इस फंड के नाम पर खामोश रही। गत नवंबर माह में सरकार ने इस योजना के प्रथम चरण की शुरुआत विधिवत घोषणा की। अखबारों में बड़े-बड़े इश्तेहार छपे, सड़कों पर बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगे। सरकार ने इस योजना के तहत उत्पादन इकाई लगाने के बजाय, इलेक्ट्रिक व्हीकल की खरीद में सब्सिडी देने की बात की। हजारों की संख्या में प्रदेश के युवाओं ने आवेदन भी किया, लेकिन योजना की घोषणा हुए आठ महीनें का समय बीत गया, अभी तक एक भी युवा को इस योजना का लाभ नहीं मिला। एक भी टैक्सी इस योजना के तहत अभी तक खरीदी नहीं जा सकी। (अनंत ज्ञान)

### तिरुमाला बालाजी मंदिर में मिला सोलन का युवक



**आर मोहन चौहान, सोलन।** सोलन से गायब जिला शिमला गांव पनेवट डाकघर पन्दोआ तहसील सुन्नी के युवक को पुलिस ने आंध्र प्रदेश तिरुमाला बालाजी मंदिर से ढूंढ निकाला। देवेंद्र कुमार गांव पनेवट डाकघर पन्दोआ तह. सुन्नी जिला शिमला हिमाचल प्रदेश के पुलिस थाना सदर में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि इसका छोटा बेटा पुष्प कुमार लगभग एक वर्ष से बजाज फाइनेंस शाखा सोलन में कार्यरत है। 16 जून को इसके बेटे ने करीब 10.30 बजे अपनी पत्नी से अंतिम बार मोबाइल पर बातचीत की है और उसके बाद उसका मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा है। इन्होंने इसकी तलाश भी की तथा जिस किराये के कमरा में वह रहता था वहां पर भी इन्होंने पूछताछ की परन्तु कोई भी पता न चला। जिस पर पुलिस थाना सदर सोलन में दिनांक 18 जून 2024 को पुष्प कुमार की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई। जांच के दौरान गुमशुदा व्यक्ति की तलाश हेतु जिला के समस्त थाना, चौकी, हिमाचल के समस्त जिलों व पड़ोसी राज्यों को बेतार सन्देश/ ई-मेल द्वारा सूचित किया गया। जांच के दौरान गुमशुदा पुष्प कुमार को तिरुपति बालाजी मंदिर तिरुमाला आंध्र प्रदेश से पुलिस थाना सदर सोलन की टीम द्वारा सही सलामत बरामद किया। (अनंत ज्ञान)

### घोटालों की होगी जांचः अनिरुद्ध सिंह

**अनिल पवांर, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लागू करने के राज्यसभा सदस्य हर्ष महाजन के बयान पर पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने पलटवार किया है और हर्ष महाजन पर विधायकों को खरीद कर राज्यसभा सदस्य बनने के आरोप लगाए हैं। साथ ही हर्ष महाजन के समय में कॉपरेटिव बैंक में हुए घोटाले की प्राथमिकता पर जांच करने की बात कही है। अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि हर्ष महाजन राष्ट्रपति शासन लगाने की बात कर रहे, लेकिन राष्ट्रपति शासन ऐसे ही नहीं लग जाता है। इसके लिए न्यायालय के दरवाजे है। (अनंत ज्ञान)

## आपातकाल की 50वीं बरसी पर भाजपा ने प्रदेशभर में मनाया 'काला दिवस'

# कांग्रेस ने 90 बार धारा 356 का प्रयोग किया : जयराम

- कहा-सीएम सुक्खू के हाथ की कठपुतली बने विधानसभा अध्यक्ष
- प्रदेश में सुक्खू सरकार केवल कुर्सी बचाने में जुटी हुई है




शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

आपातकाल की 50वीं बरसी पर भाजपा ने प्रदेश भर में जहां कांग्रेस के खिलाफ विरोध–प्रदर्शन किया, वहीं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में 50 वर्ष पहले घटी एक घटना को याद किया जा रहा है।

देश की युवा पीढ़ी जान सके की भारत के लोकतंत्र में इस तरह की घटना घटी, इसको लेकर भाजपा ने प्रदेश भर में कार्यक्रम किए। करीब डेढ़ लाख लोगों को जेल में डाल दिया गया था। आधी रात में तत्कालीन प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति को बाधित किया और आपतकाल की घोषणा की गई। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का चुनाव रद्द हुआ, ऐसे में देश में आपातकाल लगा दिया गया। जनता ने इसका जवाब कांग्रेस को दिया भी और 1977 के चुनाव में देश की सत्ता से कांग्रेस को बाहर कर दिया। इन सबके बावजूद हालिया लोकसभा चुनाव में वहीं कांग्रेस के लोग लोकतंत्र की दुहाई देते रहे। कांग्रेस के लोग संविधान के खतरे में होने की बात कहते रहे, मगर इसके बावजूद नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले दूसरे व्यक्ति बने। संसद में सदस्यों की शपथ ग्रहण में कांग्रेस के लोग संविधान की प्रतियां दिखाते दिखे। कांग्रेस ने 90 बार धारा 356 का प्रयोग किया। हालिया लोकसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश में 68 विधानसभा में से 61 सीटों पर कांग्रेस की हार हुई। प्रदेश में सरकार केवल कुर्सी बचाने में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री राजनीति में परिवार से किसी के आने से इंकार करते रहे। अगले ही दिन मुख्यमंत्री की पत्नी को टिकट दे दिया गया, जबकि खास तौर पर कांग्रेस पार्टी में मुख्यमंत्री की सहमति के बिना टिकट नहीं मिलता।

जयराम ठाकुर ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष सीएम सुक्खू के हाथों की कठपुतली बनकर रह गए हैं। कांग्रेस के बागी नेता और पूर्व निर्दलीय विधायकों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष के दिए गए बयान पर जयराम ठाकुर ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस तरह की भाषा विधानसभा अध्यक्ष को शोभा नहीं देती। (अनंत ज्ञान)

### आपातकाल भारत के इतिहास का सबसे काला दिन : बिंदल

**एसपी जैरथ, नाहन।** 25 जून, 1975 में कांग्रेस सरकार ने अपनी राजगद्दी बचाने के लिए देश में आपातकाल लगाया था। हिमाचल के कई नेताओं को भी आपातकाल का विरोध के चलते जेल जाना पड़ा था, जिनमे भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष व नाहन से पूर्व विधायक रहे डॉ.राजीव बिंदल भी शामिल थे।

डॉ.राजीव बिंदल ने कहा कि आपातकाल भारत के इतिहास का सबसे काला दिन था क्योंकि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सिर्फ अपनी राजगद्दी को बचाने के लिए देश में आपातकाल लागू किया। युवाओं को आपातकाल का समय हमेशा याद रखना चाहिए क्योंकि अगर लोकतंत्र जिंदा रहेगा तभी देश आगे बढ़ पाएगा। (अनंत ज्ञान)

## झूठ और फरेब की राजनीति करने वालों को जनता देगी जवाब : आशीष शर्मा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा ने कहा कि हमीरपुर की जनता से मिल रहे भरपूर आशीर्वाद को पाकर वे गदगद हैं और यही झूठ और फरेब की राजनीति करने वालों को हमीरपुर की जनता का जवाब है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपने जिला के तीन विधायकों समेत 9 विधायकों को नहीं चला सके और सत्ता के नशे में चूर रहे।

अब वह जनता से झूठ बोलकर हम पर झूठे केस करवा कर लोगों को बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जनता सब कुछ जानती है और इसका जवाब भाजपा के पक्ष में मतदान कर देगी। उन्होंने कहा कि हालात यह है कि कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को चुनाव प्रचार के लिए कार्यकर्ता तक नहीं मिल रहे हैं। सहारनपुर, जम्मू व हरियाणा से लोग बुलाकर प्रचार किया जा रहा है।

युवाओं को एक लाख नौकरियां देने का वायदा कर सत्ता में आई कांग्रेस सरकार अब बेरोजगारी के मुद्दे पर कुछ नहीं कहती है। (अनंत ज्ञान)



जनसभा के दौरान भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा लोगों के बीच बैठे हुए।

### कांग्रेस प्रत्याशी दुष्प्रचार करने में माहिर

आशीष शर्मा ने कहा कि इस सरकार में कभी भी युवाओं, बेरोजगारों की आवाज को नहीं उठाया जाता। इन लोगों ने रोजगार तो क्या देना है, लेकिन हमारी फर्म में काम करने वाले 300 से अधिक लोगों के परिवारों के चूल्हे भी उन्होंने बंद करवा दिए हैं। कांग्रेस प्रत्याशी दुष्प्रचार करने में माहिर हैं और तरह-तरह के आरोप लगाते रहते हैं। वह सरकार की उपलब्धियां पर चुनाव लड़ने की बजाए महज आशीष शर्मा के ऊपर झूठे आरोप लगाकर चुनाव लड़ रहे हैं।

मंगलवार को ग्राम केंद्र डिडवीं-टिक्कर और ताल में नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया। उनके साथ भोरंज विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, भाजपा मंडल महामंत्री सुरेश सोनी, सेक्टर प्रभारी राजकुमारी, जिला परिषद सदस्य मनु बाला सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा–निर्दलीय विधायक ने जनता की उम्मीदों को बेच डाला

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर विधानसभा की जनता ने जिन उम्मीदों को लेकर निर्दलीय विधायक को जिताया था, जनता की उन्हीं उम्मीदों को उसने बेच डाला। अब केवल झूठ बोलकर अपनी राजनीतिक महत्वकांक्षाओं को पूरा करने की कोशिश कर रहे है। ये बात कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने क्षेत्र के बालू, अमनेड़, राहजोल, बढार, कपोटी, ककोण, बुमाणा, जलग्रां, चौकी, कनकरी, कद्रियाणा, डिडवीं, टिक्कर एवं समराला में आयोजित नुक्कड़ जनसभाओं के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि निर्दलीय रहे विधायक की महत्वकांक्षाओं को स्थानीय जनता अब भली–भांति जान चुकी है। जो अपने जिला के मुख्यमंत्री के खिलाफ चल कर झूठ पर झूठ बोलता रहा, उस व्यक्ति को स्थानीय जनता भी सहन नहीं कर पाएगी।

उन्होंने कहा कि जिन लोगों का दामन थामकर वे चले है, वे इस जिले से नहीं हैं और अपने मुख्यमंत्रित्व काल में हमीरपुर की तरफ मुड़कर एक दिन भी नहीं देखा। उन्हें हमीरपुर से कोई लगाव नहीं है। उन्होंने ही पूर्व मुख्यमंत्री के समय हमीरपुर बस अड्डे की रखी गई आधारशिला के बाद एक ईंच कार्य नहीं करवाया।

हमीरपुर जिला से मुख्यमंत्री बनते ही सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस कार्य के लिए 60 करोड़ के बजट का प्रावधान करवाकर कार्य को तेज गति से चलाया है। जनता के वोटों को बेचने वाले अब जनता के बीच इस बात को कैसे नकार सकते है। उन्होंने कहा कि वे स्थानीय जनता से वायदा करते है कि हमीरपुर के विकास को हर संभव आगे बढ़ाया जाएगा। यहां धनबल से नहीं अपितु जनबल से हमीरपुर के विकास को आगे बढ़ाया जाएगा।

भाजपा कह रही है कि इस उपचुनाव के लिए कांग्रेस दोषी है, भाजपाई बताएं कि क्या कांग्रेस ने अपने विधायकों को बेचा या फिर कांग्रेस ने निर्दलीय विधायकों को अपने पद से त्यागपत्र देने को कहा। (अनंत ज्ञान)



जनसभा को संबोधित करते कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा।

## वन अधिकार अधिनियम का क्रियान्वयन होगा सुनिश्चित : नेगी



लाहौल–स्पीति के केलांग में वन अधिकार अधिनियम को लेकर आयोजित जागरूकता कार्यशाला के दौरान मंत्री जगत सिंह नेगी व अन्य अधिकारी।

**कमलेश वर्मा, केलांग**

जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि देश सरकार वन अधिकार अधिनियम 2006 का जनजातीय जिलों में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित बनाएगी, ताकि पात्र लोगों एवं उपेक्षित वर्गों को लाभ मिल सके। यह बात उन्होंने मंगलवार को लाहौल–स्पीति के केलांग में एक दिवसीय वन अधिकार अधिनियम को लेकर आयोजित जागरूकता कार्यशाला के दौरान कही।

कार्यशाला में लाहौल–स्पीति की विधायक अनुराधा राणा विशेष तौर पर मौजूद रही। नेगी ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित बनाने के उपरांत प्रदेश स्तर पर भी इसे लागू किया जाएगा। इस अधिनियम के तहत व्यक्तिगत व सामूहिक मामले को अधिकारियों ने लंबे समय से कानून की बारीकियों व शंकाओं के चलते स्वीकृति प्रदान नहीं की जा रही थी, अब स्वीकृति प्रदान की जाएगी। नेगी ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम एक ऐतिहासिक कानून है। इस अधिनियम को लागू कर पात्र लोगों को भूमि उपलब्ध करवाई जाएगी, ताकि इस अधिनियम का भरपूर लाभ मिल सके।

कार्यशाला में जगत सिंह नेगी ने उपायुक्त लाहौल–स्पीति को यह भी निर्देश जारी किए की स्पीति उप मंडल के पात्र लोगों की फैसले काजा में ही किए जाए। (अनंत ज्ञान)

### पांवटा साहिब में व्यक्ति ने की आत्महत्या

**एसपी जैरथ, पांवटा साहिब।** जिला सिरमौर के उपमंडल पांवटा साहिब के काहानूवाला में 32 वर्षीय व्यक्ति द्वारा घर में फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है।

मृतक की पहचान जसवीर सिंह (32) पुत्र रणजीत सिंह निवासी काहानूवाला, पोस्ट ऑफिस शिवपुर, तहसील पांवटा साहिब के रूप में हुई है। व्यक्ति ने दो शादियां की हुई थी।

पहली पत्नी के साथ उसका विवाद चला हुआ था जिसके बाद उसने दूसरा विवाह कर लिया था, जिसके कारण पहली पत्नी ने उस पर घरेलू हिंसा का मुकद्दमा दर्ज करवाया था, जिस कारण वह काफी समय से तनाव में था। (अनंत ज्ञान)

## होशियार सिंह की 'होशियारी' को जनता माफ नहीं करेगी : कमलेश

**शुभम शर्मा, देहरा**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पत्नी एवं देहरा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर ने गांव दयाल, नैहरनपुखर, सौंत, कडोल आदि में चुनाव प्रचार करके वोट मांगे।

इस दौरान कमलेश ठाकुर के साथ प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र सिह मनकोटिया, दलीप सिंह वर्मा, पूर्व विधायक बाबू योग राज, मधू शर्मा, पूर्व बीडीसी सुनील कुमार, बिक्की, हरदयाल सिंह बेदी आदि माजूद रहे।

नुक्कड़ सभा के दौरान कमलेश ठाकुर ने पूर्व निर्दलीय विधायक होशियार सिंह पर जमकर निशाना साधा। कमलेश ठाकुर ने कहा कि अगर होशियार सिंह ने दोबारा चुनाव ही लड़ना था तो डेढ़ साल में ही अपनी विधायकी क्यों दांव पर लगा दी। होशियार सिंह ने केवल और केवल अपने फायदे के लिए विधायक पद को छोड़ा है। होशियार सिंह की इस होशियारी को जनता माफ नहीं करेगी। (अनंत ज्ञान)




जनसभा के दौरान लोगों से बातचीत करतीं कमलेश ठाकुर।

## भाजपा ने नालागढ़ में जनता के बीच रखा अपना संकल्प पत्र

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

भारतीय जनता पार्टी ने नालागढ़ उपचुनाव के लिए अब तक के इतिहास में पहली बार चुनावी घोषणा पत्र जनता के बीच रखा है।

इस पत्र में क्षेत्र के विकास के साथ साथ कांग्रेस पार्टी द्वारा की गई प्रताड़ना का भी बखान किया गया है। घोषणा पत्र में पार्टी ने क्षेत्र के सभी मुद्दों को छूने का प्रयास किया है और क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा, बेहतर सड़क सुविधा, शिक्षा संस्थान, औद्योगिक विकास को गति देने के साथ साथ क्षेत्र में बढ़ रहे अपराध व नशा माफिया पर लगाम लगाने का भी वादा किया है। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी ने अपना संकल्प पत्र विधिवत रूप से जनता के बीच प्रस्तुत किया और पन्ना प्रमुखों के माध्यम से लोगों के घर घर तक पहुंचाया।



सिविल अस्पताल नालागढ़ को दोबारा 200 बिस्तरों का अस्पताल स्तरोन्नत करने और उसमें सभी विभागों के चिकित्सकों की नियुक्ति करना है। पंजैहरा के डोली में दोबारा पीएचसी खोलने, नालागढ़ में पैरा मेडिकल स्टाफ की कमी दूर करना, चंगर क्षेत्र में 50 बैड का अस्पताल खोलना शामिल है। स्कूलों को अपग्रेड करना, बरूणा में डिग्री कालेज दोबारा खुलवाया जाएगा। स्वारघाट में बंद कालेज दोबारा खुलवाया जाएगा। वहीं क्षेत्र की बदहाल सड़कों को युद्ध स्तर पर चौड़ा करवाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**फायर सीजन** आग से 15 मवेशियों की मौत, जबकि 30 की जान फायर ब्रिगेड ने बचाई

# 1,042 फायर कॉल्स आई, करोड़ों की संपत्ति व 4 जिंदगियां बचाई

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

जंगलों की आग के मामले पूरे प्रदेश में कांगड़ा अव्वल है, तो वहीं इनमें से धर्मशाला वन मंडल में आग के सबसे ज्यादा मामले सामने आना विभाग के लिए चिंता की बात है। जाहिर है कि वन विभाग जागरूकता फैलाने तथा ठोस कारवाई में नाकाम रहा तथा असामाजिक तत्व दावानल के अहम कारण रहे।

इसके कारण हर दिन जंगल आग से धधकते रहे। फायर स्टेशन धर्मशाला के तहत फायर सीजन 2024 के दौरान अब तक 1,042 कॉल्स फायर कॉल्स आई हैं। इन सभी मामलों में 50 घरों में आग लगने के थे। इन मामलों में लोगों के आशियाने पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से आग की चपेट में आ गए। जंगल में आग लगने के 968 मामले इस फायर सीजन में सामने आए तथा इस आग ने चीड़ के हजारों पौधों को जला डाला।



वहीं मवेशी या किसी व्यक्ति को बचाने को लेकर रेस्क्यू के लिए 15 मामले सामने आए जिनमें 4 लोगों की जिंदगियों को बचाया गया। वाहनों में आग लगने के 8 मामले सामने आए जिसमें लोगों के वाहन पूर्ण या आंशिक रूप से आग की चपेट में आए। बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगने का एक मामला सामने आया है।

कुल घटनाओं में चार लोगों की जिंदगी बचाई गई। आग के कारण 15 मवेशियों की मौत हो गई जबकि 30 की जान फायर ब्रिगेड ने बचाने में सफलता पाई। इन मामलों की पुष्टि करते हुए स्टेशन फायर अफसर कर्म चंद कश्यप ने बताया कि इस साल आग की घटनाओं में काफी बढ़ोतरी हुई है। (अनंत ज्ञान)

### संपत्ति और जान बचाने पर रहती है नजर

स्टेशन फायर अफसर कर्म चंद कश्यप ने बताया कि आग की घटनाओं के बाद लोगों की नजर नुक्सान पर रहती है जबकि फायर कर्मियों की नजर इस बात पर रहती है कि किसी की जान और संपति को कैसे बचाया जा सकता है। जंगलों तथा आग के अन्य मामलों में 2,90,33,700 रुपए का घर, जंगल आदि संपति तथा वाहनों का आदि का नुक्सान फायर सीजन में हुआ है जबकि 2,27,30,80,500 रुपए की संपति को आग की चपेट में आने से बचाया गया है।

## कालका–शिमला रेलवे ट्रैक हुआ बहाल, शिमला पहुंची सभी ट्रेनें

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

शिमला–कालका रेलवे ट्रैक तीसरे दिन ट्रेनों की आवाजाही के लिए बहाल हो गया है। मंगलवार को ट्रैक पर सभी ट्रेनें पहले की तरह अपने तय समय पर कालका से शिमला रेलवे स्टेशन तक संचालित हो गई। इससे विश्व धरोहर ट्रैक के खूबसूरत नजारों का देश–विदेश के हजारों सैलानी लुत्फ उठाएंगे।

समरहिल के समीप पुल नंबर 800 की मरम्मत के चलते पिछले तीन दिनों से कालका से शिमला रेलवे ट्रैक पर सभी ट्रेनें तारादेवी, सोलन और बड़ोग तक ही चलाई जा रही थी। रेलवे विभाग के मुताबिक बरसात के मौसम को देखते हुए यहां पुल के नीचे पक्के आरसीसी के पिलर बनाए गए हैं।

तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा ट्रेनों को चलाने की अनुमति के बाद सबसे पहले ट्रॉली इसके बाद इंजन को इस पुल से गुजारा गया। इनका सफल ट्रायल होने के बाद हिमालयन क्वीन ट्रेन इस पुल से गुजरकर शिमला रेलवे स्टेशन तक पहुंची। शिमला–कालका हेरिटेज ट्रैक पर सात ट्रेनें चलती हैं। वर्तमान में गर्मियों का सीजन होने के कारण ये सभी ट्रेनें बुक चल रही हैं। (अनंत ज्ञान)



# 50 साल बाद भी पौंग के हजारों विस्थापितों को न्याय की दरकार

## 1974 में बने पौंग बांध ने उजाड़े थे 20 हजार परिवार

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**




विस्थापन का दर्द वही समझ सकता है जिसने इसे झेला हो। इस शब्द के मायनों में खुद की जड़ों से अलग हो जाने का सबसे बड़ा दर्द है तो वहीं अगर सिस्टम भी कुछ न कर पाए तो दर्द का सिलसिला थमने को नहीं आता। ऐसा ही दर्द आधी सदी गुजर जाने के बाद भी हजारों पौंग विस्थापितों का भी है। 1961 बनना शुरू हुए देश के बड़े बांधों में शुमार पौंग बांध से 339 गांवों के लोगों को बेघर होना पड़ा। वहीं आज भी हजारों परिवारों को आधी सदी से ज्यादा अर्सा गुजर जाने के बाद भी न्याय नहीं मिल पाया है।

पौंग बांध के साथ हजारों विस्थापितों को दर्द की विरासत मिले भी 50 साल से उपर का समय हो गया। विस्थापितों की करीब 6000 की आबादी कांगड़ा जिला के करीब हर विधानसभा क्षेत्र में बसी हुई है तथा न्याय की धूंधली आस लिए बैठे हैं। पौंग विस्थापितों के सियासी मायने ये कि अब तक प्रदेश में कई सरकारें आईं और चली गईं, लेकिन किसी भी सरकार ने पौंग विस्थापितों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया।

कई आंदोलन तक कर चुके विस्थापितों की हिम्मत अब कुछ न कर पाई, कोई भी सरकार के आगे मंद पड़ने लगी है, हालांकि संघर्ष अभी भी जारी है। इतना वक्त गुजरने के बावजूद विस्थापितों का पुनर्वास नहीं हो पाया है। जो लोग पुनर्वास के इंतजार में थे और बांध एरिया के आसपास रहकर जैसे-तैसे अपना गुजर बसर कर रहे थे। इसके बाद पौंग बांध एरिया के इको सेंसिटिव जोन बनाए जाने से आजीविका तक का संकट खड़ा हो गया। (अनंत ज्ञान)

### 47 साल के मुआवजे पर भरोसा कितना

1973 में बांध के गेट अचानक बंद करने की वजह से लोग अपनी जान बचाकर परिवार सहित पलायन करने को मजबूर हुए। इससे उनका जरूरी सामान भी वहीं का वहीं धरा रह गया। कई विस्थापित परिवार लगभग पांच दशक के बाद भी पुनर्वास और मुआवजे के इंतजार में सरकार से आस लगाए बैठे हैं। हाई पावर कमेटी की बैठक में श्रीगंगानगर जिले में विस्थापितों को भूमि देने या 47 वर्ष का मुआवजा देने की चर्चा पर भी कोई बात नहीं बन पाई। समिति के अनुसार समझौते के विपरीत द्वितीय चरण में जो भूमि आबंटित की जा रही है। वहां तक पहुंचना भी अत्यंत मुश्किल है। वहीं बुनियादी सुविधाएं जैसे सड़कों, स्कूल, अस्पताल, पेयजल की कोई सुविधा तक नहीं है।

### प्रदेश व केंद्र सरकार को कोई सरोकार नहीं

**पौंग** बांध विस्थापितों का कहना है कि प्रदेश सरकार कोई भी हो। उनके मुद्दे को कभी भी गंभीरता से नहीं लिया गया। जबकि राजस्थान के नेता, मंत्री, प्रशासन तक अवैध रूप से पौंग बांध विस्थापितों की भूमि पर कब्जा जमाकर बैठे बाहुवलियों की मदद करता है। जबकि प्रदेश सरकार, केंद्र सरकार को विस्थापितों के मुद्दे से कोई सरोकार ही नहीं है।

### यूं हुआ विस्थापन, अब बाहुबलियों से सामना

**करीब** 20 हजार परिवारों को पौंग बांध निर्माण के कारण अपनी बेहद उपजाऊ भूमि को खोकर बेघर होना पड़ा। अधिकृत हुए लगभग 16352 परिवारों में से 15124 परिवारों को हिमाचल तथा राजस्थान सरकारों के समझौते के अनुसार राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले की आरक्षित 2.20 लाख एकड़ रेतीली जमीन में बसाने पर सहमति बनी। 4370 भूमिहीन, लेबर से संबंधित लोगों को भी राजस्थान में बसाने व कृषि के लिए कुछ भूमि देने की सहमति बनी। सन 1980 तक 9196 परिवारों को राजस्थान ने भूमि आवंटित कर दी, जबकि 6658 अलॉटमेंट को किसी कारणवश रद्द कर दिया गया। इनमें से 1188 मुरब्बे राज रकबे थे, जिनमें आज भी वहां का प्रभावशाली लोग कब्जा जमाए हुए हैं, जबकि 2000 से ऊपर राजस्थान के अन्य कब्जा धारकों ने हिमाचलियों की भूमि पर हथिया रखा है। ऐसे में बाहुबलियों के डर का आलम ये कि कई परिवार मुरब्बों को जैसे तैसे बेचने को मजबूर हुए हैं।

## चड़ी क्षेत्र में कल बिजली बंद रहेगी

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

विद्युत उपमंडल चड़ी के तहत बगरेड, झिकड़, अप्पर तथा लोअर लांझनी, घरोह, गढ़, गज कालोनी, शिवनगर तथा ढुगला में 27 जून को विद्युत लाइनों के रख-रखाव के कार्य के चलते विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता आशीष कुमार ने दी

## दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी कल से

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 26-27 जून, 2024 को धर्मशाला में किया जा रहा है। इस संगोष्ठी का उद्देश्य व्यापार और प्रौद्योगिकी के बीच के संबंध को सतत विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति के संदर्भ में परिभाषित करना है।

## कूहल का कार्य शुरू न होने पर जोगीपुर के बाशिंदों ने एसडीएम से की शिकायत

**आशीष दमीर, कांगड़ा**


एसडीएम इशांत जसवाल को शिकायत पत्र देते जोगीपुर पंचायत प्रधान रिंपल व अन्य ग्रामीण।

कांगड़ा की जोगीपुर पंचायत के लोग हताश और निराश होकर एसडीएम कांगड़ा के पास पहुंचे।

दरअसल मटौर से आ रही कूहल ही जोगीपुर पंचायत के लोगों के खेतों की सिंचाई का इकलोता माध्यम है, लेकिन काफी सालों से कूड़ा-कचरा इस कुहल में फंसने के कारण यहां से पानी आगे इस पंचायत में नहीं जा पाता, जबकि पिछले ढाई वर्ष पहले भी इस पुनः बनाने का टेंडर पारित हुआ था और ठेकेदार ने काम ही नहीं किया। इस बार भी टेंडर पारित हो चुका है और ठेकेदार काम शुरू ही नहीं कर रहा

इस कूहल का कार्य होने से लगभग 2800 लोग प्रभावित हो रहे हैं। अगर यहां इस कूहल का निर्माण हो जाता है तो ऐसे सैकड़ों लोगों को सिंचाई के किए पानी की किल्लत से जूझना नहीं पड़ेगा।

पंचायत प्रधान रिंपल कुमार जब लिखित में एसडीएम के समक्ष इस शिकायत के लिए पहुंचे तो एसडीएम कांगड़ा ईशांत जयसवाल ने विभाग से बात करके आश्वासन दिया कि 15 दिन के भीतर ही इस कूहल का कार्य शुरू कर दिया जाएगा और अगर ठेकेदार काम शुरू नहीं करता है, तो निरंतर विभाग से फॉलोअप लिया जाएगा कि काम शुरू क्यों नहीं हुआ। (अनंत ज्ञान)

## मोटे अनाज से बने बेकरी उत्पादों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**


स्वयं सहायता समूह की महिलाएं चौधरी सरवन कुमार विश्वविद्यालय के एक्सपोजर के दौरान विजिट सामूहिक चित्र में।

नाबार्ड ( राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक) के सौजन्य से सूक्ष्म उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 15 दिवसीय बेकरी प्रशिक्षण ले रही स्वयं सहायता समूह की करीब 35 महिलाओं ने मंगलवार को चौधरी सरवन कुमार विश्वविद्यालय एक्सपोजर विजिट किया।

ट्रेनिंग का आयोजन नैशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर यूथ एंड रूरल डेवलपमेंट संस्था द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान महिलाओं को डॉ. संजीव कुमार सह प्रशिक्षक (मौन पालन) ने कृषि संबंधी तकनीकों और योजनाओं के बारे में बताया। महिलाओं ने म्यूजियम का भी भ्रमण किया। वहीं कॉलेज ऑफ कम्यूनिटी साइंस का भी भ्रमण किया। इस दौरान उन्हें डॉक्टर नीलक्षी ने बेकरी उत्पादो खासकर मोटे अनाज के उत्पादों को बनाने की विधि बताई। इस दौरान नैशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर यूथ एंड रूरल डेवलपमेंट के अध्यक्ष राकेश कुमार, शिक्षाविद व साहित्यकार भूपेंद्र जम्वाल भूपी, इरा संस्था से सतीश कुमार भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## देहरा उपचुनाव में दिखी परिवारवाद की झलक : शांता कुमार

**गौरव कौंडल, पालमपुर**



25 जून 1975 में लगी आपातकाल के बारे में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री शांत कुमार ने जिला भाजपा कार्यालय पालमपुर में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि आज के दिन विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में 50 बरस पहले घटी एक घटना को याद किया जा रहा है, ताकि देश की युवा पीढ़ी जान सके कि भारत के लोकतंत्र में इस तरह की घटना घटी थी। एक नेता की कुर्सी जाने पर पूरे देश को कैदी बना दिया गया था तकरीबन डेढ़ लाख लोगों को जेल की सलाखों के पीछे डाल दिया गया। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का चुनाव रद्द हुआ ऐसे में देश में आपातकाल लगा दिया गया। उन्होंने कहा कि इस बार के चुनाव के परिणाम से वह बहुत खुश हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाद नरेंद्र मोदी एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं जो तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह को पूरे प्रदेश व देहरा विधानसभा में कोई कार्यकर्ता चुनाव लड़ने को नहीं मिला और अपनी पत्नी को चुनाव में उतारना पड़ा। इसमें परिवारवाद की झलक दिखाई दे रही है।

उन्होंने कहा कि 1989 में वह अगर चाहते तो अपनी पत्नी को सांसद या विधायक बना सकते थे लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। शांता ने कहा कि लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने सही जनादेश दिया है। (अनंत ज्ञान)

## इंदौरा, नूरपुर, फतेहपुर में 200 पदों के लिए होंगे साक्षात्कार

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

टेकनोसिम ट्रेनिंग सर्विसेज, गुड़गांव हरियाणा द्वारा मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के लिए स्टूडेंट ट्रेनी (ट्रेनी ऑपरेटर) के कुल 200 पदों के लिए एक जुलाई को उपरोजगार कार्यालय नुरपुर, दो जुलाई को उपरोजगार कार्यालय इंदौरा, 03 जुलाई को उपरोजगार कार्यालय फतेहपुर में साक्षात्कार रखे गए हैं। यह जानकारी देते क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी आकाश राणा ने बताया कि अभ्यर्थी अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, रिहायशी प्रमाण पत्र, मूल प्रमाण पत्र एवं अपना बायोडाटा की कॉपी व अनुभव प्रमाण पत्र (यदि हो) साथ लेकर आएं। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 50 प्रतिशत अंकों से 10वीं पास और आयु सीमा 18 वर्ष से 20 वर्ष रखी गई है। कंपनी द्वारा रूपए 16500 रुपए प्रतिमाह भत्ते सहित वेतन दिया जाएगा व अन्य लाभों में स्टडी मेटीरियल, बर्दी, हाजिरी बोनस, स्वास्थ्य बीमा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभागीय साइट पर साक्षात्कार का ब्योरा अपलोड कर दिया गया है। सभी इच्छुक आवेदकों से अनुरोध है कि वह साक्षात्कार में भाग लेने से पहले विभागीय साइट पर ई-मेल या मोबाइल नंबर से लॉगिन करने के बाद अपने डैशबोर्ड पर दिख रही टेकनोसिम ट्रेनिंग सर्विसेज, गुड़गांव हरियाणा (मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड) की रिक्तियों के लिए आवेदन करना होग। विभागीय साईट पर ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात ही साक्षात्कार में भाग लिया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए मो0 7465964718 पर संपर्क कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# अनंत ज्ञान फैशन

## करिश्मा पर जचता है हर आउटफिट



**मंगलवार** यानी 25 जून को करिश्मा कपूर 50 साल की हो गई हैं। अपनी एक्टिंग और फिल्मी गीतों में डांस से सबके दिलों में जगह बनाने वाली करिश्मा कपूर की जिस तरह उम्र बढ़ रही है उसी तरह जवानी और खूबसूरती ने भी जोर पकड़ा हुआ है। गाउन, साड़ी, वन पीस यहां तक की अगर ये बाला नॉर्मल जींस टॉप भी पहन ले तो कई फैंस अपने दिलों की धड़कनों को संभाल नहीं पाते हैं। हर आउटफिट करिश्मा पर ऐसा जचता है जैसे उन्हीं के लिए बना हो। आज की 25-26 साल की एक्ट्रेस के भी उनके आगे पसीने छूट जाएं, ऐसी है इनकी एवरग्रीन खूबसूरती। करिश्मा का कूल लुक बेहद खास है। वाइट कलर का समर जॉगर और उसके साथ सफेद टी शर्ट, सिर पर हैट और आंखों पर काला चश्मा, उफ ये हसीना तो इतनी गॉर्जियस लग रही हैं कि अपनी अदाओं से सबको मार ही डालेगी। वैसे तो राजा हिंदुस्तानी की रानी पर हर कलर फबता है, लेकिन ये लाल रंग का थ्री पीस सेट तो मानो ऐसा लग रहा है जैसे उन्हीं के लिए बना हो। एक्ट्रेस ने अपने शिमरी लहंगे के साथ हार्टनेक वाला ब्लाउज और हेवी एम्ब्रॉयडरी वाला जैकेट पहना था, जिसमें करिश्मा बहुत ही ज्यादा सुंदर दिख रही थीं। उन्होंने जब गोल्डन साड़ी पहनी तो सोने सा निखार दिखा। वह ब्लैक ड्रेस में प्रिंसेस जैसी लगती हैं।

## खूबसूरत दिखने के लिए रीक्रिएट करें कृतिका कामरा के लुक्स





**टीवी** एक्ट्रेस कृतिका कामरा अपनी एक्टिंग की वजह से लोगों के बीच काफी फेमस हैं। वह इंस्टाग्राम पर हमेशा एक्टिव रहती हैं। इनके लुक्स और फैशन स्टाइल कुछ हटकर होते हैं। अगर आपको भी खूबसूरत दिखना है तो कृतिका कामरा के ये लुक्स रीक्रिएट करें। अगर आपको सिंपल और एलिगेंट लुक के लिए साड़ी सर्च करनी है, तो इसके लिए आप इनके साड़ी लुक के ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें उन्होंने पिंक कलर की चंदेरी साड़ी को वियर किया है, जिसमें जरी स्ट्राइप्स वर्क किया हुआ है। गर्मियों में होने वाले किसी भी फंक्शन में इस तरह की साड़ी को आप अच्छी एक्सेसरीज के साथ वियर कर सकती हैं। इसमें आपका लुक अच्छा लगेगा। इसके साथ आपको कॉन्ट्रास्ट में ब्लाउज मिलेगा। इससे आपकी साड़ी और भी अच्छी लगेगी। मार्केट में इस तरह की साड़ी आपको 800 से 1,500 रुपए में मिल जाएगी। सिंपल वर्क वाली येलो शेड में ड्रेस में सिंपल मेकअप लुक रीक्रिएट किया है। हेयरस्टाइल में बाउंसी कर्ल बनाएं हैं। इसमें वो बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। आप भी इस तरह के लुक्स को रीक्रिएट कर सकती हैं। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। साथ ही, इस तरह की ड्रेस आपको मार्केट में 500 रुपए में मिल जाएगी।

## ये सलवार-सूट आपको देंगे सोनाक्षी जैसे परफेक्ट लुक




**कंफर्टेबल** महसूस करने के साथ आप सोनाक्षी सिन्हा जैसे स्टाइलिश लुक्स चाहती हैं तो इसके लिए सलवार-कमीज से बेहतर ऑप्शन शायद ही कोई हो सकता है। इसमें आपको मार्केट में कई डिजाइंस देखने को मिलेंगे, लेकिन आजकल हम सेलिब्रिटीज के लुक्स को री-क्रिएट करना बहुत अधिक पसंद करते हैं। सेलेब्रिटी की बात करें तो आजकल एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा के स्टाइलिश सलवार-सूट लुक्स को काफी ज्यादा पसंद किया जा रहा है। अनारकली स्टाइल सलवार सूट देखने में फैंसी लुक देने के साथ-साथ एवरग्रीन फैशन में रहते हैं। इस स्टाइलिश सूट को डिजाइनर ब्रांड आईटीआरएच ने डिजाइन किया है। इस तरह के फ्लोर लेंथ सूट के साथ में आप हैवी गोटा-पट्टी डिजाइन के दुपट्टे को स्टाइल कर सकती हैं। चौड़े घेरे में इस तरह के सलवार-कमीज आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं। इसमें ज्यादातर आपको नेक पर हैवी डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। इस खूबसूरत सूट को डिजाइनर ब्रांड इहाब ने डिजाइन किया है। इस तरह का सूट आपको मार्केट में 1,500 रुपए में मिल जाएगा। किसी पार्टी में जाने के लिए आप सिंपल सलवार नहीं पहनना चाहती हैं तो इस तरह का शरारा स्टाइल सूट आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। इस खूबसूरत गोल्डन और ब्लैक सूट को डिजाइनर लज्जू ने डिजाइन किया है।

## ऑफिस में रोजाना पहनने के लिए बेस्ट हैं ऑर्गेंजा सलवार-सूट




**बढ़ती** गर्मी के चलते ज्यादा हैवी वर्क कैरी कर पाना बिलकुल भी आसान नहीं है। वहीं, सलवार-सूट हम रोजाना पहनते हैं। रोजाना चाहे ऑफिस जाना हो या किसी छोटे-बड़े फंक्शन के लिए हम फैंसी डिजाइन चुनना पसंद करते हैं। आजकल की बात करें तो ऑर्गेंजा फैब्रिक से बने सूट को पहनना गर्मी में काफी ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। इन सलवार-कमीज को स्टाइलिश लुक देने के आसान टिप्स-गर्मी के मौसम में चिकनकारी डिजाइन को काफी ज्यादा पसंद किया जाता है। वहीं, इसे ज्यादातर पेस्टल कलर के साथ स्टाइल करना पसंद करते हैं। इसके लिए आप ऑर्गेंजा फैब्रिक में पेस्टल कलर का सूट बनवाकर फैंसी और स्टाइलिश लुक पाने के लिए चिकनकारी लेस को स्टाइल कर सकते हैं। इस तरह के लुक के साथ में आप पर्ल डिजाइन के इयररिंग्स को पहनें।

## हैप्पी बर्थडे



परौर निवासी श्रेयांश पुत्र सचिन को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

## दैहण थुरल व कुरल में आज बंद रहेगी बिजली

**राकेश डोगरा, डरोह।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 26 जून को 33 केवी दैहण थुरल लाइन तथा 33/11 केवी सब-स्टेशन कुरल व इसके अंतर्गत आने वाले विभिन्न 11 केवी फीडरों की मानसून सत्र से पहले की जाने वाली मरम्मत के लिए विद्युत उपमंडल डरोह के अंतर्गत आने वाले कई गांवों जैसे डरोह बारी, बस्केहड़, पीटीसी डरोह, अटियालादाई, बोदा, जैंद, खड़ुल,भौड़ा, कलेहड़, केदारा, मरूह, भेड़ू ब्लॉक कार्यालय, धीरा, कुहाना, नौरा, डडं, गगलखोली, भदरोल, पनियाली काहनफट, सुलह, ननाओं, ककडें, हारबरल, रैपुर, सालन, कुरल इत्यादि गांवों में सुबह 9 बजे से लेकर कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल डरोह के ई. सुभाष कुमार ने दी। (अनंत ज्ञान)

# प्रशासन के आदेशों का उल्लंघन, जान जोखिम में डाल बेखौफ बनेर खड्ड में नहा रहे श्रद्धालु

## प्रशासन की ओर से लगाए चेतावनी बोर्ड को कर रहे अनदेखा

**आशीष दमीर, कांगड़ा**





प्रशासन के आदेशों को ठेंगा दिखाकर खड्ड में बेखौफ नहाते श्रद्धालु तथा बनेर खड्ड के पास लगाया गया चेतावनी बोर्ड।

कांगड़ा बाईपास से लेकर कांगड़ा मंदिर रेलवे स्टेशन तक लगने वाली बनेर खड्ड में बाहरी राज्यों से आने वाले श्रद्धालु बेखौफ खड्डों में नहा रहे हैं। मानसून शुरू होने वाला है ऐसे में अब इन खड्डों में पानी का भाव भी तेज हो रहा है, किंतु अपनी जान को जोखिम में डाल कर लोग इन खड्डों में नहा रहे है।

बता दें कि इसी स्थल पर पिछले एक सप्ताह में रहन के एक 18 वर्षीय युवक जो की माता के दर्शनों को अपने दोस्तों के साथ आया था जिसकी इसी खड्ड में नहाते हुए गहरे पानी में डूब जाने से मौत हो गई थी। बाहरी राज्यों से यहां दर्शनों को आने वाले श्रद्धालु बानेर की सुंदरता को देख नहाने के लिए खड्डों में उतर जाते है। हालांकि उक्त स्थलों में प्रशासन ने बकायदा चेतावनी बोर्ड लगवाए गए है। जिसमें साफ साफ लिखा गया है की कर उसमे लिखा गया था कि बनेर खड्ड में न नहाएं खड्ड में किसी भी समय पानी आ सकता है। जो कि श्रद्धालुओं जो इस खड्ड में नहाने उतर जाते है उनकी जान को खतरा हो सकता है। बोर्ड पर बकायदा लिखा गया है की इस खड्ड में नहाने से कई लोग मौत का काल बन चुके है। परंतु लोग परशासन के आदेशों का सरेआम उलंघन कर बनेर खड्ड में नहाते देखे जा सकते है।

वहीं इस संदर्भ में जब एसडीएम कांगड़ा ईशांत जसवाल से बात की गई तो उन्होंने कहा की प्रशासन ने उक्त स्थलों पर बड़े बड़े चेतावनी बोर्ड लगा रखे है। और स्थानीय पुलिस को आदेश दिए गए है की समय समय पर उक्त स्थलों पर गश्त की जाए। उन्होंने कहा की अगर खड्डों में नहाते हुए कोई भी पकड़ा जाएगा तो नियमों के अनुसार उन पर कड़ी कारवाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# मैक्लोडगंज में बढ़ी चहल-पहल पर्यटन कारोबार में भी दिखा उछाल



मैक्लोडगंज में उमड़े विदेशी मेहमान।

**सीमा शर्मा, मैक्लोड़गंज**

विविध देशों तथा प्रांतों के पर्यटकों के संगम स्थल मैक्लोडगंज में मंगलवार को भी चहल-पहल नजर आई। हालांकि वीकेंड पर जुटी भीड़ अब छंट चुकी है। बताते चलें कि इस साल वैश्विक रूप से बढ़ी गर्मी के कारण मैदानी राज्यों के सैलानी पहाड़ों की सैर करने पहुंच रहे हैं।

मैक्लोडगंज, नड्डी, सतोवरी, धर्मकोट तथा भागसू जैसे पर्यटन बिंदुओं में भी पर्यटक कुदरत के सनिध्य का आनंद लेते नजर आए। ग्रीष्मकालीन स्कूलों में अवकाश के कारण इस समय लोग बच्चों को लेकर परिवार सहित मैक्लोडगंज पहुंच रहे हैं। पर्यटन कारोबार में इन दिनो उछाल दिख रहा है तथा पर्यटन स्थलों पर चहल-पहल भी नजर आ रही है। बताते चलें कि मैक्लोडगंज में विदेशों से आने वाले पर्यटकों की संख्या काफी ज्यादा रहती है तथा साल भी विदेशी मेहमानों का यहां आना-जाना लगा रहता है।

निर्वासित तिब्बती सरकार के मुख्यालय के चलते इसे ल्हासा भी कहा जाता है तथा यहां इजरायली समेत विदेशी सैलानियों का ठिकाना ज्यादातर धर्मकोट की वादियों में रहता है। स्थानीय लोगों के अलावा यहां निर्वासित तिब्बतियों की भी काफी आबादी है तथा ये शहर अपनी वैश्विक पर्यटकों की चहल-पहल के कारण किसी औपनिवेशक शहर सा नजर आता है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### ठंडे जल की छबील लगा लोगों की बुझाई प्यास



**सालबिया शर्मा, गरली।** ग्राम पंचायत बणी के अंतर्गत गांव सदवां बाजार में मंगलवार को क्षेत्र भर की महिलाओं, कुसुम, सोमा देवी, सुमन लता, लक्ष्मी, प्रियंका मंजू रानी, केशू, ज्योति, अंजु, कनिका, रंजू, सुमन, मोनू आदि ने ठंडे जल की छबील लगाकर लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाई। छबील मंगलबार सुबह से प्रारंभ कर सांय तक लगाई गई। जिसमें दिनभर सैंकडों लोगों की प्यास बुझाई गई युवाओं का कहना है कि ज्येष्ठ माह की भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल जीव को पानी पिलाना, उसे नया जीवन देने के समान है। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश का भव्य स्वागत



**सालविया शर्मा, गरली।** सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर का नुक्कड़ सभा के दौरान ग्राम पंचायत दयाल नैहरनपुखर में पचायत प्रधान ममता देवी के नेतृत्व में अन्य लोगों ने फूल-मलाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। हालांकि कमलेश ठाकुर करियाडा क्षेत्र में पहली बार पहुंची थीं। (अनंत ज्ञान)

# 10 घंटे बंद रहा डाडासीबा-ढलियारा मार्ग

## तूफान व बारिश ने ढाया कहर, पेड़ व बिजली की तारें सड़क पर गिरी, फल- सब्जियां भी खराब

**पिंकी, डाडासीबा**

डाडासीबा तहसील के तहत सोमवार देर रात आंधी व तूफान के साथ मूसलाधार बारिश ने कई पेड़ गिर गए। डाडा सीबा- ढलियारा मार्ग बाया जंबल बससी रोड पर गांव जंबल में पीपल के पेड़ की बड़ी टहनी गिर जाने से आवाजाही बाधित हो गई।

इस दौरान मार्ग करीब 10 घंटे से बंद रहा आंधी और तूफान ने बगीचे में लगे आम लीची सहित अन्य फलों की क्षति पहुंचाई है। वहीं खेतों में लगी सब्जियों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। मार्ग बंद होने से डाडा सीबा से सभी बसें वाया चनौर होकर गई यही नहीं भारी भरकम पेड़ की टहनी गिरने से उसके आस-पास की विद्युत की तारें और 2 खंभे सहित एलटी लाइन 1 किलोमीटर तक टूटकर सड़क पर गिर गई।





गांव जंबल में गिरी बिजली की तारें व बंद पड़ी सड़क।

कुछ तारें लटक रही हैं तो कुछ टूट कर जमीन पर गिर गई हैं। इस कारण जंवल बससी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति भी ठप है, इस कारण लोगों को गर्मी में बिना पंखे व कूलर के रात बितानी पड़ी। वहीं वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी झेलनी पड़ी। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीण बिजली आपूर्ति बहाल होने के इंतजार में थे। (अनंत ज्ञान)

### अधिकारियों के बोल

**लोक** निर्माण विभाग डाडा सीबा के सहायक अभियंता राजन कुमार का कहना है तूफान की वजह से पीपल के पेड़ की बड़ी टहनी सड़क पर गिरी है। शीघ्र ही इसे सड़क से उठा कर यातायात बहाल किया जाएगा। उधर, इस संबंध में डाडा सीबा वन परीक्षेत्र अधिकारी कार्यवाहक पवन कुमार ने बताया मौके वनरक्षक की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं, ढलियारा विद्युत विभाग के सहायक अभियंता मनीष संधू का कहना है मुझे इसकी सूचना मिली है। इसकी बहाली के लिए टीम को भेज दिया है।

# चोरी की बाइक समेत पकड़ा युवक

**अशोक ठाकुर पठानकोट**



पठानकोट के थाना नंगल भूर पुलिस ने भूर के पास एक व्यक्ति को चोरी की बाइक के साथ पकड़ा है। आरोपी तरसेम सिंह निवासी आले चक्क का रहने वाला है।

एएसआई नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस पार्टी ने भूर के पास नाका लगाया था। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति चोरी की बाइक पर सवार होकर अडा भूर की ओर से आ रहा है। पुलिस ने नाकाबंदी कर उसे रोका और कागजात दिखाने को कहा तो वह कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका। (अनंत ज्ञान)


## कार्यालय ग्राम पंचायत कुंसल
विकास खंड बैजनाथ, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुंसल में निम्नलिखित निर्माण सामग्री की निविदाएं आमंत्रित हैं।

1. बजरी क्रशर 10,20,40,90 एमएम-प्रति फुट, 2. रेत क्रशर-प्रति फुट, 3. बोल्डर-प्रति फुट, 4. सोलिंग-प्रति फुट, 5. कट स्टोन-प्रति नं., 6. शटरिंग स्लैब-प्रति वर्ग फुट, 7. शटरिंग कुहल व रास्ते-प्रति वर्ग फुट, 8. ईंट प्रथम श्रेणी व द्वितीय श्रेणी-प्रति नं., 9. साईन बोर्ड व वाल पेंटिंग-प्रति नं., 10. सामान ढुलाई - प्रति 100 मीटर, 11. सीमेंट ढुलाई व सिविल सप्लाई पपरोला से ग्राम पंचायत कुंसल -प्रति बैंग लोडिंग अनलोडिंग सहित।

**नोट:-** निविदा फार्म ग्राम पंचायत कुंसल में 27.06.2024 से 29.06.2024 को सुबह11 बजे से लेकर 5 बजे तक दिए जाऐं कुटेशन फार्म की फीस 1000/-रू होगी। ग्राम पंचायत कुंसल से लिया गया कुटेशन फार्म ही मान्य समझा जाएगा। 4 जुलाई शाम 3 बजे तक फार्म वापिस लिए जाएंगे और 4 जुलाई 4 बजे कुटेशन खोल दी जाएंगी। सप्लायर के पास अपना जीएसटी नं. होना अति आवश्यक है। निविदाओं को स्वीकृत करने या रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा समय पर सामग्री न देने व घटिया सामग्री देने पर भी एक नोटिस जारी करने पर कुटेशन रद्द कर दी जाएगी। जिस किसी ने भी ग्राम पंचायत कुंसल में अपनी निविदाएं देनी हैं । वे सादर आमंत्रित हैं।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत कुंसल**
**विकास खंड बैजनाथ, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**


# बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना प्राथमिकता : बुटेल

**गौरव कौंडल, पालमपुर**



अधिकारियों से बातचीत करते सीपीएस आशीष बुटेल।

मुख्य संसदीय सचिव शहरी विकास एवं शिक्षा, आशीष बुटेल ने मंगलवार को सिविल हॉस्पिटल पालमपुर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों को बेहतर एवं अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध करवाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि सिविल अस्पताल पालमपुर में बेहतर पार्किंग सुविधा के लिए लोक निर्माण विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने पुराने डेंटल ब्लॉक के स्थान का भी निरीक्षण किया और यहां नए भवन का प्राकलन तैयार करने के आदेश दिए, ताकि भवन के लिये धनराशि उपलब्ध करवाई जा सके। उन्होंने कहा कि यहां शीघ्र ही नए भवन का निर्माण कर डेंटल यूनिट और फिजियोथैरेपी यूनिट स्थानांतरित किया जाएगा।

सीपीएस ने कहा कि अस्पताल में डेंटल, आई, ऑडियोमेट्रिक के उपकरण खरीदने के लिए धनराशि उपलब्ध करवा दी गई है। उन्होंने अधिकारियों को तुरंत यह उपकरण खरीदने के आदेश जारी दिए। उन्होंने अस्पताल में शीघ्र लेप्रोस्कोपी मशीन खरीदने के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने का भी आश्वासन दिया। इसके उपरांत सीपीएस ने पालमपुर में निर्माणाधीन सर्किट हाउस भवन के कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि 8 करोड़ की लागत से बनने वाले सर्किट हाउस में 13 कमरों का निर्माण किया जा जा रहा। उन्होंने कहा कि अगले 2 से 3 महीने में सर्किट हाउस बनकर तैयार हो जाएगा।

इस मौके पर मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. मीनाक्षी गुप्ता, डॉक्टर सोमित्रा चक्रवर्ती, किकी गोयल , ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष त्रिलोक चंद , पार्षद शशि राणा और दिलबाघ सिंह , अमित सूद आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# 'हृदय में भक्ति, वैराग्य और प्रेम का बीज रोपित करती है श्रीराम कथा'

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



सात दिवसीय श्रीराम कथा में कथा वाचक डॉ. सर्वेश्वर के साथ अन्य गणमान्य।

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा पॉलीटेक्निक कॉलेज ऑडियोटोरियम कांगडा में अयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा के प्रथम दिवस की सभा में संस्थापक व संचालक गुरुदेव आशुतोष महाराज के परम शिष्य कथा व्यास डॉ. सर्वेश्वर ने उपस्थित भगवद प्रेमियों को कथा का रसपान करवाते हुए कहा कि राम कथा मानव के अंदर भक्ति, वैराग्य, प्रेम का बीज रोपित करती है।

त्रेता युग से लेकर आज तक श्रीराम जी सबके प्रिय बने हैं। यहीं तो कारण है कि विश्व भर में 300 से अधिक रामायणों के साक्ष्य उपलब्ध हैं। भारत देश में उत्तर से लेकर दक्षिण तक, पूर्व से लेकर पश्चिम तक श्री राम की लोकप्रियता का कोई पारावार नहीं है। केवल भारत ही क्यों, श्री राम की लोकप्रियता तो देश-प्रदेश की सब सीमाओं का अतिक्रमण विदेशियों के हृदयों को भी झंकृत कर गई।

यहीं तो कारण है कि तिब्बत में तिब्बती रामायण, तुर्किस्तान में खोतानी रामायण, थाईलैंड में रामकियेन, बर्मा में रामवत्थु, नेपाल में भानुभक्त कृत रामायण, कम्बोडिया में रामकर, इंडोनेशिया में ककबिनरामायण, जावा में खमैर रामायण प्रचलित है। श्रीराम की इस अनंत लोकप्रियता का कारण है उनकी मर्यादा और उनके आदर्श। आज उन्हीं आदर्शों का अभाव है कि मानव पतन की गहरी खाइयों में धंसता चला जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रेम, दया, त्याग, सौहार्द्र जैसे शब्द केवल शब्दकोश तक ही सिमट कर रह गए हैं। आज प्रॉपर्टी के लिए एक भाई अपने सगे भाई का दुश्मन है। पुत्र पिता के रक्त का प्यासा है। वृद्ध होने पर माता पिता को उन्हीं की संतान वृद्धाश्रम में भेज देती है। ये सब दर्शाता है श्री राम की धरती से उनके आदर्शों का विघटन। अत: आज जरूरत है पुन: उन्हीं आदर्शों को स्थापित करने की। इसके लिए केवल एकमात्र साधन श्री राम कथा है। प्रभु की यह पावन कथा ही आज समाज के पुनरुत्थान का मार्ग है। श्री राम की कथा समाज के हर वर्ग को जीवन जीने का सही मार्ग दिखाती है। सात दिवसों की यह कथा प्रभु के जीवन के ऐसे ही दिव्य रहस्यों को हमारे समक्ष रखेगी।

इसी अवसर पर शहर के कुछ गणमान्य अतिथि अशोक पाठक, रविंद्र शर्मा, रंजीत योगी जी, बीपी शर्मा जी, श्री नवनीत शर्मा जी, राकेश कथूरिया, मोनिका कथरिया, वह शहर के गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे

इस अवसर स्वामी मेघानन्द, महात्मा अमृत, महात्मा नरेश ने सुमधुर चौपाइयों और भजनों का गायन किया। (अनंत ज्ञान)

## राजनीति | 1975 में देश में लगाए आपातकाल का विरोध

# भाजपा ने जसूर में निकाला मौन जुलूस




करबा जसूर में मुंह पर काली पट्टियां बांध कर जुलूस निकालते भाजपा नेता और कार्यकर्ता।

**संजीव महाजन, नूरपुर**

नूरपुर के कस्बा जसूर में भाजपा ने आपातकाल की बरसी पर कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा और मुंह पर काली पट्टियां बांध कर जुलूस निकाला। भारत के महान लोकतंत्र पर कलंक आपातकाल 1975 में आज ही के दिन कांग्रेस पार्टी द्वारा देश पर थोपा गया था उसको लेकर रोष प्रकट किया।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता उमेश दत्त, संगठनात्मक जिला नूरपुर अध्यक्ष रमेश सिंह महामंत्री राजेश कुमार के साथ साथ संगठनात्मक जिला नूरपुर के कार्यकर्ता शमिल रहे। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता उमेश दत्त ने कहा कि आज भाजपा पूरे देश में 25 जून 1975 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने जिस तरह लोकतंत्र की हत्या करते हुए इस देश पर आपातकाल लागू कर देश को तानाशाही में धकेला था उसके विरोध में काला दिवस मना रही हैं

उन्होंने कहा कि उस समय की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में जो संशोधन संविधान में किए गए संविधान को ताक में रखा गया। 1947 से लेकर 2014 तक इस देश के संविधान में 75 संशोधन कांग्रेस ने किए हैं। 356 के माध्यम से प्रदेश की सरकारों को बर्खास्त करने के मामले 90 हैं और आज वही कांग्रेस 2024 के चुनावों में संविधान का ढिढोंरा पीट रही थी। संविधान के नाम पर उन्होंने जनता गुमराह किया तथा आरक्षण खत्म करने को लेकर भाजपा पर अनाप-शनाप बयानबाजी की लेकिन भारत की जनता ने भाजपा को मत दिया एनडीए को मत दिया जिससे नरेंद्र मोदी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बने।

उन्होंने अपनी पहली बैठक में संविधान को अपने माथे में लगाते हुए भारत के संविधान के प्रति जो उनका समर्पण है उसको बताया है। भारत में सभी वर्गों के अधिकारों को दर्शाया है कांग्रेस पार्टी ने जिस तरह संविधान के साथ छेड़छाड़ के हाथकडे अपनाएं है उसको लेकर भारतीय जनता पार्टी हर बार काला दिवस मनाएगी। (अनंत ज्ञान)

# ओपीएस बहाली के लिए सुक्खू सरकार का जताया आभार

**संजीव महाजन, नूरपुर**

हिमाचल प्रदेश के सभी सेवानिवृत्त कर्मचारी ओपीएस की बहाली के लिए सुक्खू सरकार के बहुत आभारी हैं।

डॉ. संजीव गुलेरिया, अध्यक्ष न्यू पेंशन स्कीम सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ हिमाचल प्रदेश ने यहां प्रेस वार्ता में कहा कि हिमाचल प्रदेश की सक्खू सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले पर विचार किया है, जिसमें उन कर्मचारियों को ओपीएस का लाभ दिया गया है, जो दस साल की नियमित सेवा शर्त के कारण सीसीएस नियम 1972 के अंतर्गत नहीं आ रहे थे। इसके लिए वे सकुखू सरकार के बहुत आभारी हैं। डॉ. संजीव गुलेरिया ने मांग की है कि हिमाचल प्रदेश में पिछली सरकारों की गलत नीतियों के कारण जिन कर्मचारियों ने 10 साल से भी कम सेवा की है, उन्हें कर्मचारी के दर्जे के अनुसार सम्मानजनक पेंशन दी जाए।

डॉ. संजीव ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सभी केंद्र सरकार कर्मचारी संघ, सेवानिवृत्त अर्धसैनिक बल कर्मचारी संघ, रेलवे यूनियनों ने ओपीएस की बहाली और कानून में संशोधन की मांग की है। केंद्र सरकार को पूरे देश में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एक जनवरी 2014 से पहले की तरह पुरानी पेंशन देने के लिए बजट में प्रावधान करना चाहिए। पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाना चाहिए, क्योंकि यह बुढ़ापे में सम्मानजनक जीवन जीने के लिए सामाजिक सुरक्षा का मामला है। (अनंत ज्ञान)


**कार्यालय आफिसर पंजीयक विवाह दी स्पेशल मैरिज एक्ट 1954 एवं उपमंडल अधिकारी (ना.) इंदौरा, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

क्रमांक रीडर/विवाह/2024 दिनांक

1. श्री पवन सिंह पुत्र श्री चमन सिंह निवासी गांव हलेड़ डा. राजा खासा तहसील इंदौरा जिला कांगड़ा हि.प्र.।
2. नेहा देवी पुत्री श्री गुरनाम सिंह निवासी हाउस नं. 08, चक चिमना डा. कौंतरपुर तहसील व जिला पठानकोट पंजाब।

**बनाम** **आम जनता**

विषयः-इश्तहार मुनादि बावत पंजीकृत बारे। उपरोक्त निवेदकों ने हमारे सन्मुख आवेदन प्रस्तुत किया है कि आपस में विवाह कर लिया है, जिसे वह पंजीकृत करवाना चाहते हैं। अतः अंडर दी स्पेशल मैरिज एक्ट 1954 की धारा 5 के अंतर्गत सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति/व्यक्तियों को उक्त विवाह पंजीकृत करने बारे कोई आपत्ति/एतराज हो तो वे किसी भी कार्य दिवस को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आकर या दिनांक 25/07/2024 तक असालतन या वकालतन उपस्थित/हाजिर होकर अपना एतराज/आपत्ति दर्ज करवा सकता है, अन्यथा उक्त विवाह नियमानुसार पंजीकृत कर दिया जाएगा।

आज दिनांक 18/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर से जारी हुआ।

**उपमंडल अधिकारी (ना.) एवं आफिसर पंजीकय विवाह, इंदौरा जिला कांगड़ा हि.प्र.**



## कार्यालय ग्राम पंचायत बदूही
विकास खंड नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

अध्यक्ष महोदया ने पंचायत बैठक में प्रस्ताव पेश किया और उपस्थित सदस्यों को इस बारे में अवगत करवाया कि ग्राम पंचायत बदूही ने वर्ष 2024-25 में समस्त विकास कार्यों की सामग्री की सप्लाई उपलब्ध करवाने हेतु जैसे मनरेगा 15th fc व अन्य सभी मद जिसमें ग्राम पंचायत को राशि उपलब्ध होती है के विकास कार्यों के लिए निम्नलिखित सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु ग्राम पंचायत द्वारा निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जिनका विवरण निम्न प्रकार से है।

| क्रं.सं. | सामग्री | मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | रेत क्रैशर | 1 cum |
| 2. | बजरी क्रैशर, 20,40,60,80 एमएम | 1 cum |
| 3. | किराया पानी टैंक | प्रति टैंक/प्रति दिन |
| 4. | पत्थर तोड़बां | प्रति पत्थर |
| 5. | पत्थर जब्बर व चक्की खड्ड | प्रति cum |
| 6. | किराया सीमेंट ढुलाई hpscs नूरपुर से निर्माण कार्य तक | प्रति बैग |
| 7. | किराया मिक्चर मशीन | प्रति दिन |
| 8. | साईन बोर्ड कंपलीट एंड वाल पेंटिंग | प्रति साईन बोर्ड/ प्रति वर्ग फुट |
| 9. | ईंट प्रथम व द्वितीय श्रेणी | प्रति ईंट |
| 10. | किराया शटरिंग स्टील/ अन्य | प्रति वर्ग फुट/मीटर |
| 11. | बेंच सीमेंटड आर्म्स सहित एंड बिना आर्म्स इंस्टालेशन सहित | प्रति बेंच |
| 12. | रेत चक्की/जब्बर खड्ड | प्रति cum |

अतः उपरोक्त सामग्री की निविदाएं ग्राम पंचायत बदूही को दिनांक 05.07.2024 को समय 4.00 बजे स्थान कार्यालय ग्राम पंचायत बदूही में डाक द्वारा या फिर स्वयं हस्ताक्षरयुक्त बंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं आमंत्रित हेतु निम्न शर्तें है। जिनका पालन करना आवश्यक है। बोलीदाता किसी भी कार्य दिवस में आकर निविदा जमा करवा सकता है। प्रधान/उपप्रधान के पास भी जमा करवा सकते हैं। जो कार्य प्रगति पर हैं जिनकी सामग्री मौके पर पहुंच चुकी है उन कार्यों की सामग्री जिस बेंडर ने दी है उसकी अदायगी उसी बेंडर को दी जाएगी। शर्तें निम्न प्रकार से हैं।

**1.** निविदाएं देने वाले के पास अपना जीएसटी/सीएसटी पंजीकरण नं. होना अनिवार्य है उपरोक्त नं. न होने पर निविदा रद्द कर दी जाएगी। 2. दिनांक 05.07.2024 को समय 4.00 बजे के बाद कोई भी निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। 3. बेंडर धारक धरोहर राशि/सुरक्षा राशि के तौर पर कम से कम 2 लाख का बैंक ड्राफ्ट पंचायत के नाम से निविदा के साथ पंचायत में जमा करवाएगा ताकि सामग्री न देने की स्थिति में उस राशि से भरपाई की जा सके। ऐसा न करने पर निविदा रद्द कर दी जाएगी। 4. निविदा धारक अपने पिछले 3 वर्ष की आई.टी.आर. प्रतिलिपि और पिछले 3 वर्ष का सी.ए. से प्रमाणित कुल बिक्री (टर्न ओवर) प्रमाण पत्र भी अपनी निविदा के साथ संलग्न सुनिशिचित करे। ऐसा न करने पर निविदा रद्द की जाएगी। 5. सामग्री समय पर उपलब्ध न करवाए जाने पर सामग्री हेतु दूसरे नं. के बोलीदाता को वर्क आर्डर दिया जाएगा। सामग्री के उपलब्धता कार्य स्थल यहां तक गाड़ी जाती है करवानी होगी। 6. सामग्री की गुणवत्ता ग्राम पंचायत द्वारा टी.ए/जे,ई/ द्वारा सुनिशिचत की जाएगी गुणवत्ता ठीक न होने पर उसकी अदायगी पंचायत द्वारा नहीं की जाएगी। सामग्री समय पर उपलब्ध न करवाने की दशा में ग्राम पंचायत जो उचित समझे जुर्माना भी लगा सकती है। 7. किसी भी कार्य की सामग्री की अदायगी टी.ए/जे.ई/एसडीओ की असेस्मेंट होने (एम.बी.) होने की दशा में की जाएगी उससे पहले नहीं। 8. निविदाएं स्वीकृत या अस्वीकृत पंचायत द्वारा गठित कमेटी द्वारा की जाएगी। जिस निविदा धारक की दर सबसे कम होगी कमेटी द्वारा वर्क आर्डर उसी फर्म को दिया जाएगा।

निविदाएं दिनांक 10.07.2024 को समय 12.00 बजे स्थान कार्यालय ग्राम पंचायत बदूही में कमेटी के समक्ष व आवेदकों के समक्ष खोली जाएगी। सभी बोली दाता उपरोक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें ताकि कार्यवाही समय पर पूरी की जा सके।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत बदूही**
**विकास खंड नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

## न्यूज ब्रीफ

### बारिश न होने से किसानों के चेहरे मुरझाए

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** वर्तमान समय में पड़ रही प्रचंड गर्मी से लोगों का जीवन पूर्ण रूप से अस्त-व्यस्त हो गया हैं। बारिश न होने के कारण किसानों के चेहरे मुरझा गए हैं। किसानों का कहना हैं कि बारिश न होने से वे मक्की की फसल की बिजाई के लिए काफी लेट हो गए हैं। बारिश न होनेकी वजह से सूखा पड़ने की पूरी संभावनाएं बनी हुई हैं और सब्जियों को भी भारी नुक्सान हो रहा हैं। कृषि विज्ञान केंद्र हमीरपुर स्थित धनपुर के फार्म मैनेजर दिनेश शर्मा का कहना है कि बारिश न होने के कारण किसान अपनी मक्की की फसल की बिजाई के लिए लगभग 20 दिन लेट हो गए हैं और यदि एक सप्ताह के भीतर बारिश नहीं हुई तो किसानों की फसलों को नुकसान हो सकता है। (अनंत ज्ञान)

### आचार संहिता उल्लंघन की सीधे कर सकते हैं शिकायत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के उपचुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग कड़ी नजर रख रहा है। इसके लिए आयोग ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी चंद्रभूषण त्रिपाठी को सामान्य पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन या चुनाव प्रक्रिया से संबंधित किसी भी तरह की शिकायत के लिए सामान्य पर्यवेक्षक के मोबाइल नंबर 93172-83159 पर भी संपर्क किया जा सकता है। सामान्य पर्यवेक्षक चंद्रभूषण त्रिपाठी सर्किट हाउस हमीरपुर के कमरा नंबर 11 में ठहरे हैं। कोई भी व्यक्ति सुबह 10 से 11 बजे तक उनसे स्वयं मिलकर भी शिकायत कर सकता है।

### अभिषेक ने पीजीआई के निदेशक से की शिष्टाचार भेंट

**ए कुमार, सुजानपुर।** सर्व कल्याणकारी संस्था के अध्यक्ष अभिषेक राणा ने मंगलवार को चंडीगढ़ में पीजीआई के निदेशक डॉ. विवेक लाल से शिष्टाचार भेंट की। अभिषेक राणा ने उन्हें संस्था द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में निभाई जा रही भूमिका से अवगत करवाया और बताया कि संस्था द्वारा हिमाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर निशुल्क मेगा मेडिकल कैंप लगाकर सैकड़ों लोगों को उनके घर-द्वार पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाओं से लाभान्वित किया गया है। उन्होंने निदेशक को बताया कि इन फ्री मेगा मेडिकल शिविरों में पीजीआई सहित चंडीगढ़ के वरिष्ठ डॉक्टरों की टीमों ने अपनी सेवाएं प्रदान की हैं और बरसात के मौसम के बाद ऐसे मेडिकल कैंप फिर से लगाए जाएंगे। डॉ. विवेक लाल ने स्वास्थ्य सेक्टर में संस्था द्वारा किए जा रहे इस तरह के अनुपम कार्य की सराहना की। (अनंत ज्ञान)

### सीवरेज के गंदे पानी से दुकानदार परेशान

**अनिल कमार, हमीरपुर।** शहर में हरेक वार्ड में सीवरेज लाइन बिछाई गई है, जिसका लाभ सभी वार्ड वासियों को मिल रहा है, लेकिन कुछ ऐसे भी लोग हैं जिन्होंने सीवरेज का कनेक्शन नहीं लिया है। घरों के पास बनाए गए सीवरेज टैंक ओवर फ्लो हो रहे हैं या किसी ने जान-बूझकर वार्ड नंबर 4 में बस स्टैंड की तरफ जाने वाली सड़क की नाली में सीवरेज का पानी 5 दिन पहले खुले में छोड़ दिया है। जिससे दुकानदारों को बदबू का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि यहां पर अंडर ग्राउंड नाली बनाकर फुटपाथ भी बनाया गया है, लेकिन जहां पर नाली खुली है वहां से सीवरेज के पानी से जीना मुहाल हो गया है। दुकानदार राकेश कुमार ने बताया कि इस समस्या के बारे में नगर परिषद की पार्षद सुदेश आनंद को भी बताया। उन्होंने भी दो आदमी यह देखने के लिए भेजे थे लेकिन वे आए और देखकर चले गए। इस पर कोई एक्शन नहीं हुआ। नतीजा यह है कि दुकानदार सीवरेज के बहते पानी से बहुत परेशान है। उन्होंने नगर परिषद से गुहार लगाई है कि सीवरेज के गंदे पानी से निजात दिलाई जाए। पार्षद सुदेश आनंद ने बताया कि इस समस्या का पता लगाकर शीघ्र ही इससे निजात दिलाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### हमीरपुर कॉलेज में धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** हमीरपुर कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मंगलवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्यातिथि कर्नल विक्रम कंवर रहे। कॉलेज चेयरमैन कर्नल जयचंद व हमीरपुर पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य घनश्याम चौधरी व प्राचार्य डॉ. शिवाली राणा विशेष रूप से समारोह में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदन व दीप प्रज्वलित करके की। प्राचार्य राणा ने कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। 2022-24 बीएड के द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं को सत्र में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि कर्नल विक्रम कंवर ने प्रशिक्षुओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। (अनंत ज्ञान)

### लाइनों की शिफ्टिंग को लेकर बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल टौणी देवी के अंतर्गत गांव संगरोह में 26 जून को विद्युत लाइन शिफ्ट करने के कार्य के चलते गांव पंजोत, बगवाड़ा, समीरपुर, अवाहदेवी मार्कीट, संगरोह, दरबयार, टिकरी, बुहाना, मतलाना और आसपास के गांवों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। इसी तरह 27 जून को गांव चाहड़, ढांगू, कोहलवीं, सिकांदर और आसपास के गांवों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। 29 जून को टिक्करी, बारीं मंदिर और आसपास के गांवों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। यह जानकारी विद्युत उपमंडल टौणी देवी के सहायक अभियंता दीपक चौहान ने दी।

### सर्वर डाउन रहने से उपभोक्ता राशन से वंचित

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** सस्ते राशन के डिपुओं में लगातार सर्वर डाउन होने के चलते डिपुओं पर लगी पॉश मशीनों में न तो उपभोक्ताओं के फिंगर प्रिंट लग रहे हैं और न ही उपभोक्ताओं के मोबाइल पर ओटीपी जा रहा है। महीने के मात्र चार दिन शेष बचे हैं, लेकिन अभी तक लाखों उपभोक्ता इस समस्या के चलते राशन डिपुओं से अपना राशन नहीं ले पाए हैं। डिपो धारक राशन वितरित करने के लिए डिपो खोलकर बैठे हैं और उपभोक्ता राशन लेने के लिए बार बार डिपुओं के चक्कर काट रहे हैं। गौरतलब है कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में निगम के गोदामों से हर माह बीस तारीख के लगभग ही डिपुओं पर राशन भेजा जाता है, हालांकि उक्त क्षेत्रों के डिपो धारक समय पर अपना परमिट कटवा कर चैक भी गोदाम इंचार्जों को सौंप देते हैं, लेकिन फिर भी ग्रामीण व दुर्गम क्षेत्रों में डिपुओं पर राशन समय पर नहीं भेजा जाता। प्रदेश डिपो संचालक समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि ने सरकार व विभाग से अगले माह डिपुओं पर लगी पॉश मशीनों में बैक लॉग का विकल्प डालने की मांग की। ताकि इस माह राशन से वंचित उपभोक्ताओं को अगले माह इसका लाभ मिल सके। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि इस संबंध में दूरभाष के माध्यम से सचिव खाद्य आपूर्ति आरडी नाजिम को भी सूचित कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

# मेडिकल कॉलेज में डंपिंग साइट बनती जा रही पर्ची काउंटर की जगह

## अस्पताल से निकलने वाले कूड़े-कचरे का एक सप्ताह से लगा ढेर

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में आने वाले मरीज और बीमार हो सकते हैं, क्योंकि पर्ची काउंटर के साथ अस्पताल से निकलने वाले कूड़े-कचरे के ढेर लगे हुए हैं। जिससे आसपास का वातावरण पूरी तरह से बदबूदार बना हुआ है। यह कूड़ा-कचरा एक सप्ताह से नहीं उठाया गया है, जिसकी वजह से यहां पर बहुत बड़ा कूड़े-कचरे से भरे पॉलीथिन का ढेर लग गया है।



अस्पताल से निकलने वाले कूड़े-कचरे से भरे बैगों का लगा ढेर।

यही नहीं यह कूड़ा अस्पताल प्रबंधन के लिए भी गले की फांस बनता जा रहा है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि नगर परिषद के अधिकारियों से इस संबंध में बात भी की, लेकिन फिर भी नगर परिषद के कर्मचारी इसे नहीं उठा रहे हैं। इसके अलावा कोई भी व्यवस्था मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के पास नहीं है जिसके सहारे इस कूड़े-कचरे को किनारे लगाया जा सके। नगर परिषद हमीरपुर को बकायदा इसकी पेमेंट भी की जाती है। मेडिकल कॉलेज द्वारा नगर परिषद से यह भी अपील की थी कि हर महीने कूड़ा उठाने का बिल दे दिया करें, लेकिन छह महीने बाद ही इसके बिल आते हैं। जिसे नगर परिषद के अकाउंट में आरटीजीएस के माध्यम से जमा करवाया जाता है। यहीं नहीं जहां पर कूड़े का ढेर लगा है उसी जगह पर सीवरेज का चेंबर भी खुला पड़ा हुआ है और इसी चेंबर से बहुत बदबू आ रही है। पहले अस्पताल से निकलने वाले कूड़े को अलग नहीं किया जाता था जिसकी वजह से नगर परिषद कूड़े से भरे बैग उठाने से मना करता था, क्योंकि नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों को यह अलग-अलग करना पड़ता था। अब जबकि अस्पताल के सफाई कर्मचारी इसे अलग कर रहे हैं। फिर भी कई-कई दिनों तक यह बैग वहीं पर पड़े रहते हैं जो किसी बीमारी से कम नहीं हैं। (अनंत ज्ञान)

**क्या कहते हैं स्वास्थ्य अधीक्षक**

इस बारे में मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के स्वास्थ्य अधीक्षक डॉ. अजय कुमार का कहना है कि नगर परिषद के अधिकारी को कई बार आग्रह किया है कि इन कूड़े से भरे पालीथिन को यहां से उठा लें, क्योंकि यह बीमारियां पैदा कर रहा है। उन्होंने बताया कि नगर परिषद द्वारा 1,40000 और 2,40000 के बिल थे उन्हें आरटीजीएस के माध्यम से खाते में भेज दिया गया है, लेकिन फिर भी कूड़े को नहीं उठाया जा रहा है।

कूड़ा उठाने वाली गाड़ी खराब हो गई थी, जिसकी वजह से कूड़ा नहीं उठा पाए। उन्होंने कहा कि बुधवार तक सारे कूड़े के बैग उठा लिए जाएंगे।
–अजमेर ठाकुर
कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद

# महंत विवेकानंद गिरी ने भाजपा प्रत्याशी पर लगाए गंभीर आरोप

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर सीट से विधानसभा उपचुनाव में एक बार फिर गसोता महादेव मंदिर के पूर्व महंत की बयानबाजी ने सुर्खियां बटोरी हैं। उन्होंने नाम लिए बगैर न केवल भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी पर गंभीर और आपत्तिजनक आरोप लगाए हैं, बल्कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को भी अच्छे-खासे लपेटे में लिया है। विवेकानंद गिरी मंगलवार को हमीरपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।



**कहा– जो संघ पर अंगुली उठा रहे उनसे नेतृत्व का भला नहीं होगा**

गौरतलब है कि यह वही विवेकानंद गिरी हैं, जो एक दशक पहले इस मंदिर के महान थे और तब विवादित होकर यहां से चले गए थे। तब गसोता महादेव मंदिर से जुड़े हुए प्रकरण ने भी अच्छी-खासी सुर्खियां बटोरी थीं। अब हमीरपुर उपचुनावों की बेला में उनकी बयानबाजी निश्चित रूप में कई मायने रखती है। पूर्व में जुड़ी हुई स्थिति भी इसी से जोड़ी जा रही है।

प्रकरण की यादें भी इसीलिए ताजा हुई हैं। महंत ने भाजपा प्रत्याशी का नाम लिए बिना कई गंभीर आरोप लगा दिए हैं। गिरी के मुताबिक यह दुर्भाग्य की बात है कि आज हमीरपुर में हम उपचुनाव के दिनों में बैठे हैं। उन्होंने कहा कि हमीरपुर का उपचुनाव किसी आजाद प्रत्याशी के कारण हो रहा है। ऐसे लोगों के कारण जनता के कंधों पर बोझ आया है। महंत के मुताबिक यह व्यक्ति सांस्कृतिक आचरणों से पृथक दिखता है। इनकी व्यवहारिक गतिविधियां दुर्भाग्यपूर्ण है। महंत ने कहा कि इस व्यक्ति का चरित्र बहुरुपिए का रहा। धर्म का चोला पहन खनन किया, जिससे जनता में इस व्यक्ति के प्रति जनता में रोष है।

जब महंत से पूछा गया कि भाजपा प्रत्याशी को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करने की क्या जरूरत पड़ गई तो उन्होंने कहा कि हमीरपुर मेरी कर्मभूमि रही है। हम लोकतांत्रिक प्रहरी हैं। खनन से खड्डें छलनी करने वालों को सबक सिखाना जरूरी है। (अनंत ज्ञान)

# बड़ावासियों ने इंद्र देवता से लगाई बारिश की गुहार

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

बारिश न होने के कारण भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के गांव सरूह में आज लोगों ने इंद्र देवता से बारिश की गुहार लगाते हुए व्यास नदी पर जाकर दलिए का प्रसाद चढ़ाया। वहीं बच्चों द्वारा नंगे बदन एवं मुंह काले करके 'धोलियां इट्टा गाकर' भगवान इंद्र देव से बारिश के लिए प्रार्थना की। गौर हो कि बुजुर्गों के कथन के अनुसार जब कभी बारिश नहीं होती थी तो हमारे बुजुर्ग इंद्र देवता को खुश करने के लिए ऐसे आयोजन करते थे। (अनंत ज्ञान)



इंद्र देवता से बारिश की फरियाद करते हुए बच्चे।

# कांग्रेस के प्रवक्ता करते हैं उलटी-सीधी बयानबाजी: रिंटू

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में 68 में से 61 विधानसभा क्षेत्रों में पिछड़ी कांग्रेस के प्रवक्ता की प्रेसवार्ता बेहद हास्यास्पद है। जिला महामंत्री अजय शर्मा रिंटू ने कहा कि खस्ताहाल कांग्रेस के प्रवक्ताओं को पहले लोकसभा चुनाव की पूरी जानकारी ले लेनी चाहिए, महज प्रेस वार्ता में अनर्गल बयानबाजी करके लोगों की हंसी का पात्र न बनें।

उन्होंने कांग्रेस प्रवक्ता पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा की तरह इस बार भी भाषा की मर्यादा का उल्लंघन किया है। भस्मासुर, सियासी उल्का और कांग्रेस से अलग हुए विधायकों को राहु, ग्रहों आदि की संज्ञा देना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। रिंटू ने कहा कि कांग्रेस प्रवक्ता जयराम ठाकुर से सिराज विधानसभा में भाजपा की लीड कम होने पर इस्तीफा मांग रहे हैं। खुद मुख्यमंत्री के गृह विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के सांसद अनुराग ठाकुर को 2143 वोटों की लीड मिली है।



अजय रिंटू मीडिया से रू-ब-रू होते हुए।

**बोले- भोरंज के कांग्रेसी नेताओं में मची है वर्चस्व बचाने की होड़**

इस हिसाब से तो मुख्यमंत्री के साथ-साथ कांग्रेस के सभी मंत्रियों को भी अपने पद से त्याग पत्र दे देना चाहिए, क्योंकि वे सभी अपने-अपने क्षेत्रों में कांग्रेस को बढ़त तक नहीं दिलवा पाए, वे जनाधार खो चुके हैं। उन्होंने कहा कि अपनी राजनीतिक दुकान चमकाने के लिए कांग्रेस प्रवक्ता इस तरह के उलटे-सीधे बयान अक्सर देते रहते हैं। इससे पता चलता है कि दोनों नेताओं के बीच अपने-अपने वर्चस्व को बचाने की अंधी होड़ मची हुई है। (अनंत ज्ञान)

# आंगनबाड़ी वर्कर्स हेल्पर यूनियन 12 जुलाई को केंद्र सरकार के खिलाफ खोलेगी मोर्चा

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

आंगनबाड़ी वर्कर्स हेल्पर यूनियन संबंधित सीटू 12 जुलाई को केंद्र सरकार के खिलाफ जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करेगी। यूनियन की जिला अध्यक्ष राजकुमारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी वर्कर्स को केंद्र की तरफ से पिछले तीन-तीन माह से वेतन नहीं दिया जा रहा है, जिसका कारण मोदी सरकार ने सत्ता में आने के बाद लगातार आईसीडीएस के बजट में कटौती की है और जिसका खामियाजा आज लाभार्थियों के साथ-साथ आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर को भी भुगतना पड़ रहा है। वर्ष 2023 के बजट में आंगनबाड़ी के बजट में 30 प्रतिशत की कटौती केंद्र सरकार ने कर दी थी और वर्ष 2024 के बजट में भी न्यूट्रिशन के बजट में भारी भरकम कटौती की है, जिसके परिणाम अब सामने आ रहे हैं और आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर्स को समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा है। जिला हमीरपुर में तो तीन-तीन माह से वेतन नहीं आया है।

**आंगनबाड़ी बजट में 30 प्रतिशत कटौती से गड़बड़ाई आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्था**

केंद्र सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति को लागू करने के बाद हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा भी उसे लागू किए जाने के उपरांत प्री-नर्सरी क्लासेस शुरू किए जाने से आंगनबाड़ी केंद्रों का बजूद ही खतरे में आ गया है। नर्सरी टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम स्कूलों में शुरू करने से आंगनबाड़ी के अंदर बच्चों की संख्या में भारी गिरावट आएगी, क्योंकि नर्सरी टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम में ये प्रावधान किए गए हैं कि आंगनबाडी केंद्रों से बच्चों को शिफ्ट किया जा सकता है। इसलिए आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर यूनियन मांग करती है कि प्री-प्राइमरी कक्षाएं आंगनबाड़ी में ही शुरू कर दी जाएं। रिटायरमेंट या निधन पर तुरंत भर्ती की जाए और केंद्रों को आपस में समाहित न किया जाए। साथी यूनियन मांग करती है कि केंद्र सरकार द्वारा पोषण ट्रैकर के लिए रिचार्ज का अतिरिक्त पैसा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया जाए। आंगनबाड़ी वर्कर्स महाराष्ट्र और अन्य राज्यों की तरफ पर पेंशन दी जाए और ग्रेच्युटी की सुविधा दी जाए। उपरोक्त मांगों को लेकर 12 जुलाई को हमीरपुर में आंगनबाड़ी वर्कर्स व हेल्पर मिलकर प्रदर्शन करेंगी। (अनंत ज्ञान)

# राहगीरों के लिए खतरा बने आवारा कुत्ते

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** शहर में बढ़ रही आवारा कुत्तों की संख्या राहगीरों के लिए खतरा बनती जा रही है। ये कुत्ते झुंड में रहकर काटने के लिए दौड़ पड़ते है। जिला हमीरपुर की समाज सेवा संस्था प्रभात सुधार सभा बच्चों, महिलाओं तथा बुजुर्गों को आवारा कुत्तों के काटने से बचाने के लिए जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षण करना चाहती है। संस्था के प्रधान प्रकाश चंद सेन ने बताया कि शहर में आवारा कुत्ते झुंडों में चल रहे हैं, जिनसे राहगीरों को इनसे खतरा हो गया है। लोगों का कहना है कि जब वे सुबह स्कूल के ग्राउंड में घूमने जाते हैं तो 10 से 12, कुत्तों का यह झुंड उन पर भी टूट पड़ता है। यही नहीं शिव मंदिर में माथा टेकने आए श्रद्धालुओं के जूतों-चप्पलों को भी उठाकर ले जाते हैं। संस्था ने जिला प्रशासन से यह अनुरोध है कि इन आवारा कुत्तों से जनता निजात दिलाई जाए। (अनंत ज्ञान)

# भाजपा का चुनावी अभियान विजय की ओर: रणधीर शर्मा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता, श्री नयनादेवी के विधायक और विस उपचुनाव हमीरपुर के मुख्य प्रभारी रणधीर शर्मा ने मंगलवार को हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के बमसन में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



कार्यालय का उद्घाटन करते रणधीर शर्मा, साथ हैं अन्य।

रणधीर ने इस मौके पर कहा कि यह कार्यालय बहुत ही शुभ समय पर खुला रहा है, जो इस बात का संकेत है कि यहां से शुरू किया गया चुनावी अभियान विजय की ओर बढ़ेगा और भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा निश्चित रूप से जीतेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए चुनावों में पूरी शक्ति से भाजपा की उपलब्धियों और मौजूदा कांग्रेस सरकार की नाकामियों का प्रचार-प्रसार करने की अपील की। रणधीर ने कहा कि कार्यकर्ताओं के जोश को देखते हुए उन्हें पूर्ण विश्वास है कि आशीष शर्मा भाजपा प्रत्याशी के रूप में इस चुनाव को भारी मतों के अंतर से जीतेंगे। (अनंत ज्ञान)

# एसडीएम ने अतिक्रमणकारियों को चेताया

## अपनी दुकानदारी सड़क तक न फैलाएं अन्यथा होगी कार्रवाई

**ए कुमार, सुजानपुर**

सुजानपुर बाजार में बढ़ रहे अतिक्रमण के खिलाफ सुजानपुर प्रशासन में सक्रियता दिखाते हुए अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को चेताया और कहा कि वे अपनी दुकानदारी सड़क तक न फैलाएं अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सुजानपुर में अतिक्रमण इन दिनों दिन बढ़ रहा है। इस बारे नगर परिषद को लोगों की शिकायतें बार-बार मिल रही थी कि बस स्टैंड मैं नगर परिषद द्वारा बनाई गई दुकानों के आगे अतिक्रमण होने के चलते लोगों का पैदल चलना भी दूभर हो रहा है। शिकायतें मिलने के बाद एसडीएम सुजानपुर रोहित शर्मा, नगर परिषद ईओ संजय कुमार, नगर परिषद के अन्य कर्मचारी और पुलिस की टीम ने बस स्टैंड तथा मुख्य बाजार का दौरा मंगलवार देर शाम दौरा किया तथा अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को चेताया कि वे दुकानों के आगे अतिक्रमण न करें नहीं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सुजानपुर बस स्टैंड पर नगर परिषद द्वारा निर्मित दुकानों के आगे लगाए गए नाली पर जाली के ऊपर दुकानदारों ने कब्जा किया हुआ है। नगर परिषद कर्मचारियों ने दुकानदारों से उक्त कब्जा हटाने को कहा। बस स्टैंड पर एक दुकानदारों ने तो सड़क तक अपनी दुकानदारी फैला रखी है। जिस की बसें खड़ी करने में भी बस ऑपरेटरों को परेशानी उठानी पड़ती है। इसके अलावा सवारियों को भी बस से उतरने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है।



सुजानपुर बाजार में बढ़ रहे अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई करते एसडीएम।

नगर परिषद द्वारा निर्मित दुकानों के कुछ दुकानदारों द्वारा किराया समय पर नहीं भरा जा रहा है, जिसके चलते नगर परिषद को लाखों रुपए की लेनदारी हो गई है।

अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने को कहा है। आज चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है। अगर दुकानदार फिर भी ना माने तो दोबारा औचक निरीक्षण करके चालान किए जाएंगे।
–डॉ. रोहित शर्मा
एसडीएम, सुजानपुर

नगर परिषद ईओ संजय कुमार ने बताया कि किराया न देने वाले दुकानदारों को जल्द ही किराया देने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि अगर दुकानदार समय पर किराया न भरा तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# आम लोगों को ऋण योजनाओं से जोड़ें सभी बैंक: उपायुक्त

**अनिल कुमार, हमीरपुर**




उपायुक्त अमरजीत सिंह ने सभी सरकारी और गैर-सरकारी बैंकों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे आम लोगों को अधिक से अधिक संख्या में बैंकों से जोड़ने तथा उन्हें उदारता के साथ ऋण आवंटित करने की दिशा में कार्य करें। इससे आम लोगों तक बैंकिंग योजनाओं का लाभ पहुंचेगा और जिला के ऋण-जमा अनुपात यानी सीडी रेशो में भी सुधार होगा।

मंगलवार को जिला स्तरीय समीक्षा एवं बैंक सलाहकार समिति की त्रैमासिक बैठक के दौरान उपायुक्त ने ये निर्देश दिए। बैठक में गत वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही की उपलब्धियों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि 31 मार्च 2024 को जिला हमीरपुर की सीडी रेशो 25.23 प्रतिशत रही, जिसमें काफी सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसमें सुधार के लिए सभी बैंकों की सभी शाखाओं को मिशन मोड में कार्य करना होगा। उपायुक्त ने सभी बैंकों के अधिकारियों को शाखा स्तर पर रणनीति बनाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक जागरूकता शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न सब्सिडी योजनाओं और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए ऋण आवंटन में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कृषि, बागवानी, पशु पालन, मत्स्य पालन, मौन पालन और इनसे संबंधित व्यवसायों के लिए अतिशीघ्र ऋण उपलब्ध करवाने के लिए सभी पात्र बैंक खाताधारकों को किसान क्रेडिट कार्ड दिए जाने चाहिए।

बैठक में विभिन्न बीमा और पेंशन योजनाओं, ऋण योजनाओं, पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के प्रशिक्षण कार्यक्रमों और अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने पीएनबी आरसेटी की विभिन्न गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट का विमोचन भी किया। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के एलडीओ आशीष सांगरा और अन्य अधिकारियों ने भी ऋण आवंटन के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव रखे। (अनंत ज्ञान)

**गुस्सा** मंगलवार को महिलाओं ने बस रोकी, परिचालक से हुई बहस

# तेछ में जलसंकट, सड़कों पर उतरी महिलाएं

**एसके ठाकुर बिझड़ी**

बड़सर विधानसभा के क्षेत्र में आजकल पेयजल समस्या को लेकर हर तरफ हाहाकार मचा हुआ है। पेयजल समस्या हाल ना होने से ग्रामीण महिलों ने सरकारी बस को रोक दिया, हालांकि यह वाक्य थोड़ी देर हुआ। ग्रामीण महिलाओं को बस परिचालक से बहस करते हुए वीडियो वायरल हुआ है।



तेछ गांव में पेयजल समस्या को लेकर सड़क पर उतरी महिलाओं ने रोकी बस।

बता दें कि अनंत ज्ञान समाचार पत्र में तेछ गांव में पेयजल समस्या को लेकर मचा हाहाकार समाचार में प्रमुखता से छपा था, हालांकि विभागीय अधिकारी इस सारे मामले पर राजनीति से प्रेरित बता रहे हैं। पेयजल समस्या से तो स्थानीय लोगों को ही जूझना पड़ रहा है, मामला मुख्यमंत्री के गृह जिला हमीरपुर के गांव तेछ का है। ग्रामीण महिलाएं पानी की समस्या न हाल होने के चलते सड़कों पर उतर आई थी।

इनका कहना है कि पिछले लगभग एक महीने से पेयजल के गंभीर समस्या बनी हुई है। विभाग के आलाधिकारी यह कह रहे हैं की तेछ गांव में पानी की कोई समस्या नहीं है तो फिर मंगलवार को स्थानीय महिलाओं ने सरकारी बस को क्यों रोका और महिलाएं बस परिचालक से बहस करती हुई भी दिखाई दे रही हैं इसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है।

तेछ गांव में पानी की समस्या तो है अब इस सारे मामले को लेकर कहीं न कहीं तो कुछ गड़बड़ जरूर है, अब देखना यह है कि तेछ गांव में पानी की समस्या का समाधान कब होता है। महिलाओं ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है कि तेछ गांव की पेयजल समस्या को जल्दी हल किया जाए। (अनंत ज्ञान)

जल शक्ति विभाग के एसडीओ एवं संबंधित जेई को मौका पर भेजा था। पाइप लाइन में जो समस्या थी उसे ठीक कर दिया गया है। ग्रामीण महिलाएं क्यों विरोध कर रही है इसके बारे में कुछ नहीं कह सकता हूं।
–डीआर चौहान, एक्सईएन, जल शक्ति विभाग बड़सर

## न्यूज ब्रीफ

### युवाओं के लिए खुले रोजगार के द्वार, आवेदन मांगे

**शिमला।** उपरोजगार कार्यालय करसोग के माध्यम से स्थानीय क्षेत्र के युवाओं को रोजगार मिले। इसके लिए आवेदन मांगे गए हैं, जिनका साक्षात्कार 28 जून को रखा गया है। इसमें विभिन्न पदों पर 201 व्यक्तियों को नौकरी दी जाएगी। उपरोजगार कार्यालय प्रभारी करसोग ने बताया कि इवान सिक्योरिटी फंक्शन प्राइवेट लिमिटेड, जिनका मुख्यालय शिमला में कार्यरत है, उनके माध्यम से सिक्योरिटी गार्ड के 180 पद, सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 15 पद, एचआर के छह पद भरे जाने हैं। उपरोजगार कार्यालय प्रभारी करसोग ने बताया कि 28 जून को प्रातः 11 बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक आवेदनकर्ता अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, आधार कार्ड, रोजगार पंजीकरण करसोग में पहुंचे। (अनंत ज्ञान)

### एड्स का जागरूकता से हो सकता है बचाव : डॉ. पुरी

**एमएम डैनियल, चंबा।** भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत शिविर ग्राम पंचायत भवन करियां में जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरित पुरी की अध्यक्षता में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. हरित पुरी ने एड्स कंट्रोल सोसायटी चंबा द्वारा किए जा रहे कार्य के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एचआईवी एड्स एक लाइलाज बीमारी है तथा इसका केवमात्र जागरूकता ही है। उन्होंने इस बीमारी के लक्षण और बचाव तथा फैलने के कारणों के बारे में जानकारी दी। (अनंत ज्ञान)

### आज तीसा व आसपास क्षेत्रों में बंद रहेगी बिजली

**आजम डार, तीसा।** विद्युत उप-मंडल तीसा के आधीन 33/11 केवी विद्युत उप-केंद्र खुशनगरी के 11 केवी फीडर झज्जाकोठी पर आवश्यक मरम्मत कार्य किया जाएगा। वहीं पेड़ों की छंटाई का कार्य करना आपेक्षित है। फीडर झज्जाकोठी के अधीन झज्जाकोठी, सनवाल, देहर्रा, कुठोलू, प्रितमास, मक्कन, चचूड़, ऐल मटटुंड इत्यादि क्षेत्रों में 26 जून को सुबह 9 बजे से सांय 6 बजे तक या कार्य की समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति पूर्ण रुप से बाधित रहेगी। बिजली बोर्ड अधिशाषी अभियंता परवेश ठाकुर ने समस्त उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है। हालांकि मुरम्मत का कार्य मौसम की परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। (अनंत ज्ञान)

### 3 हजार लोगों ने करवाई आंखों की मुफ्त जांच

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर के विधायक डॉ. जनक राज के अथक प्रयासों से व एसजेवीएन के सहयोग से एवं ओपन हैंड वेलफेयर संस्था द्वारा भरमौर के विभिन्न स्थानों में लगाए गए कैंपों में लगभग 3 हजार लोगों ने निशुल्क अपनी आंखों की जांच करवाई, इसमें 1490 लोगों को फ्री में चश्मे लगाए गए। 750 लोगों को उनकी जरुरत के अनुसार चश्मे बना कर मुफ्त दिए जाएंगे। 272 लोगों का मुफ्त में पालमपुर अस्पताल में इलाज करवाया जाएगा।

### नगर परिषद का चला अतिक्रमणकारियों पर डंडा

**एमएम डैनियल, चंबा।** नगर परिषद चंबा द्वारा एक बार फिर से मुख्यालय में अतिक्रमणकारियों पर शिकंजा कसने की कार्रवाई अमल में लाई गई। गौर हो कि नगर परिषद चंबा अधिकारियों व कर्मचारियों के एक दल द्वारा मुख्य बाजार गांधी गेट से लेकर चौगान से तीन व पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा के पास अवैध तौर पर चला रहे 10 रेहड़ी फड़ी संचालकों के चालान किए। उन्होंने कहा कि दोबारा अगर सड़क किनारे रेहड़ियों को सजाया तो सामान समेत रेहड़ियों को जब्त किया जाएगा। जिसके बाद भारी भरकम जुर्माना भरने के बाद ही वापस किया जाएगा। नगर परिषद की कार्रवाई से अवैध रेहड़ी फड़ी संचालकों में हड़कंप मच गया है। मेडिकल कालेज चंबा के पास सडक किनारे बेतरतीब ढंग से लगाई गई रेहड़ियों को हटाने से यहां अब आवाजाही के लिए रास्ता खुल गया है। जिससे लोगों व वाहन चालकों को आवाजाही में कोई दिक्कत नहीं होगी। नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी नीलम कुमारी ने बताया कि शहर परिसर में अवैध रेहड़ी-फड़ी से मुक्त करवाया जाएगा। बाजार के कई भागों में अवैध रेहड़ी फड़ी लगने से मुख्य व संपर्क मार्ग दिन व दिन संकरी हो रहे हैं, जिसे देखते हुए नप चंबा द्वारा कार्रवाई अमल में लाई गई है। (अनंत ज्ञान)

# मिंजर मेले की होगी 8 सांस्कृतिक संध्याएं

## 8 नाइट में 2 बॉलीवुड, 2 पंजाबी, 3 हिमाचली और एक चंबयाली नाइट शामिल

**एमएम डैनियल, चंबा**



अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला 2024 में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के संबंध में जिला मुख्यालय चंबा में सांस्कृतिक उपसमिति की बैठक का आयोजन किया गया।

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मेहरा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मिंजर मेले की 8 सांस्कृतिक संध्याओं में स्टार नाइट, स्थानीय तथा हिमाचली नाइट निर्धारित करने बारे, स्थानीय कलाकारों के कार्यक्रम प्रस्तुत करने बारे, स्टार कलाकारों को आमंत्रित करने बारे, हिमाचली कलाकारों को आमंत्रित करने बारे, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए स्टेज लाइट तथा साउंड बारे तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए आर्केस्ट्रा करने बारे विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला 2024 के दौरान आयोजित होने वाली कुल आठ सांस्कृतिक संध्याओं में से दो बॉलीवुड नाइट, दो पंजाबी नाइट, तीन हिमाचली नाइट तथा एक चंबयाली नाइट होंगी। मिंजर मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से संबंधित ऑडिशन के लिए संगीत कला में माहिर लोगों को निर्णायक मंडल में शामिल किया जाएगा।

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मेहरा ने बताया कि मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या को छोड़कर अन्य सभी सांस्कृतिक संध्याओं का समय रात्रि 10:00 बजे तक रहेगा जबकि अंतिम सांस्कृतिक संध्या रात्रि 12:00 बजे तक होगी।

उन्होंने बताया कि क्योंकि मिंजर मेला को अंतरराष्ट्रीय दर्जा प्राप्त है इसके मध्य नजर मेले में अंतरराष्ट्रीय प्रस्तुतियां शामिल करने का प्रयास भी किया जाएगा। एडीएम अमित मेहरा ने बताया कि यह बैठक बहुत ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई तथा इस दौरान समिति सदस्यों के बहुमूल्य सुझावों को ध्यानपूर्वक सुनने के पश्चात उन पर विस्तृत चर्चा की गई। (अनंत ज्ञान)

# पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पर्यावरण चेतना साहो के प्रयास सराहनीय : डीसी



बैठक के दौरान मौजूद डीसी मुकेश व अन्य।

**एमएम डैनियल, चंबा**

पर्यावरण चेतना एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केंद्र साहो पर्यावरण संबंधी जागरूकता के साथ-साथ कृषि तथा बागवानी से संबंधित शिक्षण व प्रशिक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर रही है इसलिए इससे संबंधित कृषि, बागवानी पशुपालन, वन तथा ग्रामीण विकास विभाग को इस संस्था के साथ बेहतर तालमेल स्थापित कर कार्य करने की आवश्यकता है ताकि भविष्य में पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों व बागवानों का आर्थिक सुदृढ़ीकरण किया जा सके। यह बात उपायुक्त चंबा व पर्यावरण चेतना एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केंद्र साहो के मुख्य संरक्षक मुकेश रेपसवाल ने जिला मुख्यालय चंबा में संस्था से संबंधित आयोजित बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए।

मुकेश रेपसवाल ने कहा कि यह संस्था गत दो दशकों से निरंतर इस दिशा में बेहतर प्रयास कर रही है लेकिन संस्था द्वारा इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों में बेहतर परिणाम लाने के लिए विभागीय अधिकारियों को भी संस्था के साथ बेहतर तालमेल के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। इससे

### बागवानी के लिए दिए बहुमूल्य सुझाव

पूर्व संस्था के वर्तमान अध्यक्ष कुलभूषण अभिमन्यु तथा संस्थापक सदस्य रतन चंद के अलावा सदस्य उमाकांत सहित अन्य सदस्यों ने भी संस्था द्वारा पर्यावरण संरक्षण के अलावा कृषि एवं बागवानी की दिशा में किए जा रहे प्रयासों बारे महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा भविष्य में इस दिशा में बेहतरीन परिणाम लाने वाले अपने-अपने बहुमूल्य सुझाव दिए।

बैठक में संस्था के संस्थापक सदस्यों व पदाधिकारियों ने मांग की कि संस्था के क्रमागत विकास व उपयोगिता के दृष्टिगत इसे एक शिक्षण व प्रशिक्षण केंद्र परिसर के रूप में कायम रखा जाए ताकि भविष्य में इस परिसर का उपयोग करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण तथा कृषि व बागवानी से संबंधित उद्देश्यों की पूर्ति की जा सके।

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने पर्यावरण चेतना एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केंद्र साहो के पदाधिकारीयों व सदस्यों को आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन की ओर से संस्था द्वारा पर्यावरण संरक्षण व कृषि बागवानी की दिशा में किया जा रहे प्रयासों में हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# हत्या के मामले में 5वां फरार आरोपी गिरफ्तार

**एमएम डैनियल, चंबा**

जिला चंबा के भटियात विस क्षेत्र में चाकू घोंपकर कर हत्या के मामले में मौके से फरार हुए पांचवें आरोपी विशाल को गांव लाहड़ी नगर पंचायत चुवाड़ी से मंगलवार सुबह गांव के रास्ते में पुलिस ने धरदबोचा। मामले की कुछ घंटों पश्चात पुलिस ने हत्या के मामले में पांच युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि गिरफ्तार आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल हैं।

पुलिस ने पकड़े गए चारों आरोपियों को डलहौजी स्थित न्यायालय में पेश किया गया। जहां से चारों आरोपियों को चार दिन का पुलिस रिमांड भेज दोबारा हाजिर करने के अदालत ने आदेश दिए। वहीं पांचवें नाबालिग आरोपी को जुवेनाइल जस्टिस कोर्ट में पेश किया जाएगा। जिसके बाद जुवेनाइल जस्टिस कोर्ट ही नाबालिग पर आगामी कार्रवाई करेगा। फिलहाल पुलिस द्वारा पकड़े गए चारों आरोपियों से कड़ी पूछताछ कर रही है।

अभिषेक यादव ने बताया कि फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसमें चार आरोपियों को डलहौजी न्यायालय में पेश करवाया गया। जहां माननीय न्यायाधीश ने चार आरोपियों को चार दिनों तक पुलिस रिमांड में भेजा है। जबकि मामले में शामिल पांचवें नाबालिग आरोपी को पुलिस द्वारा जुवेनाइल जस्टिस पेश किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# समस्याओं का समाधान नहीं कर पा रहे डलहौजी के विधायक : मनीष

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



आम आदमी पार्टी प्रदेश प्रवक्ता मनीष सरीन ने डलहौजी विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक वर्ष की समान समस्याओं का हवाला देते हुए डलहौजी विधायक पर निशाना साधा है। आप प्रवक्ता मनीष ने कहा की संपूर्ण डलहौजी विधानसभा क्षेत्र प्रत्येक वर्ष समान समस्याओं से संघर्षरत रहता है परंतु इन समस्याओं का कोई स्थाई समाधान नहीं किया जा रहा।

दशकों से आती इन समस्याओं से निजात पाने की उम्मीद से डलहौजी विधानसभा क्षेत्र की जनता ने 2022 के विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत देकर डीएस ठाकुर को विधायक चुना लेकिन डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी समस्याओं के बारे में विधायक ने बात तक नहीं की है। ऐसे में क्षेत्र की जनता अब अपने फैसले पर कहीं न कहीं संदेह कर रही है व निराशा में खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है।

विधायक को सलाह देते हुए मनीष ने कहा की क्षेत्र की जनता ने उन्हें धामों में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने के लिए नहीं बल्कि क्षेत्रहित में नीति निर्माण के लिए चुना था और यह बात उन्हें कभी भी भूलनी नहीं चाहिए। (अनंत ज्ञान)

# दो माह से बौखरी मोड़ में पेयजल के लिए हाहाकार

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

डल्हौजी के गांव बौखरी मोड़ के ग्रामीण पेयजल सप्लाई को सुचारु करने की मांग को लेकर विभागीय सहायक अभियंता विवेक दुग्गल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन से सहायक अभियंता को अवगत करवाते हुए प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पिछले लगभग 2 महीनों से उन्हें 4 दिन तो कभी 5 दिन बाद मात्र 5 बाल्टी पानी की सप्लाई दी जा रही है।

3 सप्ताह से तो आलम है कि यहां की महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों को भी नजदीकी खड्डु से शौच तक के लिए पानी लाना पड़ रहा है। बच्चों को पाठशाला जाने से पहले खड्डु से पानी घर तक छोड़कर जाना पड़ रहा है, ताकि उनकी वर्दियां धो सके। लोगों का कहना है कि पिछले कई महीनों से यह सिलसिला चलता आ रहा है, लेकिन अब बात बर्दाशत से बाहर हो चुकी है।ग्रामीणों ने एक सुर में कहा कि अगर जल के इस स्रोत में पानी नहीं है तो किसी दूसरे स्त्रोत से कनैक्शन दिए जाएं या नजदीकी हैंडपंप से सप्लाई दी जाए। (अनंत ज्ञान)

# 511 उपभोक्ताओं को विद्युत बोर्ड का नोटिस

**एमएम डैनियल, चंबा।** शहर मुख्यालय व आसपास के क्षेत्रों में बिजली बिल जमा न करवाने पर 511 उपभोक्ताओं के बिजली काटने के आदेश विद्युत बोर्ड ने नोटिस जारी किए गए हैं। अगर एक बार बिजली काट दी जाए तो दोबारा स्थाई रूप से सुचारु करने के लिए बिल की देय राशि के साथ-साथ 250 रुपए की दोबारा कनैक्शन लगवानें की अतिरिक्त फीस जमा करवानी होगी, तभी उनके कनैक्शन लगवाएं जाएंगे।

विद्युत बोर्ड अधिशाषी अभियंता परवेश कुमार ने बताया कि चंबा शहर व आसपास के शहरी क्षेत्रों में उक्त डिफाल्टर उपभोक्ताओं ने 26 लाख 90 हजार 326 रुपए का बिल जमा नहीं करवाया है। (अनंत ज्ञान)

# देश की विविधता का ध्यान और सम्मान करे वित्तायोग : डॉ. तंवर

**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)**



वित्त आयोग और केन्द्र सरकार को देश की विविधता का सम्मान करते हुए आबंटन के समय ठोस परिस्थियों को भी ध्यान में रखना चाहिए। वित्तीय आयोग के हिमाचल दौरे पर प्रतिक्रिया देते हुए हिमाचल किसान सभा के राज्याध्यक्ष और सेवानिर्वित अरण्यपाल डॉ. कुलदीप सिंह तंवर ने कहा कि हिमाचल ने भाखड़ा और पौंग बांध सहित विभिन्न जल विद्युत परियोजनाओं में 6 लाख हैक्टेयर कृषि भूमि में से 1 लाख कृषि भूमि कुर्बान की है जिसका लाभ बिजली और सिंचाई के रूप में मैदानी प्रदेशों को मिल रहा है। इस भूमि से विस्थापित अभी भी पुन:स्थापन की बाट जोह रहे हैं। डॉ. तंवर ने कहा कि वन सरक्षण कानून और नई वन नीति आने के बाद केंद्र ने प्रदेश की 67 प्रतिशत वन भूमि अपने अधिकार में ले तो ली परंतु इससे हर साल प्रदेश को जो 1000 करोड़ रुपए का राजस्व मिल रहा था उसकी एवज में कोई भी पैसा प्रदेश को नहीं मिल रहा। किसानों को मिलने वाली नौतोड़ भूमि से भी वंचित होना पड़ रहा है। डॉ. तंवर ने कहा कि पुरानी पेंशन स्कीम की बहाली को वित्तायोग को सकारात्मक दृष्टि से देखना चाहिए। उन्होंने हिमाचल किसान सभा की ओर से पर्यावरण संरक्षण, और पारिस्थितिकी संतुलन में योगदान के लिए प्रदेश को अतिरिक्त ग्रांट और वित्तीय प्रावधान करने की मांग की है।

# विद्यार्थियों ने मनाली में सीखे ट्रैकिंग के गुर



सामूहिक चित्र में डीएवी के स्कूल विद्यार्थी।

**अनिल शर्मा, मंडी**

डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी के 84 छात्र और छात्राओं का दल अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटनेरिंग एंड एलाइड स्पोर्ट्स मनाली से लौट आया। शारीरिक शिक्षा अध्यापक सुशील सेन ने बताया कि यह दल विद्यालय प्रांगण से एडवेंचर कम ट्रैकिंग कोर्स के लिए अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटनेरिंग एंड एलाइड स्पोर्ट्स मनाली के लिए रवाना हुआ। प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने विद्यार्थियों के आगमन पर उन्हें हार्दिक बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

# महिलाओं को खुलवाने होंगे बैंक खाते

**एमएम डैनियल, चंबा**

प्रदेश सरकार की इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना का लाभ पाने के लिए महिलाओं को डाक घर में बचत बैंक खाते खुलवाने होंगे तभी वह इस योजना से पूर्ण रूप से जुड़ पाएंगी। महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए की राशि उनके खाते में ट्रांसफर की जाएगी। कार्यालय सहायक चंबा डाक मंडल पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया किमहिला लाभार्थियों को सूचित किया जाता है कि प्रदेश सरकार की इस योजना का लाभ लेने के लिए डाकघर में जाकर अपने बचत बैंक का खाता खुलवाएं । (अनंत ज्ञान)


## कार्यालय ग्राम पंचायत ततोहली परडाणा
### विकास खंड धर्मपुर, जिला मंडी (हि.प्र.)

## निविदा सूचना

ग्राम पंचायत ततोहली परडाणा में वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायत द्वारा किए जाने वाले समस्त विकास कार्यों के लिए निर्माण हेतु समस्त सामग्री की सप्लाई के लिए मोहर बंद लिफाफे में निविदाएं दिनांक 25.06.2024 से 09.07.2024 सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं सामग्री का विवरण इस प्रकार से है:-

1. क्रैशर रेत (प्रति घन मीटर) 2. क्रैशर बजरी 10,20,40,एमएम (प्रति घन मीटर) 3. गोला पत्थर सोलिंग (प्रति घन मीटर) 4. तुड़वा पत्थर (प्रति घन मीटर) 5. सीमेंट किराया प्रति बैग की दर धर्मपुर से कार्यस्थल तक 6. सीमेंट चढ़ाई उतराई 7. जेसीबी कटिंग (प्रति घंटा) 8. जेसीबी मशीन ब्रेकर द्वारा कटिंग (प्रति घंटा) 9. शटरिंग (प्रति वर्ग मीटर) 10. शटरिंग (प्रति रनिंग मीटर) **नियम व शर्तें:-** निविदाएं ग्राम पंचायत ततोहली परडाणा के कार्यालय में डाक द्वारा मोहर बंद लिफाफे में दिनांक 09.07.2024 को सायं 5.00 बजे तक प्रधान/सचिव के पास पहुंच जानी चाहिए। इसके उपरांत प्राप्त होने वाली निविदाएं मान्य नहीं होंगी। सामग्री सप्लाई ग्राम पंचायत के समस्त वार्डों में कार्यस्थल तक करनी होगी। और खड्डु व नदी का रेता, बजरी मान्य नहीं होगा और इसकी अदायगी पंचायत द्वारा नहीं की जाएगी। सप्लायर अपना बैंक खाता संख्या व जीएसटी/टिन नं. व लाईसेंस का प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है जीएसटी/टिन नं. निविदाताओं को प्राथमिकता दी जाएगी और निविदादताओं को अपनी निविदा के साथ ग्राम पंचायत के नाम धरोहर सुरक्षित प्रतिभूति राशि मु. 50,000/-का ड्राफ्ट/एफडी दिनांक सहित डाक द्वारा मोहर बंद लिफाफे में उपरोक्त समय अवधि के भीतर पहुंच जानी चाहिए। अगर यह सभी औपचारिकताएं कुटेशन के साथ पूर्ण नहीं है तो कुटेशन मान्य नहीं होगी। अधूरी निविदाएं मान्य नहीं होगी। ग्राम पंचायत को निविदा रद्द करने का अधिकार होगा। स्वीकृत होने वाली निविदा को निविदादाता अगर किसी कारण बस सामग्री देने में असमर्थ रहता है तो ठीक सप्लाई ऑर्डर देने के सात दिन के बाद कुटेशन रद्द कर दी जाएगी। और दूसरे नं. के सप्लायर को मौका दिया जाएगा। इसकी कोई अपील व दलील नहीं सुनी जाएगी। और निविदादाता को रेत व बजरी के बिल के साथ एम फार्म देना होगा बिना एम फार्म के किसी भी बिल की अदायगी पंचायत द्वारा नहीं की जाएगी। और निविदाताओं को निविदा में किसी भी रेट में कटिंग नहीं होनी चाहिए। रेट में कटिंग की हुई निविदा मान्य नहीं होगी। निविदाएं दिनांक 10.07.2024 को प्रातः 11 बजे समस्त पंचायत पदाधिकारियों व कमेटी तथा निविदाताओं के सामने ही सभी निविदाएं कार्यस्थल ग्राम पंचायत में खोली जाएंगी। और निविदा को रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा।

**प्रधान/सचिव, कार्यालय ग्राम पंचायत ततोहली परडाणा**
**विकास खंड धर्मपुर, जिला मंडी (हि.प्र.)**



## OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT MULTHAN/DHARMAN DEVELOPMENT BLOCK BAINATH, Distt. Kangra (H.P.)

The sealed quotations are hereby invited for Financial Year 2024-25 to supply the following materials/items in the office of Gram Panchayat,, MULTHAN / DHARMAN of Development Block Baljanth, District Kangra H.P.

| S. N. | Particular | Unit | Rate In Fig. | Rate In Words |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Sand | Cft. | | |
| 2. | Crushed Aggregate 10mm, 20mm | Cft. | | |
| 3. | Crushed Aggregate 40mm | Cft. | | |
| 4. | Brick 1st class | No. | | |
| 5. | Brick 2 class | No. | | |
| 6. | Soling Stone | Cft. | | |
| 7. | Cut stone (6 inch) | No. | | |
| 8. | Chakla Stone | No. | | |
| 9. | Steel angle iron, Tee joints, Channel and Flat (ISI) etc. | Kg. | | |
| 10. | Prepainted Steel Sheet (60mm) (ISI) | Kg. | | |
| 11. | Sheet Corrugated or Plain (63 mm)galvanized (ISI) | Kg. | | |
| 12. | Steel frames for doors and windows (Angle iron) | Kg. | | |
| 13. | Glazed Tiled 6 to 8 mm (ISI) | Sqm | | |
| 14. | Barbed Wire | Kg. | | |
| 15. | Welded mesh (25X25 mm) | Kg. | | |
| 16. | G.I. Wire (4mm) | Kg. | | |
| 17. | G.I. Fencing mesh 75X75mm (3mm) | Sqm | | |
| 18. | RCC hume pipe with coller 900mm diameter (NP3) | Meter | | |
| 19. | RCC hume pipe with coller 600mm diameter (NP3) | Meter | | |
| 20. | RCC hume pipe with coller 500mm diameter | | | |
| 21. | RCC hume pipe with coller 300mm diameter (NP3) | Meter | | |
| 22. | Plywood 3mm (ISI) | Sqm | | |
| 23. | Plywood 4mm (ISI) | Sqm | | |
| 24. | Plywood 6mm (ISI) | Sqm | | |
| 25. | ACC Sheet (4"X4")4mm (ISI) | No. | | |
| 26. | Steel Grill | Kg | | |
| 27. | Steel Dust Bin | Kg | | |
| 28. | Cutting/Excavation by JCB Machine (Hydraulic excavator) | Hour | | |
| 29. | Hire charges of Steel Shuttering | | | |
| 30. | Hire Charge of wooden Shuttering | Sft. | | |
| 31. | Interlocking Concrete paver 40mm (ISI) | Sqm | | |
| 32. | Interlocking Concrete paver 60 mm (ISI) | Sqm | | |
| 33. | Interlocking Concrete paver 80mm (1SI) | Sqm | | |
| 34. | G.I. Pipe (ISI) 15mm | Rmt. | | |
| 35. | G.I. Pipe (ISI) 20mm (medium) | Rmt. | | |
| 36. | Oil bound distemper (ISI) | Kg. | | |
| 37. | Weather exterior paint (ISI) | Ltr. | | |
| 38. | Enamel paint (ISI) | Ltr. | | |
| 39 | Wall putty (ISI) | Kg. | | |
| 40. | Wood Primer (ISI) | Kg | | |
| 41. | Red oxide (IST) | Ltr. | | |
| 42. | European Toilet Sheet (ISI) | No. | | |
| 43 | Indian toilet Sheet (ISI) | No. | | |
| 44 | Woodan Doors & Windows Chokhat | R.F.T. | | |
| 45 | Woodan Doors & Windows Shutter | R.F.T. | | |
| 46 | Cement Carriage & Loading, Unloading from civil supply to Panchayat | per unit | | |
| 47 | Shine Board with writing Size 2*1.5 or 2.5*3 | Per No Per Kg | | |
| 48 | Welding Material Labour | Per KG | | |

The interested firms/contractors are requested to submit their sealed quotations for supply of above mentioned materials/items through registered post or in person on before 29 june 2024 up to 03:00PM in the office of concerned Gram Panchayats. The quotations will be open on next day dated 01 July 2024 at 11.00 AM in the presence of participants or their epresentatives before purchase committee of concerned Gram Panchayat.

**Terms and Conditions:-** 1. Conditional quotation will not be accepted. 2. The firm/Vendor must have GST Number. 3. Rates quoted should include GST and all other charges. 4. 100% payment will be made through EFMS and RTGS to firins/Contractors 5. The rates should be F.O.R. nearest to the work site of concerned Gram Panchayat. 6. Firms/Vendor are required to quote their rates clearly in words and figures. 7. Rates from contractors/Firms should be received In Performa issued by concerned GP. B. Firms/Vendor who are applying as a vendor will have to deposit Rs.25000/-(Twenty five Thousands only) as security money in the respective gram Panchayat and those vendor whose quotation accepted, whose security money will be kept as a earnest money and those vendor whose quotation rejected their security money will be refunded. If Firms/vendor whose quotation approved fails to fulfill the terms and conditions of the agreement, his agreement would be liable to be cancelled and his security money stand forfeited. 9. Firm/Vendor will have to deposit Rs.1000/-(Rs. One Thousands only) towards the stationary expenses who are applying for vendor. 10. The quotations which do not follow terms and conditions will be rejected. 11. All quotations should be submitted in the office of concerned Gram Panchayat and not in BDO Office. 12. As per Panchayat Raj Act Rule 1997 under section 137 of Himachal Pardesh no office bearer of Panchayat (Paradhan, Up-Pardhans, Ward Members or any other Person in his/her blood relation cannot be vendor in same Gram Panchayat.13. Information of approved vendor along with their passed quotation be sent through e-mail to this office same day by concerned Panchayat.

**Panchayat Secretary,**
**Gram Panchayat MULTHAN / Dharman**


## सूडोकु 00107 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 00106 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

26 जून, 2024, बुधवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** ज्येष्ठ, **तिथि** पंचमी: (8:57) : **नक्षत्र :** धनिष्ठा (1:05), **पक्ष :** कृष्ण, **योग:** विश्कुम्भ (6:13) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:23 - 02:08 ।

## विशेष दिन

- 26 जून 2024 : विश्व नशा मुक्ति दिवस आज।
- 26 जून 2024 : बंगाल में आज मनाई जाएगी नागपंचमी।

**मेष:** आज के दिन आप बिना झंझट विश्राम कर सकेंगे। अपनी मांसपेशियों को आराम देने के लिए तेल से मालिश करें। आर्थिक तौर पर सुधार तय है।

**वृषभ:** आपकी प्रगति को बाधित कर रही है, उससे बाहर निकलने का समय है। चालाकी भरी आर्थिक योजनाओं में फंसने से बचें- निवेश करने में काफ़ी सावधानी बरतें।

**मिथुन:** आप खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं, जो आपको तन्दुरुस्त बनाए रखेगा। माली सुधार की वजह से ज़रूरी ख़रीदारी करना आसान रहेगा।

**कर्क:** दोस्तों और परिवार के सदस्यों को आपकी ज़िन्दगी भले ही बेहतरीन नज़र आए- लेकिन हाल में हुई किसी घटना के चलते आप अन्दर-ही-अन्दर खिन्न और उदास होंगे।

**सिंह:** बच्चे आपकी शाम को ख़ुशी की चमक लाएंगे। थकाऊ और उबाऊ दिन को अलविदा कहने के लिए एक बढ़िया डिनर की योजना बनाएं।

**कन्या:** व्यस्त दिनचर्या के बावजूद सेहत अच्छी रहेगी। लेकिन इसे हमेशा के लिए सच मानने की ग़लती न करें। अपनी ज़िंदगी और सेहत का सम्मान करें।

**तुला:** चालाकी भरी आर्थिक योजनाओं में फंसने से बचें- निवेश करने में काफ़ी सावधानी बरतें। जिन्हें भावनात्मक संबल की ज़रूरत है, वे पाएंगे कि बड़े मदद के लिए आगे आ रहे हैं।

**वृश्चिक:** अपनी ऊर्जा को व्यक्तित्व-विकास के काम में लगाएं, जिससे आप और भी बेहतर बन सकें। आर्थिक तौर पर सिर्फ़ और सिर्फ़ एक स्रोत से ही लाभ मिलेगा।

**धनु :** मुश्किल परिस्थितियों का सामना करते वक़्त आपको हिम्मत और मज़बूती दिखाने की ज़रूरत है। सकारात्मक रवैये के माध्यम से आप आसानी से इन बाधाओं को पार कर सकते हैं।

**मकर:** धैर्य बनाए रखें, क्योंकि आपकी समझदारी और प्रयास आपको सफलता ज़रूर दिलाएंगे। अपने ख़र्चों पर क़ाबू रखें और आज हाथ खोलकर व्यय करने से बचें।

**कुंभ :** पीने की आदत को अलविदा कहने के लिए बहुत ही अच्छा दिन है। आपको समझना चाहिए कि शराब सेहत की सबसे बड़ी दुश्मन है और यह आपकी क्षमताओं पर भी कुठाराघात करती है।

**मीन:** किसी संत पुरुष का आशीर्वाद मानसिक शान्ति प्रदान करेगा। आर्थिक मामलों में अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है। विवाहेतर प्रेम संबंध आपकी प्रतिष्ठा धूमिल कर सकते हैं।

**जब** हम विनम्र होते हैं तो तब हम महानता के सबसे नजदीक होते हैं। **-रबींद्रनाथ टैगोर**

## संपादकीय

# लोकसभा अध्यक्ष पद पर रार

सत्ता पक्ष और विपक्ष में सहमति न बनने पर लोकसभा के अध्यक्ष पद के लिए मतदान होगा, यानी स्पीकर का फैसला वोटिंग से होगा। इस पद को लेकर दोनों पक्षों में रार पैदा हो गई है। यह परंपरा 72 साल बाद बदलने जा रही है। 1952 में जब पहली लोकसभा का गठन हुआ था, तब भी अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ था। सत्ता पक्ष से जीवी मावलंकर उम्मीदवार थे, जबकि विपक्ष के उम्मीदवार शंकर शांतराम मोरे थे। मावलंकर के पक्ष में 394, जबकि शांताराम को सिर्फ 55 वोट मिले थे। अब 18वीं लोकसभा के स्पीकर के चयन को लेकर एक बार फिर इतिहास दोहराया जाएगा। यह तो होना ही था, क्योंकि इसकी पटकथा पहले ही लिखी जा चुकी थी।

दरअसल, यह मामला प्रोटेम स्पीकर के चयन को लेकर उलझा। सरकार ने जब भर्तृहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर बनाया तो विपक्ष ने इस पर आपत्ति जताई। विपक्ष का आरोप था कि सरकार ने के. सुरेश की वरिष्ठता को नजरअंदाज किया। वह आठ बार के सांसद हैं। ऐसे में उन्हें ही प्रोटेम स्पीकर बनाना चाहिए था। इसके बाद विपक्ष ने सरकार को सपोर्ट करना बंद कर दिया और वोटिंग से स्पीकर पद चुनने का विकल्प रख दिया। अब सरकार की ओर से ओम बिरला और विपक्ष की ओर से के. सुरेश उम्मीदवार हैं। दोनों के बीच कड़ा मुकाबला होगा। विपक्ष ने पहले दिन ही संसद में संविधान का मसला उछाला और संसद की प्रतियां लेकर मार्च निकाला। इससे स्पष्ट हो गया है कि इस बार विपक्ष का रुख कड़ा रहने वाला है। राहुल गांधी के बयान से इस बात को और बल मिलता है कि वह पीछे हटने वाले नहीं हैं।

हालांकि पहले इस बात की पूरी संभावना थी कि विपक्ष के. सुरेश के नाम को पीछे हटा सकती है, अगर डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को मिल जाता है। अब तक निचले सदन में अध्यक्ष सर्वसम्मति से ही चुना जाता रहा है। पिछली बार भी ऐसा ही हुआ था। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 93 में लोकसभा के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव किया जा सकता है और इसके लिए बकायदा वोटिंग का प्रावधान है। लोकसभा अध्यक्ष के पद का हमारे संसदीय लोकतंत्र में एक महत्वपूर्ण स्थान है। अध्यक्ष उस सदन की गरिमा और शक्ति का प्रतीक है, जिसकी वह अध्यक्षता करता है। पद और वरीयता के संबंध में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, अपने-अपने राज्यों के राज्यपाल और पूर्व राष्ट्रपति, उप प्रधानमंत्री के बाद छठे स्थान पर भारत के मुख्य न्यायाधीश के साथ लोकसभा अध्यक्ष का पद आता है। सत्ता पक्ष के पास पूर्ण बहुमत है, उसको कोई दिक्कत नहीं होने वाली है। विपक्षी गठबंधन के पास समर्थन कम है, लेकिन वह इस तरीके से अपना उम्मीदवार खड़ा करके इस लोकसभा में अपना शक्ति प्रदर्शन करना चाहता है। वह बताना चाहता है कि विपक्ष एकजुट है और वह सरकार के हर फैसले को मानने वाला नहीं है। सरकार अगर संसदीय परंपराओं के खिलाफ जाएगी तो उसके खिलाफ खड़े होंगे, इसीलिए जब डिप्टी स्पीकर को लेकर सरकार की तरफ से कोई आश्वासन नहीं दिया गया तो उन्होंने अध्यक्ष पद के लिए के. सुरेश के नाम को आगे बढ़ा दिया। सत्ता पक्ष कह रहा है कि लोकसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष किसी पार्टी का नहीं होता है, वह पूरे सदन का होता है। शर्तों के आधार पर लोकसभा का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष किसी पार्टी विशेष का हो, ऐसी कोई परंपरा नहीं है, लेकिन इस कथन से भला विपक्ष कहां मानने वाला है।

लोकसभा अध्यक्ष का पद बेहद महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि उसके ऊपर बहुत सारी जिम्मेदारियां होती हैं। भारत में लोकसभा अध्यक्ष सभा का संवैधानिक और औपचारिक प्रमुख होता है। लोकसभा की कार्यवाही के संचालन का उत्तरदायित्व अध्यक्ष पर ही होता है। लोकसभा अध्यक्ष को संसद के अपने कर्तव्यों के निर्वहन में आने वाली वास्तविक आवश्यकताओं और समस्याओं का समाधान करना पड़ता है। सदन का संचालन, प्रश्न और अभिलेख, ध्वनि मत, विभाजन, अविश्वास प्रस्ताव, मतदान और सदस्यों की अयोग्यता जैसे अहम मामले अध्यक्ष की शक्तियों में आते हैं। खैर, अब यह तय हो गया है कि इस बार लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव वोटिंग से होगा, इसलिए फैसले ऐसे हों जिनमें फासला न हो। देश सबका है। चाहे वह सत्ता पक्ष हो या विपक्ष। भारत के लोकतंत्र में नए आयाम जुड़ने चाहिएं। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### 'वंदे मातरम्' राष्ट्र गीत के रचयिता

बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय 19वीं शताब्दी के बंगाल के प्रकांड विद्वान तथा महान कवि और उपन्यासकार थे। 1874 में उन्होंने प्रसिद्ध देश भक्ति गीत वंदे मातरम् की रचना की, जिसे बाद में आनंद मठ नामक उपन्यास में शामिल किया गया। उनका जन्म बंगाल के 24 परगना जिले के कांठल पाड़ा नामक गांव में एक संपन्न परिवार में हुआ था। उनकी लेखनी से बंगला साहित्य तो समृद्ध हुआ ही है, हिंदी भी अपकृत हुई है। वह ऐतिहासिक उपन्यास लिखने में सिद्धहस्त थे। 27 वर्ष की उम्र में उन्होंने 'दुर्गेश नंदिनी' नाम का उपन्यास लिखा। इस ऐतिहासिक उपन्यास से ही साहित्य में उनकी धाक जम गई। फिर उन्होंने 'बंग दर्शन' नामक साहित्यिक पत्र का प्रकाशन प्रारंभ किया। रबींद्रनाथ ठाकुर 'बंग दर्शन' में लिखकर ही साहित्य के क्षेत्र में आए। वह बंकिम को अपना गुरु मानते थे। बंकिम चंद्र का जन्म उस काल में हुआ, जब बंगला साहित्य का न कोई आदर्श था और न ही रूप या सीमा का कोई विचार। उनकी शिक्षा बंगला के साथ-साथ अंग्रेजी व संस्कृत में भी हुई थी। आजीविका के लिए उन्होंने सरकारी सेवा की, परंतु राष्ट्रीयता और स्वभाषा प्रेम उनमें कूट-कूट कर भरा हुआ था। युवावस्था में उन्होंने अपने एक मित्र का अंग्रेजी में लिखा हुआ पत्र बिना पढ़े ही इस टिप्पणी के साथ लौटा दिया था कि, 'अंग्रेजी न तो तुम्हारी मातृभाषा है और न ही मेरी'। सरकारी सेवा में रहते हुए भी वह कभी अंग्रेजों से दबे नहीं। 'वंदे मातरम्' राष्ट्र गीत के रचयिता होने के नाते वह बड़े सम्मान के साथ सदा याद किए जाते रहेंगे। ■



**बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय**
**जन्म :** 26 जून, 1838
**मृत्यु :** 8 अप्रैल, 1894

## अपनी बात

**छात्रों** की जानकारी को परखने के लिए परीक्षा का आयोजन किया जाता है। परीक्षा का नाम सुनते ही हर विद्यार्थी के मन में एक अनजान सा भय आ जाता है। यही भय विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी करने में मन को एकाग्रचित नहीं करने देता है। परीक्षा के आने से पहले ही विद्यार्थी अवसाद में चले जाते हैं। परीक्षा में असफल होने का भय हमेशा विद्यार्थियों के मन में बना रहता है, जिसके कारण वे अपनी तैयारी सही ढंग से नहीं कर पाते हैं। परीक्षा को लेकर अपने विषयों के सिलेबस के अनुसार ही अपनी तैयारी करें। स्टडी मैटीरियल और नोट्स इत्यादि इकठ्ठा कर लें। टाइम-टेबल बनाएं और उस पर अमल करें। एक योजना के साथ अपनी तैयारी को अंजाम दें। नोट्स और किताबों के साथ रोजाना सुबह-शाम उनका अभ्यास करें। रोजाना पौष्टिक आहार का ग्रहण करें। प्रयाप्त नींद लें। शारीरिक व्यायाम करें। पढ़ाई से ब्रेक अवश्य लेते रहें। दिमाग को शांत और खुश रखने के लिए खुद का मनोरंजन करें, तभी आपको सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। **-अरुण, सुलह**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# एमएसपी घोषणा से दलहन-तिलहन में बढ़ेगी आत्मनिर्भरता

केंद्र सरकार की खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा से दलहन और तिलहन के उत्पादन में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में बढ़ता कदम माना जाना चाहिए। देश में तिलहन और दलहन का उत्पादन पिछले सालों में लगातार बढ़ता जा रहा है, पर अभी भी देश दलहन और तिलहन के क्षेत्र में घरेलू जरूरत पूरी होने जितना उत्पादन हो नहीं पा रहा है। हालांकि अब धीरे-धीरे दलहन तिलहन का उत्पादन बढ़ने लगा है और केंद्र सरकार 2027 तक दलहन के क्षेत्र में देश की विदेशी निर्यात पर पूरी निर्भरता कम होने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है।

केंद्र सरकार की आगामी खरीफ के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्यों की घोषणा से यह साफ हो जाता है कि सरकार दलहन और तिलहन के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सही व योजनावद्ध तरीके से कदम बढ़ा रही है। सरकार का लक्ष्य है कि 2027 तक दलहन के क्षेत्र में इस हद तक आत्मनिर्भर हो जाए कि विदेशों से एक दाना भी दाल का आयात नहीं करना पड़े। एक मोटे अनुमान के अनुसार दुनिया भर में कुल उत्पादित दालों अर्थात दलहनी फसलों में भारत की भागीदारी 25 प्रतिशत के लगभग है। 2027 तक यह लक्ष्य अर्जित करने के लिए हमें 28 फीसदी का आंकड़ा छूना होगा। देश के कृषि वैज्ञानिकों और किसानों के संयुक्त प्रयास से देश में कृषि उत्पादन में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। सरकार द्वारा भी इस दिशा में लगातार प्रयास जारी है और जिस तरह के परिणाम सामने आ रहे हैं, वे निश्चित रूप से सकारात्मक और उत्साहवर्धक हैं। न्यूनतम समर्थन मूल्यों में लगातार बढ़ोतरी और तिलहनी-दलहनी फसलों की खरीद के आश्वासन से किसानों का दलहन-तिलहन के प्रति रुझान बढ़ा है। केंद्र सरकार ने खरीफ फसल की धान एवं ज्वार की दो किस्मों सहित 16 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा कर एक बार फिर किसानों को बड़ी राहत दी है। केंद्र सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य के अनुसार सर्वाधिक बढ़ोतरी नाइजरसीड यानी कि राम तिल पर की गई है तो दालों में अरहर/तुअर की दाल के एमएसपी में भी 550 रुपए की बढ़ोतरी की गई है।



**लेखक : डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

वैसे सरकार द्वारा खरीफ की सभी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में उल्लेखनीय और किसानों को प्रोत्साहित करने वाली बढ़ोतरी की है। न्यूनतम समर्थन मूल्यों की घोषणा के पीछे उद्देश्य यह रहा है कि किसानों को कम से कम उनकी लागत का पूरा मूल्य मिल सके। देश में पहली बार 1966-67 में केवल गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई थी। एक अगस्त, 1964 में तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी गठित की थी। इसके बाद सरकारों ने अन्य प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने की और कदम बढ़ाए। केंद्र सरकार द्वारा सीएसीपी यानी कि कृषि मूल्य एवं लागत आयोग की सिफारिश पर कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाने लगी। आज देश में 23 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। इसमें 7 गेहूं, धान आदि अनाज फसलें, 5 दलहनी फसलें, 7 तिलहनी फसलों, 4 नकदी फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है।

नकदी फसलों में गन्ना के सरकारी खरीद मूल्य की सिफारिश गन्ना आयोग द्वारा की जाती है तो गन्ने की खरीद भी सीधे गन्ना मिलों द्वारा की जाती है। इसी तरह से कपास की खरीद सीसीआई यानी कि कॉटन कारपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा की जाती है। मुख्यतौर से अनाज की खरीद भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से और दलहन व तिलहन की खरीद नेफैड द्वारा राज्यों की सहकारी संस्थाओं और अन्य खरीद केंद्रों के माध्यम से की जाती है। केरल सरकार ने 16 तरह की सब्जियों के बेस मूल्य तय कर सब्जी उत्पादक किसानों को बड़ी राहत देने की पहल की है, तो हरियाणा सरकार भी केरल की तरह हरियाणा सरकार भी सब्जियों का बेस मूल्य तय करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। किसानों के लिए सर्वाधिक चर्चित एमएस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने को लेकर भी प्रमुखता से जोर दिया जाता रहा है। एमएस स्वामीनाथन आयोग ने 2004 में अपनी सिफारिश में न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने का एक फार्मूला सुझाया था कि उत्पादन लागत से कम से कम 50 प्रतिशत अधिक एमएसपी घोषित की जाए।

हालांकि सरकार का दावा है कि खरीफ 2024 के लिए घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2018-19 की बजट घोषणा के अनुरूप अखिल भारतीय औसत उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर तय किया गया है। सरकारी दावों की बात की जाए तो बाजरा की उत्पादन लागत पर 77 प्रतिशत तो तूअर पर 59 प्रतिशत, मक्का पर 54 प्रतिशत, उड़द पर 52 प्रतिशत तो बाकी अन्य फसलों पर भी उत्पादन लागत पर 50 प्रतिशत मार्जिन होने का अनुमान व्यक्त किया गया है। दरअसल देश में तिलहन और दलहन उत्पादन के लिए सरकारें गंभीर रही हैं। 1986 में सैम पित्रोदा की अध्यक्षता में टीएमओ यानी कि तिलहन प्रौद्योगिकी मिशन का गठन किया गया था। इस मिशन के माध्यम से देश में तिलहनों के उत्पादन को बढ़ाना था। राजस्थान सहित देश के प्रमुख उत्पादक राज्यों में तिलहन उत्पादन बढ़ाने के समन्वित प्रयास किए गए। राजस्थान में तो सहकारी क्षेत्र में तेल मिलें भी लगाई गईं और तिलहन सोसायटियां गठित कर उनका संघ भी बनाया गया। तेल मिलों का संचालन भी इसी संघ को दिया गया, पर कालांतर में तिलम संघ की तेल मिलें तो बंद हो गईं, वहीं तिलम संघ अपने अस्तित्व को बनाए रखने के लिए आज भी जूझ रहा है। कमोबेश यही स्थिति अन्य प्रदेशों में भी रही है। खैर यह विषयांतर हो गया पर 1990 में दलहन को भी इस तिलहन प्रौद्योगिकी मिशन के दायरे में लाया गया। इसके बाद 1992-93 और 95-96 में पाम ऑयल और मक्का को भी इस तिलहन प्रौद्योगिकी मिशन के दायरे में लाकर इनके उत्पादन को बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

2021 से मिशन पॉम ऑयल भी सकारात्मक दिशा में बढ़ता कदम माना जा सकता है। इसके माध्यम से सरकार ने 15 राज्यों में पॉम ऑयल के उत्पादन को बढ़ावा देने के प्रयास किए। इस मिशन के तहत 2025-26 में पूर्वोत्तर राज्यों में 3.28 लाख हेक्टेयर में और पूर्वोत्तर के इतर राज्यों में 3.22 लाख हेक्टेयर में पॉम ऑयल की खेती का रकबा पहुंचाने का लक्ष्य रख कर सरकार चल रही है। खैर दो बातें साफ हो जानी चाहिएं कि देश को तिलहन और दलहन की पैदावार में बढ़ोतरी कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाना और समयपूर्व एमएसपी घोषित करना सही दिशा में बढ़ता प्रयास है तो दूसरी और न्यूनतम घोषित दर किसानों को मिले, यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है। इसके लिए खरीद व्यवस्था को चाक-चौबंद और खरीद तंत्र को मजबूत बनाना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# थोड़ा तो धीर धरो जनाब!

कोई ऐसा कैसे कर सकते हैं? बोलने, यहां तक की सोचने की अवांछित हिम्मत भी कैसे कर सकते हैं विश्व के सबसे बड़े और समृद्ध लोकतंत्र में! करोड़ों भारतीय नागरिकों द्वारा प्रत्यक्ष रूप से चुनी गई भारत सरकार 6 लोकसभा 8 को तोड़ने या अस्थिर करने के बयान और धमकियां देने वाले कुछ राजनीतिक दल और नेता भला लगातार ही ऐसा किस बूते पर कर रहे हैं?



**लेखक : मुमुक्षु के ठाकुर**
मतियारा, चंबा

99 या 100 को 240 से बड़ा और महान घोषित कर देना विशिष्ट प्रवृत्ति के कुछ राजनीतिकों के अनैतिक व्यवहार की पराकाष्ठा को भी स्पष्ट रूप से इंगित करता है। 240 लोकसभा सदस्यों के अग्रणी नेतृत्व में भारत सरकार का सफलता और कुशलता से चलना अधिक श्रेयष्कर है या 100 लोगों के? सार्वजनिक क्षेत्र में स्वार्थ की लगभग सभी सीमाएं पार कर चुके नेताओं को कम से कम ब्रह्मांड की श्रेष्ठतम शक्तियों अर्थात भगवान से तो डरना चाहिए।

240 लोगों की अपेक्षा अपने आप को श्रेष्ठ होने का दावा करने वाले सौ लोगों के लिए यह सार्वजनिक और खुली चुनौती है कि कुछ एक नेता लोग भविष्य में जनता का सामना कैसे कर पाएंगे? भारत सरकार को गिराने की इच्छा और चेष्टा रखने वाले लोग अभी दोबारा चुनाव लड़ने का साहस कर सकें तो इनमें से 90 प्रतिशत से अधिक लोगों को प्रभुसत्ता संपन्न भारत की जनता बहुत ही भयंकर तरीके से हराकर धुल -धूसरित कर देगी। इस प्रबल संभावना से कौन प्रबुद्ध और जिम्मेदार नागरिक इंकार कर सकते हैं? सत्ता प्राप्ति का विशेष अधिकार स्वतंत्र भारत के हर नागरिक को है, लेकिन इसका यह कतई अर्थ नहीं है कि सत्ता की अंधी और अनवरत भूख में स्थिर, सक्षम सरकार को गिराने के लिए सुबह-शाम, दिन-रात तुले रहें और विविध प्रकार के कथित षड्यंत्र रचने का अनैतिक और असंवैधानिक प्रयास करते रहें! संयम और सब्र की सख्त जरूरत है।

अन्य राजनीतिक दलों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से कोसते रहने के बजाय स्वयंम अपने राजनीतिक घोषणा पत्र या संकल्प पत्र ही सारा ध्यान लगाकर सार्वजनिक विकास के सकारात्मक कार्यों पर ही सारा ध्यान केंद्रित करना चाहिए। यह जो पब्लिक है, सब जानती है। दूसरे दल असफल रहते हैं, तो जिम्मेदार भारतीय नागरिक प्रतिपक्ष के नेताओं को देश की सेवा करने का भरपूर अवसर अवश्य ही देंगे। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

### कविता



**मानव**
विक्रम कौशल प्रयास
समोट, जिला चंबा

*हे मानव! जरा सोच,*
*निजी भविष्य के लिए,*
*धरती पर अनगिनत,*
*प्रहार क्यों शुरू किए।*
*प्रकृति के दोहन से,*
*समृद्ध न हो पाएगा।*
*न हो बेखबर*
*कल भयंकर आएगा।*
*दात्री धरा पूछ रही,*
*जंगल क्यों जला रहा।*
*आने वाली पीढ़ी के लिए,*
*है क्या तू बचा रहा।*
*हवा, पानी, मिट्टी आज,*
*हर जगह है दूषित हुई।*
*रुग्ण बन दर-दर भटका,*
*काया तेरी कलुषित हुई।*
*चाह है भले जीवन की तो,*
*धरती में खूब पेड़ लगा।*
*वन में असंख्य जीव जलता,*
*तू जंगल को यूं न जला।*

# नशा कर रहा है समाज को बर्बाद

**विश्व नशा निवारण दिवस पर विशेष**

नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार को बर्बाद करता है और उससे भी आगे जाकर यह पूरे समाज को बर्बाद करता है। समाज में कई तरह के अपराध तो केवल नशे के कारण होते हैं। कुछ लोग लूट-मार जैसी वारदातों को केवल इसलिए अंजाम देते हैं ताकि वे नशीले पदार्थों की अपनी जरूरतें पूरी कर सकें। खास कर वे युवा जो बेरोजगार हैं या जिनकी आमदनी कम है, वे अगर नशे के चंगुल में फंस गए तो उनके पास अपनी यह जरूरत पूरी करने के लिए केवल गलत रास्ते ही हैं। पहले वे अपने घर से ही छोटी-मोटी चोरी या हेराफेरी की शुरुआत करते हैं और जब यह आगे नहीं चल पाती तो बाहर छीना-झपटी या लूटमार का रूप ले लेती है।

नशे के गिरोह आम तौर पर कच्ची उम्र के लड़कों को इसीलिए अपना शिकार बनाते हैं, क्योंकि उनके लिए इनकी चालबाजी को समझना मुश्किल होता है। जीवन के अनुभव की कमी के नाते वे नहीं भांप पाते कि इनका दूरगामी उद्देश्य क्या है और जब एक बार वे नशे के दलदल में फंस जाते हैं तो फिर फंसते ही चले जाते हैं। देश का युवा वर्ग इसके दलदल में और अधिक न फंसने पाए, इसके लिए सबसे जरूरी है कि इन पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी रोक लगाई जाए। उन तक नशीले पदार्थों की आपूर्ति के सारे रास्ते बंद कर दिए जाएं। यह काम मुश्किल जरूर है,, लेकिन नामुमकिन कतई नहीं। हमें यह देखना होगा कि वे कौन-कौन से रास्ते हैं, जहां से नशीले पदार्थ हमारे देश में आते हैं। साथ ही, उन जगहों पर भी नजर रखनी होगी, जहां से ये पदार्थ लोगों तक पहुंचते हैं। आम जनता तक इनकी आपूर्ति आम दुकानों से ही की जाती है। सीमावर्ती क्षेत्रों में ऐसी कई जगह हैं, जहां जाहिर तौर पर कुछ और कारोबार होता है, लेकिन परदे के पीछे नशीले पदार्थों की आपूर्ति भी की जाती है। पहले ऐसी कई जगहों पर छापेमारी भी की जा चुकी है और ऐसे लोगों को पुलिस गिरफ्त में भी ले चुकी है। हालांकि इस तरह के प्रयासों में पुलिस के बड़े अधिकारियों को यह ध्यान भी रखना होगा कि नशाखोरी पर रोक लगाने की कार्रवाई के नाम पर पुलिस आम दुकानदारों को परेशान न करने पाए, वरना सही अर्थों में अभियान शुरू होने की जगह दूसरे विवाद शुरू हो जाएंगे। नशे की तस्करी में भ्रष्ट पुलिस कर्मियों की संलिप्तता रोकने की जिम्मेदारी भी पुलिस के आला अफसरों को ही उठानी होगी। इसमें कोई दो राय नहीं रह गई है कि कुछ भ्रष्ट पुलिस कर्मियों का संरक्षण इन गिरोहों को प्राप्त है। यह स्थिति अकेले पंजाब में ही नहीं, कमोबेश पूरे देश में है। कई बार पुलिस के छोटे अधिकारी विभाग की बदनामी और कभी-कभी साथियों के प्रति सहानुभूति के नाते इन्हें डांट-डपट कर छोड़ देते हैं। बड़े अफसरों को यह तय करना होगा कि ऐसा न होने पाए। नशीले पदार्थों की तस्करी या उनकी बिक्री में किसी तरह से सहयोग कर रहे पुलिस कर्मियों को किसी भी कीमत पर छोड़ा न जाए। उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। हालांकि केवल पुलिसकर्मियों या तस्करों को रोकने से नशाखोरी बंद होने वाली नहीं है।



**लेखक : डॉ. मनोज डोगरा**
प्राध्यापक, बड़सर कॉलेज

पिछले दिनों पूरे पंजाब में नशाबंदी के लिए दैनिक जागरण द्वारा चलाए गए लंबे अभियान के बाद चंडीगढ़, जालंधर और लुधियाना में की गई संगोष्ठियों के दौरान कई राजनेताओं, नौकरशाहों, उद्योगपतियों और समाजसेवियों ने भी इस बात पर दुख जताया कि नशाखोरी न केवल पंजाब, बल्कि पूरे देश की समस्या बन चुकी है। उन्होंने इस पर चिंता भी जताई कि यह तेजी से फैल रही है। सभी इस बात पर एकमत थे कि इसका एकमात्र निदान केवल जागरूकता ही है। इसके लिए समाज के सभी तबकों को आगे आना होगा। खासकर जो जागरूक लोग हैं, उन्हें इसमें अपनी प्रभावी भूमिका निभानी होगी। इस तरह के गलत कार्यों को रोकने के लिए सामाजिक दबाव बनाया जाए। हमें यह बात भूलनी नहीं चाहिए कि हमारे देश की बहुत बड़ी आबादी बहुत लंबे समय तक केवल सामाजिक दबाव के कारण गलत कार्यों से बची रही है।

नशाखोरी रोकने के लिए भी नए सिरे से पहले जैसे सामाजिक दबाव का प्रयोग किया जाना चाहिए। इसका अर्थ बिलकुल नहीं है कि हम नशाखोरी में फंस चुके युवाओं का सामाजिक बहिष्कार करें। ऐसी स्थिति में वे और भी अधिक अकेले पड़ जाएंगे और इस तरह वे और अधिक शिकार हो सकते हैं। होना तो यह चाहिए कि उनसे सामान्य व्यवहार करते हुए हम उन्हें इस बात का एहसास दिलाएं कि नशा किस तरह तुम्हारे जीवन का नाश कर रहा है। यह कैसे तुमसे तुम्हारे धन और सम्मान के साथ-साथ सुख-शांति भी छीन रहा है। सच तो यह है कि समझा-बुझा कर किसी को भी गलत रास्ते पर जाने से रोका जा सकता है। असल में नशा अपने शिकार हो चुके लोगों से उनका आत्मविश्वास छीन लेता है। वे सामान्य जीवन में सक्रिय हो सकें, इसके लिए जरूरी है कि उनका आत्मविश्वास जगाया जाए। ऐसे युवाओं में नए सिरे से आत्मविश्वास भरने की जरूरत है। शासन-प्रशासन की भूमिका तो महत्वपूर्ण है ही, लेकिन समाज के गणमान्य लोगों और बड़े-बुजुर्गों को भी यह दायित्व अपने ऊपर लेना चाहिए। भारत को एक युवा देश कहा जाता है और युवाओं के दम पर देश को विश्व गुरु बनाने की हुंकार भरी जाती है, लेकिन वे युवा राष्ट्र निर्माण के बजाए नशे के साम्राज्य का निर्माण कर रहे हैं।

किसी भी देश की तरक्की व विकास उस देश के लोगों और खासकर युवा शक्ति पर निर्भर करता है, लेकिन देश का युवा ही नशे की ओर चल पड़े तो स्थिति दिमाग में स्वयं निर्मित हो जाती है। देश का भविष्य किस प्रकार का होने वाला है, युवाओं में नशे की प्रवृत्तियां कुछ वर्षों से निरंतर बढ़ रही हैं, कुछेक में तो नशे की जरूरत इस कदर हावी होने लग जती है कि वे कुछ भी करने को तैयार हो जाते हैं। क्या ऐसी परिस्थितियों के बाद युवा, देश को 'विश्व गुरु' बना पाएगा। जो युवा नशे को अपनी जिंदगी बना चुके हैं, उन्हे अगर नशा करना ही है तो पढ़ाई का करो, देश भक्ति का नशा करो, समाज सेवा का नशा करो, माता-पिता की सेवा का नशा करो, गरीबों की सहायता का नशा करो, रक्तदान का नशा करो, तभी हमारा देश विश्व गुरु बन पाएगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पालमपुर की हवाओं में घुलता विष

हिमाचल के एक छोटे से कस्बे पालमपुर का जिक्र आते ही यहां की सुंदरता, मनमोहक दृश्यों, मीठी बोली की महक से मन प्रफुल्लित हो जाता है। चाय के सुंदर बागान हर किसी का मन मोह लेते हैं। बर्फ से लदे पहाड़, ठंडे बर्फीले पानी से बहती न्यूगल नदी और ताजगी से भरपूर हवा यहां की खासियत है। यहां जो भी कामकाज या नौकरी के सिलसिले से आया यहीं का ही होकर रह गया, लेकिन अब पालमपुर की फिजा बहुत बदली हुई लग रही है। एक महिला का गला रेत कर हत्या और इसके बाद एक नवयुवती पर दराट से हुए हमले ने पालमपुर की आत्मा को झकझोर दिया है।

यही नहीं गत 27 अप्रैल को पालमपुर से ही लगते गांव मैंझा में एक और सिलसिले बार हमले में दराट से एक और परिवार को लहूलुहान करने का मामला सामने आया। इन्हीं कुकृत्यों के चलते मन ये सोचने पर मजबूर हो रहा है कि पालमपुर की हवाओं में यह कैसा विष घुल रहा है। इस क्षेत्र से अनेक युवा सेना में भर्ती होकर देश सेवा को अपना धर्म मानते हैं। प्रथम परमवीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा जिस धरती से संबंध रखते हों। कारगिल युद्ध में अदम्य साहस का परिचय देते हुए वीरगति प्राप्त करने वाले शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा भी पालमपुर की धरती में खेले और बड़े हुए, उन्हें भी परमवीर चक्र से नवाजा गया। इसी धरती के एक और वीर शहीद मेजर सुधीर वालिया को शांति काल में अदम्य साहस का परिचय देते हुए वीरगति प्राप्त करने के लिए सर्वोच्च सम्मान अशोक चक्र से नवाजा गया।



**लेखक : राकेश मिलहार**
वरिष्ठ प्रबंधक, केसीसी बैंक
थुरल, तहसील पालमपुर

जिस धरा ने इतने सपूतों को जन्म दिया हो, उस धरती की हवाएं इतनी विषैली कैसे हो गईं। क्यों यह कस्बा अपराध की राजधानी बनने की ओर अग्रसर है। आज न सिर्फ पालमपुर के बाशिंदे अपितु समस्त हिमाचल बासी यह सोचने को मजबूर हैं कि इस शांति प्रिय धरती को कैसा ग्रहण लग रहा है। दिमाग इसी नतीजे पर पहुंचता है कि आज का युवा भटक चुका है और दिमागी तौर पर ग्रस्त है। संवेदनाओं का नामोनिशान नहीं दिखाई दे रहा है। यूं प्रतीत हो रहा आजकल जन्म ही भ्रष्ट और हिंसक मानसिकता के साथ हो रहा है।

क्या इंसानियत मर चुकी है जो लोग तिनके से लाभ के लिए इंसान की जिंदगी से खेल रहे हैं या फिर अपने अहंकार के गुलाम होकर जानलेवा हमले कर रहे हैं। यह सच है कि मानव शरीर के साथ मानवीय भावनाएं भी उत्पन्न होती हैं और इन भावनाओं के बहुत प्रकार होते हैं। कुछ लोग इंसानियत को संभाल कर रखते हैं और कुछ मार देते हैं। यही प्रकृति की लीला है। इंसान पहले बंदर था। धीरे उसने नियमों में अपने को ढाला और सभ्य होकर इंसान कहलाने लगा। अब धीरे धीरे उन नियमों से मुक्त हो रहा है, अपने को आधुनिक मानने लगा है तो वह फिर अपनी पुरानी अवस्था में लौट रहा है, जब वह बंदर था। यह तो एक चक्र है। शायद शक्ल तो इंसान की नहीं बदलेगी पर आचरण जरूर बंदर यानी जानवर वाले हो जाएंगे।

आज भौतिक साधनों और प्राकृतिक संसाधनों की प्रयाप्त मात्रा होने के बावजूद भी हम क्यों मानसिक विकृतियों से ग्रस्त हो रहे हैं। ऐसा कौन सा लाभ है जो किसी की जान लेने से ही प्राप्त हो सकता है। जरूरत है आज एक अपराध मुक्त समाज की। अपराध मुक्त समाज का निर्माण सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें हर व्यक्ति, हर परिवार, हर संस्था और हर संगठन का सहयोग अनिवार्य है। पालमपुर एक सुंदरता की विरासत है और नित होने वाली अप्रिय घटनाएं यहां की सुंदरता में ग्रहण लगा रही हैं। अगर इंसान अपनी आदतों पर लगाम नहीं लगा पाया तो कुदरत भी कब तक सब्र करेगी और कुदरत का कहर कह लो या भगवान का प्रकोप, बादल का फटना, तेज बारिश या अब तक के रिकॉर्ड तोड़ती भयंकर गर्मी भी शायद इसी का नतीजा है। एक सुंदर और शालीन कहे जाने वाले पालमपुर को जरूरत है आज संरक्षण की और यह संभव हो पाएगा यहां के लोगों के आचरण से।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### ग्राम पंचायत द्रुरुब्बल में लगाया स्वास्थ्य शिविर



**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य एंबुलेंस टीम ने मंगलवार को जोगिंद्रनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत द्रुरुब्बल के गांव नागण में एक-दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। इस शिविर के दौरान स्थानीय लोगों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य जांच की गई। इस स्वास्थ्य शिविर के दौरान निशुल्क उपचार सलाह एवं दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस शिविर के दौरान ओपीडी 63 और 28 मरीजों के टेस्ट स्वास्थ्य की जांच डॉक्टरों द्वारा की गई। प्रधान रेणु देवी ने बताया कि नागण गांव में एक दिवसीय सांसद मोबाइल स्वास्थ्य एंबुलेंस टीम ने जांच शिविर लगाया। लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई और भारी संख्या में आकर लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। (अनंत ज्ञान)

### 6 प्रतिशत टैक्स कम कर किसानों को पहुंचाई जाए राहत



**अनिल शर्मा, मंडी।** भारतीय जनता पार्टी जिला किसान मोर्चा जिला मंडी की बैठक जिला अध्यक्ष दलीप कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं मंडी संसदीय क्षेत्र प्रभारी अखिलेश कपूर विशेष तौर पर उपस्थित रहे। बैठक में जिला अध्यक्ष दलीप कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 6 प्रतिशत जीएसटी कम किए जाने से किसान-बागवानों ने बड़ी राहत महसूस की है। प्रदेश सरकार भी अपने हिस्से का 6 प्रतिशत टैक्स कम कर किसानों को राहत प्रदान करें। बैठक में प्रदेश किसान मोर्चा सोशल मीडिया सह प्रभारी अभिनव गुलेरिया, जिला उपाध्यक्ष राजू राम, प्रवक्ता देवी सिंह, मंडलाध्यक्ष दुर्गा सिंह, कौल सिंह, लेख राज राणा, राजकुमार सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली में मिला सुंदरनगर का लापता मोहन लाल



**उमेश, सुंदरनगर।** कनैड़ से लापता हुआ मोहन लाल उर्फ पप्पू दिल्ली बस स्टैंड के बाहर परिजनों को सही सलामत मिल गया है। मोहन लाल के मिलने के बाद परिवार ने राहत की सांस ली है। पिता के सही सलामत मिलने पर बेटे साजन ने सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों की दुआएं काम आई हैं। बता दे इ सुंदरनगर उपमंडल के कनैड में मिठाई की दुकान चलाने वाला मोहन लाल उर्फ पप्पू बीते 21 जून को सुबह 4 बजे घर से दुकान के लिए निकला था, लेकिन दुकान नहीं पहुंचा और पैदल ही सुंदरनगर की तरफ चला गया। सुंदरनगर के हराबाग से एचआरटीसी बस में सवार होकर चंडीगढ़ और चंडीगढ़ से कुल्लू डिपो की बस में सवार होकर दिल्ली पहुंच गया था। (अनंत ज्ञान)

### हर्बल गार्डन में भ्रमण को आए बनारस के छात्र



**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** हर्बल गार्डन में जीवक आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज व अस्पताल व रिसर्च सेंटर बनारस के छात्र एक दिवसीय भ्रमण के लिए पहुंचे। हर्बल गार्डन में निदेशक उज्जवल दीप शर्मा ने बताया कि बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार की औषधि वाले पौधों के बारे में जाना और यहां पर बनने वाली दवाइयों व सैंपलिंग के बारे में जाना। डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि बच्चों को पहाड़ों में उगने वाली जड़ी बूटियों के बारे में पता होना चाहिए। इस अवसर पर कालेज के अनुराग श्रीवास्तव, प्रदीप जैन आदि प्रोफेसर मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

### बीबीएमबी जलाश्य से अज्ञात शव मिला

**उमेश, सुंदरनगर।** सुंदरनगर के अंतर्गत बीबीएमबी जलाशय में शीश महल के समीप एक अज्ञात पुरूष का शव मिला है। डीएसपी सुदंरनगर भारत भूषण ने जानकारी देते हुए बताया कि अज्ञात शव की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है पुलिस द्वारा शव को कब्जा में ले लिया गया हैं और नियमानुसार कार्यवाही अमल में ला रही है।

### अजय बीमारी के चलते तंगहाल जिंदगी जीने को मजबूर

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** तलकेहड़ पंचायत के मचकेहड गांव का बीपीएल परिवार से सम्बंध रखने वाला 45 वर्षीय अजय कुमार पेट में लीवर की बीमारी के चलते तंगहाल जिंदगी जीने को मजबूर है। डाक्टरों द्वारा उसे इलाज प्रदेश के बाहर पीजीआई या अन्य बड़े अस्पताल में करवाने की सलाह है। लेकिन अजय के पास इतना पैसा नहीं है कि वह अपना ईलाज बाहर करवा सके। अजय बूढ़े मां-बाप का वह इकलौता सहारा है। इस बीमारी के कारण जो कुछ था वह भी खर्च हो चुका है उसकी दो लडकियां तथा एक लड़का अभी शिक्षा ग्रहण कर रहे है। पिता मोनी राम 85 वर्ष की आयु पार कर चुके है ऐसे में बेटे की इस बीमारी से वह परेशान है। अजय की सहायता के लिए महिला नारी एकता मंच तलकेहड़ ने सहायता का बीड़ा उठाया है।

# 11 माह में नहीं लगी दीवार, अब लगा तिरपाल

## आपदा में विश्वकर्मा मंदिर के पास दरके डंगे को नहीं लगा पाई सरकार और प्रशासन

**पुष्पराज, मंडी**

बीती बरसात ने मंडी शहर को कुछ ऐसे जख्म दिए जिनकों प्रशासन और सरकार अभी तक भर नहीं पाई। वहीं नगर निगम का भी नुकसान का आकलन करीब 36 करोड़ का हैं लेकिन सरकार द्वारा अभी तक उसकी भरपाई भी नहीं कर पाई है।

इसके साथ ही विश्वकर्मा मंदिर के पास भी बीती बरसात को पहाड़ी दरक गई थी जिसकी चपेट में कुछ मकान भी आए। कई महीनों तक इस स्थान पर आवाजाही की व्यवस्था भी बंद रही। लोगों द्वारा प्रशासन को बार बार आग्रह करने के बाद यहां पर आवाजाही के लिए डंगा लगाया गया, लेकिन अब बरसात फिर सर पर है और उक्त स्थान पर जहां स्टेप वाइज डंगा लगाया जाना था वहां केवल तिरपाल लगाकर प्रशासन ने बला को टालने का कार्य किया हैं।

जानकारी के अनुसार करीब 1.50 लाख की लागत से एसडीएम सदर ओमकांत ठाकुर के कहने पर लोक निर्माण विभाग द्वारा लगाया गया है। वहीं स्थानीय लोग इस बात से दुखी है कि प्रशासन द्वारा जहां दीवार लगाई जानी थी वहां केवल तिरपाल लगाकर बला को टाल दिया गया। (अनंत ज्ञान)



विश्वकर्मा मंदिर के पास दरकी पहाड़ी पर लगाया तिरपाल ।

### प्रशासन और सरकार केवल देती है आश्वासन: पीड़ित

**बीती** बरसात में हुए नुकसान से प्रभावित करण गुप्ता ने बताया कि प्रशासन और सरकार केवल आश्वासन ही देती है और धरातल पर कोई भी कार्य नहीं किया जा रहा हैं। 11 महीने में सिर्फ रास्ता और तिरपाल ही प्रशासन और सरकार द्वारा लगाया गया हैं। सरकार से उन्हें घर के मरम्मत कार्य के लिए 3 लाख रुपए मिले हैं लेकिन रिटेनिंग वॉल न लगने से घर बिलकुल भी सुरक्षित नहीं है। 28 कमरों का मकान 11 महिने से खाली है और खुद भी किराए के मकान में मजबूरन रहना पड़ रहा है। सरकार लोगों के मरने के बाद ही राष्ट्रीय आपदा का पैसा कार्य पर लगाएगी। आपदा के बाद सांसद और एमएलए ने भी दौरा किया पर धरातल पर कोई कार्य नहीं हो पाया है।

### तिरपाल से हो सकता है ज्यादा नुकसान: सालीग्राम

**स्थानीय** निवासी सालीग्राम का कहना है कि तिरपाल लगाने से और भी ज्यादा नुकसान हो सकता हैं क्योंकि पानी का बहाव जब बढ़ेगा तो तिरपाल भी फट जाएगा और पहाड़ी धंसने की भी समस्या हो सकती है। साथ ही हवा के कारण भी तिरपाल फट जाएगा और कुछ बंदर तिरपाल को फाड़ देंगे। चुनावों के समय सरकारें बड़े बड़े दावे करती है और मुसीबत के समय मुंह फेर लेते है।

### समस्या का नहीं हुआ सामधान

**आपदा** प्रभावित पंकज महाजन का कहना हैं कि तिरपाल लगाने से कुछ नहीं होगा ये केवल रोते हुए के आंसू पोछने के बराबर की बात है। बीती बरसात में बहुत नुकसान हुआ लेकिन सरकार ने एक पैसे की मदद नहीं की। नेता केवल चुनावों में ही दिखते है लोगों की समस्या के समाधान के लिए कोई आगे नहीं आ रहा है।

### चेतावनी यंत्र गुम हुआ तिरपाल के आगोश में

**विश्वकर्मा** चौक पर टारना की पहाड़ी से हो रहे भूस्खलन को रोकने के लिए भारी भरकम तिरपाल की आगोश में आईआईटी मंडी द्वारा लगाए गए तीन भूकंप रोधी चेतावनी यंत्रों में से एक को ढक दिया गया है। जबकि सड़क किनारे लगा हुआ दूसरा यंत्र के साथ लगाया गया चेतावनी बड़ा बोर्ड किसी ने तोड़ दिया है।

> दो बार रिटेनिंग वॉल की डीपीआर तैयार करके प्रशासन को भेजा गया हैं। मार्च महीने में इसका एस्टीमेट करीब 1 करोड़ सात लाख का सरकार को भेजा गया हैं। आपदा प्रभावित राशि जैसे ही उपलब्ध करवा दी जाएगी कार्य शुरु कर दिया जाएगा।
>
> -धर्मेंद्र कुमार वर्मा, एक्सियन लोक निर्माण विभाग मंडी।

# भाजपा ने काली पट्टी बांध मनाया आपातकाल का काला दिवस




काली पट्टी बांध कर काला दिवस मनाते हुए भाजपा कार्यकर्ता।

**अनिल शर्मा, मंडी**

भाजपा द्वारा मंडी में जिलाध्यक्ष निहाल चंद शर्मा की अध्यक्षता में आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान किसान मोर्चा के महामंत्री अखिलेश कपूर और प्रदेश उपाध्यक्ष पायल वैद्य ने विशेष रूप शिरकत की।

इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने हाथ में बेनर लेकर मुंह पर काली पट्टियां बांध कर शहर में मार्च किया। इस मौके पर निहाल चंद शर्मा ने कहा कि 25 जून 1975 लोकतंत्र का काला दिवस है, जिसे कभी भूला नहीं जा सकता है, क्योंकि इसमें आम आदमी की आवाज को दबा दिया गया था। हजारों निर्दोष जेल में डाल दिए थे, लोकतंत्र की हत्या कर कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर सत्ता सुख भोगा। प्रदेश उपाध्यक्ष पायल वैद्य ने कहा कि अहंकार में डूबी निरंकुश कांग्रेस सरकार ने एक ही परिवार को सत्ता सुख देने के लिए 21 महीनों तक देश में नागरिक अधिकार निलंबित कर दिए थे। मीडिया पर सेंसरशिप लगा दी थी, संविधान में बदलाव कर न्यायालय तक के हाथ बांध दिए थे।

किसान मोर्चा के महामंत्री अखिलेश कपूर ने कहा कि हम आपातकाल के खिलाफ संसद से सड़क तक आंदोलन करने वाले असंख्य सत्याग्रहियों, समाजसेवियों, श्रमिकों, किसानों, युवाओं व महिलाओं के संघर्ष को नमन करने हैं, जिन्होंने कांग्रेस के काले कारनामो के खिलाफ संघर्ष किया। कांग्रेस ने कभी भी लोकतंत्र का सम्मान नहीं किया और कांग्रेस का हाल सबके सामने है। इस मौके पर महापौर विरेंद्र भट्ट, उप महापौर माधुरी कपूर, रणवीर सेन, मनीष कपूर, संजय ठाकुर, मीडिया प्रभारी राकेश वालिया, चेत राम आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# सरकाघाट के आधे उपमंडल को आज नहीं मिलेगा पानी

**रितेश, सरकाघाट**

सरकाघाट शहर और उपमंडल की करीब दो दर्जन पंचायतों के लिए 26 जून बुधवार को पानी नहीं मिल पाएगा, क्योंकि बुधवार को धर्मपुर क्षेत्र के मुख्य पेयजल स्त्रोत में विद्युत कट होने के कारण वहां से संचालित होने वाली आधा दर्जन उठाओ पेयजल योजनाएं बंद रहेगी।

जल शक्ति विभाग के अनुसार आज बिजली की आपूर्ति बंद होने के कारण उठाऊ पेयजल योजना सरकाघाट, परसदा हवाणी, बैरा भदरोता, बीड पट्टा समसौह व सरकाघाट क्षेत्र में अधिकतर पंचायतों के लिए पेयजल आपूर्ति 26 जून को प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी।

उपरोक्त सभी परियोजनाओं के लिए पेयजल धर्मपुर क्षेत्र के कांड पतन ब्यास दरिया व बहरी नदी से उठाया जाता है, जिस कारण सरकाघाट शहर व गोपालपुर ब्लॉक के अंतर्गत लगभग 25 पंचायतों में पानी की आपूर्ति बाधित रहेगी। जल शक्ति विभाग के अधिशासी अभियन्ता ई. विवेक हाजरी ने उपभोक्ताओं से सहयोग करने के साथ ही पानी का उचित सदुपयोग करने की भी अपील की है।

# सुंदरनगर में दो महिलाएं हुई चोर गिरोह की शिकार

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

सुंदरनगर शहर में गहनों पर हाथ साफ करने वाले चोर गिरोह के हौंसले बुलंद हैं। जहां शहर के मुख्य बाजार भोजपुर में लाखों रुपए के आभूषण के बैग के चोरी होने का मामला अभी सुलझ नहीं पाया है। वहीं मंगलवार दोपहर को बस स्टैंड सुंदरनगर में अज्ञात महिलाओं द्वारा भीड़ का फायदा उठाकर बस का इंतजार कर रही दो महिलाओं के गले से सोने की चेन निकालकर भागने में कामयाब हो गई हैं।

पीड़ित महिलाओं में से एक सुंदरनगर और दूसरी बल्ह तहसील से संबंध रखती है। दोनों ने ही पुलिस थाना सुंदरनगर में अपने साथ हुई

**भीड़ का फायदा उठाकर सोने की चेन पर किया हाथ साफ**

घटना को लेकर शिकायत देकर एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की धरपकड़ की मांग की है।

थाना में दी गई शिकायत में प्रीति ठाकुर पत्नी गोपाल सिंह निवासी कपाही तहसील सुंदरनगर तथा देवकू देवी पत्नी जीत राम निवासी गांव पनोल ने कहा है कि वह सुंदरनगर बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान दो-तीन अज्ञात महिलाओं ने भीड़ का फायदा उठाते हुए उनके गले से सोने की चेन निकाल ली। दोनों पीड़ित महिलाओं ने पुलिस से आरोपियों की धरपकड़ करने कर उनके आभूषण दिलाने की गुहार लगाई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस और प्रशासन को बाहर से आने वाले लोगों पर कड़ी नजर रखनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

> पीड़ित महिलाओं ने पुलिस थाना सुंदरनगर में शिकायत दी है। इसको लेकर पुलिस जांच कर रही है और आगामी कार्रवाई जारी है।
>
> -भारत भूषण, डीएसपी सुंदरनगर।

# स्नेक सेवर की बेटी सीख रही सांप पकड़ने का हुनर

**ए कुमार, सुजानपुर**

सुजानपुर के माथुर धीमान सांप पकड़ने में माहिर हैं, वे आज तक कई सांपों को पकड़ कर उन्हें सुरक्षित जगह पर छोड़ चुके हैं। आजकल माथुर धीमान की बेटी भी उनसे सांप पकड़ने का गुर सीख रही है। आज उन्होंने एक सांप का बड़े आराम से पिता की देख-रेख में रेस्क्यू कर लिया। (अनंत ज्ञान)



### आज बिजली बंद रहेगी

**मंडी।** 132/66/33/11 केवी सब-स्टेशन बिजनी की जरूरी मरम्मत के कारण 26 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक 33/11 केवी सब स्टेशन मंडी की विद्युत आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल-एक नरेश कुमार ठाकुर ने बताया कि इस कारण सन्यारडी, टारना, परिधि गृह, जेल रोड, दो-अंब, पैलस, लोक निर्माण विभाग कार्यालय, डाईट, रवि नगर, महाजन बाजार,हॉस्पिटल रोड़, सुहड़ा, गणपति रोड, मीट मार्केट, मोती बाजार, लोअर समखेतर, टाउन हॉल, रामनगर, टारना, पुलघराट, इंदिरा मार्केट, डीसी ऑफिस, कोर्ट परिसर, चौबाटा बाजार, पडल तथा साथ लगते क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी।

# छेड़छाड़ मामले में आरोपी शिक्षक को किया निलंबित

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

सरकारी स्कूल में छात्राओं से छेड़छाड़ मामले में आरोपी केंद्रीय मुख्य शिक्षक निलंबित कर दिया है। इस संबंध में प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक ने आदेश जारी कर दिए हैं। केंद्रीय मुख्य शिक्षक का मुख्यालय अब बीईईओ कार्यालय गोपालपुर दो स्थित भांबला में तय किया गया है। इस मामले में विभागीय जांच भी होगी। फिलहाल आरोपी न्यायिक हिरासत में है। शिक्षा विभाग के प्रथम श्रेणी शिक्षक के नेतृत्व में कमेटी का गठन कर शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस रिमांड पर चल रहे आरोपी को स्थानीय न्यायालय से भी कोई राहत नहीं मिल पाई हैं। तीन दिन के पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद सोमवार को आरोपी केंद्रीय शिक्षक को न्यायालय में पेश किया गया।

यहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। तीन जुलाई को पुलिस आरोपी को फिर न्यायालय में पेश करेगी। लडभड़ोल पुलिस चौकी के एएसआई अनिल कटोच ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के घर से मोबाइल फोन कब्जे में लेकर भी जांच आगे बढ़ाई है। (अनंत ज्ञान)

# बस सेवा का समय बदलने से लोग परेशान

**कविता, पधर**

हिमाचल पथ परिवहन निगम की जोगिंद्रनगर-दिल्ली बस सेवा का समय बदलने से आम लोगों को समय पर बस सेवा नहीं मिल रही है। जानकारी के मुताबिक जोगिंद्र नगर से दिल्ली चलने वाली बस सेवा सांय 6 बजे मंडी से जोगिंद्र नगर चलती थी। जो 7 बजे पधर से निकलती थी, लेकिन कुछ समय से इस बस सेवा का समय बदलकर 4 बजे के करीब मंडी से कर दिया है। जिस कारण पधर से जोगिंद्रनगर जाने वाले मुसाफिरों को 6.30 बजे से 8 बजे तक कोई भी बस सेवा नहीं मिल रही है। डेढ़ घंटे तक इंतजार करने के बाद



रात आठ बजे सुंदर नगर चंबा बस सेवा मिलती है।

मुसाफिर लक्ष्मण हिमाचली, राजेश कुमार, चमन लाल, सुरेश कुमार, दिना नाथ, रमेश कुमार, अनिता देवी आलोक, राम चंद्र तथा राजकुमार आदि का कहना है कि मंडी से पधर तक तो बस सेवा है, लेकिन पधर से आगे जाने वाले मुसाफिरों को लगभग डेढ़ घंटे तक इंतजार करना पड़ता है। जिस कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय व अन्य मुसाफिरों को अपने गंतव्य तक जाने के लिए 6.30 बजे के बाद पधर से कोई भी बस सेवा नहीं मिलती।

ग्रामीणों और मुसाफिरों ने उक्त समय पर बस सेवा शुरू करने की मांग परिवहन विभाग और प्रदेश सरकार से की है। वहीं इनका कहना है कि मंडी से पधर के लिए 6 बजे बस चलती है जो सात बजे पधर पहुंच जाती है और उसका रात्रि ठहराव भी पधर में होता है। विभाग चाहे तो उक्त बस सेवा का रात्रि ठहराव जोगिंद्र नगर में किया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

# आपदा प्रबंधन पर दिया जाएगा प्रशिक्षण

**सुनील शर्मा, गोहर**

मानसून के दौरान किसी भी प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए जिला आपदा प्रबंधन मंडी के द्वारा प्रत्येक पंचायत से वालंटियर तैयार करने हेतु व उन वालंटियर को आपदा के दौरान उनके कार्यों के प्रति जानकारी, प्रशिक्षण के लिए बीडीओ कार्यालय के सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण व जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

जानकारी देते हुए एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट कहा कि आने वाले मानसून सीजन के दौरान किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए जिला आपदा प्रबंधन टीम के द्वारा वॉलिंटियर तैयार करने हेतु बीडीओ कार्यालय के सभागार में 27 जून से 29 जून तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण व जागरूकता शिविर किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष उपमंडल गोहर के ग्राम पंचायतों से वालंटियर तैयार किए जाएंगे जिसमें ग्राम पंचायत काशन, नाण्डी, कोटला खनूला व मौवीसेरी से कुल 60 वालंटियर तैयार किए जाएंगे ताकि वालंटियर को किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने का प्रशिक्षण व आपदा के दौरान उनके कार्यों जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण व जागरूकता शिविर में चिकित्सा विभाग, होमगार्ड, फायर, पुलिस प्रशासन तथा प्रत्येक विभाग से आपदा के दौरान तैयार की गई रेस्क्यू टीम और पंचायत सचिव,पंचायत सहायक, लंबरदार, पटवारी को भी आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण व जागरूकता शिविर में शामिल किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# छातर स्कूल में शिक्षक के तबादले पर रोये बच्चे



बच्चों को समझाते हुए रोशन लाल शास्त्री।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

सुंदरनगर के राजकीय माध्यमिक विद्यालय छातर में एक शिक्षक के तबादले पर बच्चे फूट-फूटकर रोने लगे। बता दें कि रोशन लाल छातर स्कूल में शास्त्री पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। उन्होंने विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के दिल में ऐसी जगह बनाई थी कि हर बच्चा अपनी समस्याओं को रोशन लाल शास्त्री से ही बताते थे। विद्यालय प्रभारी शबनम सैनी ने कहा कि रोशन लाल शास्त्री कर्मठ और मेहनती अध्यापक हैं। (अनंत ज्ञान)

# लारजी डैम से सिल्ट निकालने को खोले जाएंगे गेट

**पुष्पराज, मंडी।** लारजी जल विद्युत परियोजना प्रबंधन द्वारा 30 जून सुबह 6 बजे से पहली जुलाई सुबह 6 बजे तक डैम में जमा सिल्ट की निकासी करने के लिए डैम के सभी गेट खोले जा रहे हैं। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार ने देते हुए लोगों से आग्रह किया है कि इस दौरान लारजी बांध से लेकर पंडोह बांध तक ब्यास नदी के किनारे कोई भी व्यक्ति न जाए ताकि किसी तरह का जान व माल का नुकसान न हो सके।

# पीएनबी की ब्रांच में चोरी का प्रयास

**अनंत ज्ञान, शिमला**

शिमला में चोरी के मामले थमते नजर नहीं आ रहे है। आए दिन यहां पर चोरी के प्रयास हो रहे है। ऐसा ही मामला छोटा शिमला स्थित राज्य सचिवालय से सटे पंजाब नेशनल बैंक की ब्रांच में सामने आया है। यहां पर चोरी के प्रयास हुआ है। चोरी की वारदात बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। हालांकि चोर बैंक से कोई भी नकदी नहीं ले पाए। यह घटना छोटा शिमला पुलिस स्टेशन से महज चंद कदम की दूरी पर हुई।

ऐसे में इस इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हुए हैं। मैनेजर पीएनबी बैंक छोटा शिमला राजेश भाटिया ने पुलिस में दर्ज शिकायत में बताया कि पीएनबी छोटा शिमला ब्रांच में चोरी की कोशिश हुई है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों को खंगाल कर मामले की जांच कर रही है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत पटडीघाट, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जााता है कि ग्राम पंचायत पटडीघाट में वर्ष 2024-25 में होने वाले विकास कार्यों के निष्पादन हेतु निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाओं का फार्म दिनांक 27.06.2024 को 11.00 से 3.00 बजे तक ले सकते हैं। संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से दिनांक 27.06.2024 से 05.07.2024 तक जमा करवाएं। निविदाएं खोलने की दिनांक 10.07.2024 को 2.00 बजे पंचायत कार्यालय में खोली जाएंगी।

**सामग्री का विवरण निम्न है:-** 1. रेता क्रशर-प्रति घन मीटर, 2.बजरी-प्रति घन मीटर, 3. रेता धुला-प्रति घन मीटर, 4. ईंटें प्रथम श्रेणी दूसरी श्रेणी तीसरी श्रेणी-प्रति घन मीटर, 5. शटरिंग स्टील-प्रति वर्ग मीटर, 6. शटरिंग-प्रति रनिंग मीटर, 7. शटरिंग रनिंग मीटर-प्रति वर्ग मीटर, 8. सीमेंट कैरिज-प्रति बैग, 9. मिक्सचर मशीन प्रति घंटा-प्रति घन मीटर, 10. बोल्डर/बजरी 63-90एमएम-प्रति घन मीटर, 11. साईन बोर्ड 2×3, 3×4-प्रति साईन बोर्ड, 12. जेसीबी मशीन प्रति घंटा के दर आमंत्रित किए जाते हैं- प्रति घंटा।

**नियम शर्तें:-** 1. निविदाता के पास अपना वाहन पंजीकररण/जेसीबी पंजीकरण पैनं, टिन नं./जीएसटी नं. होना आवश्यक है। 2. निविदाता को निविदा अपने लेटर पेड पर संबंधित ग्राम पंचायत के नाम पर भेजनी होगी (सिवाए सीमग्री ढुलान,) Mule Carriage 3. निविदादाता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम-फार्म जमा करवाने होंगे जो की ग्राम पंचायत पटडीघाट के नाम पर होंगे। 4. सभी करों का लेनदेन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगा। 5.सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के मापदंडो के अनुरूप होगी। 6. दरें अंकों व शब्दों में लिखी होनी चाहिए। 7. निर्माण सामग्री कार्यस्थल/सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी पक्की व कच्ची तक। 8. पारित निविदादाता को मु. 20000/-मु. अग्रिम/सुरक्षित राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवान होंगे व साथ में मु. 1000 रु. (नॉन-रिफंडेबल) आवेदन शुल्क संबंधित पंचायत में जमा करवाने होंगे। 9. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार वार्डों की भूगोलिक स्थिति के आधार पर ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 10. निविदाता सामग्री आपूर्ति समय अनुसार नहीं कर पाता है तो उसकी दी गई सुरक्षित राशि वापस नहीं होगी व सुरक्षित राशि में से ही बाजार भाव पर सामग्री क्रय की जाएगी। 11. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में, एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निगर्त करने, सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत/विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। 12. सामग्री राशि की अदायगी कार्य पूर्ण होने के उपरांत टीए/जेई की पैमाइश के उपरांत की जाएगी। 13. सामग्री लेने का अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की जस्टीफिकेशन व पारित निविदादाता के साथ नेगोशिएशन अनुसार/उपरांत किया जाएगा। 14. सप्लायर को डिफाल्टर (घोषित के बाद दूसरे स्तर के निविदादाता से सप्लाई ली जाएगी) 15. धरोहर राशि जमा न करवाने वाले निविदादाता की निविदा नहीं खोली जाएगी। 16. निविदादाता को निविदाएं सभी करों (सीजीएसटी एवं एसजीएसटी सहित) दर्शानी चाहिए।

**जल संकट** | आठ दिन से नहीं आया पानी, लोगों ने खाली बर्तन दिखाकर जताया रोष

# पानी की बूंद-बूंद को तरसे चंदैश गाहर के लोग

**रितेश, सरकाघाट**

उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत गाहर के गांव लोअर चंदैश गाहर में एक दर्जन परिवार पानी की समस्या से जूझ रहे है। पिछले आठ दिनो से नलो से एक बूंद भी नहीं टपक रही है, जिससे लोगों की दिक्कतें बढ़ गई है और खाली बर्तन दिखा कर विभाग के प्रति रोष प्रकट किया।

ग्रामीणों में मंहतराम गांधी, राजो देवी, प्रभा राम संधू, राजीव कुमार, ज्ञान चंद , बलवीर सिंह, कृष्ण चंद, गिरधारी लाल, रोशन लाल आदि ने बताया कि पहले तीसरे चौथे दिन पानी मिल जाता था लेकिन अब तो यह हाल वन गए है कि आठ दिन बाद भी पानी नसीब नहीं हो रहा है जबकि इस गांव के लिए बैरी में वने पानी के टैंक से पानी की सप्लाई मिलती थी लेकिन अव लोअर चंदैश की सप्लाई रोक कर बरोट फतेहपुर को दी जा रही है और आस पास के गांवो में पानी की सप्लाई बराबर मिल रहा है, जबकि गांव लोअर चंदैश गाहर के लोगों के साथ अन्याय किया जा रहा है ग्रामीणों ने बताया कि यहां पुराने जल स्त्रोत सूख गए है।

हैंडपंप भी दूर-दूर नहीं है, एक बावड़ी है जो आधा किमी दूर बाग में स्थित है मजबूरन लोग आधा किमी दूर से सिर पर उठाकर पानी लाते है। कई वार टैंकर द्वारा महंगा पानी मंगवाना पड़ता है। ग्रामीणों ने जल शक्ति विभाग से मांग की है कि लोअर चंदैश गाहर के लोगों के लिए नियमित पानी की सप्लाई दी जाए ताकि ग्रामीणों को पानी की समस्या से राहत मिल सके अन्यथा ग्रामीण चुप नही बैठेंगे, सडको पर उतरकर धरना प्रदर्शन करने से पीछे नहीं हटेंगे जिसके लिए विभाग जिम्मेदार होगा।

उधर जलशक्ति विभाग भद्रवाड मंडल के सहायक अभियन्ता ई. उमेश शर्मा ने बताया कि लोअर चंदैश गाहर के लिए तीसरे दिन पानी सप्लाई दी जा रही। हालांकि कि यहां की लोकल स्किमे सुख चूकि है फिर भी उन्हें कांडा पतन से मल्टी व्लेज के अंतर्गत पानी दिया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)



पानी की समस्या को लेकर ग्रामीण रोष जताते हुए।

# अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर करवाई हाफ मैराथन



मैराथन के दौरान खिलाड़ी व प्रशिक्षक गोपाल ठाकुर।

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर के परम श्रेष्ठ एथलेटिक प्रशिक्षण केंद्र में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के उपलक्ष्य में हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। सेंटर के लगभग 100 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।

जानकारी देते हुए पीपल्स फिटनेस एंड स्पोर्ट्स डेवलपमेंट ट्रस्ट मंग्याल के हैंडलर तथा प्रशिक्षक गोपाल ठाकुर ने बताया की अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हॉफ मैराथन की शुरुआत एथलेटिक सेंटर जोगिंद्रनगर से हुआ तथा डोहग, सैंथल, सगनेहड, त्रामट, अहजु होते हुए जिला कांगड़ा के प्रवेश द्वार घट्टा में समापन किया गया।

इस दौरान प्रशिक्षक गोपाल ठाकुर सहित वन विभाग के रेंजर कुलविंदर ने भी हॉफ मैराथन में भाग लिया। प्रशिक्षक गोपाल ठाकुर ने कहा कि धावकों को ओलंपिक के इतिहास सहित खेलों का जीवन में महत्व के बारे में विशेष जानकारी दी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### सर्पदंश से 49 वर्षीय महिला की मौत

**अभिषेक कुमार, ऊना।** जिला के बंगाणा उपमंडल के तहत जसाणा पंचायत के दमोहड़ में एक महिला की सर्पदंश से मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान नीलम देवी उम्र 49 वर्ष पत्नी तिरलोक चंद के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार यह घटना सोमवार रात्रि करीब 9.20 बजे घटित हुई। बताया जा रहा कि उक्त महिला का पति गांव में रेहड़ी लगाता है। रेहड़ी बंद करने के बाद पति-पत्नी घर जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में अचानक जहरीले सांप ने महिला को काट लिया। इस घटना के बाद परिजनों ने महिला को तुरंत स्वास्थ्य उपचार के लिए सिविल अस्पताल बंगाणा पहुंचाया, जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, इस घटना से क्षेत्र के लोगों में भय का माहौल है। (अनंत ज्ञान)

### वनों को बचाएंगे तभी मिलेगी शुद्ध हवा : मानसी



**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** राज्यपाल पुरस्कार अवार्ड से सम्मानित द भारत स्काउट एवं गाइड की गाइड मानसी राणा का कहना है कि वन हैं तो हम हैं, अगर हम वनों को बचाएंगे तो ही शुद्ध हवा पाएंगे। मानसी राणा का कहना है कि वनों को बचाना केवल वन विभाग की ही जिम्मेदारी नहीं है। वनों को बचाना हम सभी का दायित्व बनता है। वहीं, पर मानसी राणा ने पुलिस तथा वन विभाग से भी आग्रह किया है कि जो लोग भी वन संपदा को नुक्सान पहुंचा रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। इस मुहिम को सफल बनाने के लिए हम सभी को मिलकर सहयोग करना होगा। (अनंत ज्ञान)

### पंचायत समिति की बैठक 2 जुलाई को

**विनोद शर्मा, लठियानी।** पंचायत समिति बंगाणा की बैठक 2 जुलाई को बंगाणा में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी पंचायत समिति के अध्यक्ष देवराज शर्मा ने देते हुए बताया कि इस बैठक में पत्तनों की नीलामी के अलावा विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी। इसके अलावा बंगाणा में लाइब्रेरी बनाने के संबंध में, पंचायत समिति द्वारा गोविंद सागर झील के लठियानी तट पर एक रेन शेल्टर बनाने समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### खेल प्रतिभा निखार रहा डीएवी लठियाणी



डीएवी लठियाणी के होनहार खिलाड़ी विरोधी टीम के रेडर को पकड़ते हुए।

**विनोद शर्मा, लठियानी।** हाल ही में डीएवी पब्लिक स्कूल लठियाणी में हुई नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर जॉन- एफ में खेल प्रतियोगिताओं में अंडर- 14 डीएवी लठियाणी व डीएवी सुरंगानी के बीच कबड्डी में जबरदस्त मुकाबला हुआ। डीएवी लठियाणी के अंडर- 14 के खिलाड़ियों का कद दूसरी टीम के खिलाड़ियों से लगभग आधा था, फिर भी डीएवी लठियाणी के खिलाड़ियों ने अपना शानदार प्रदर्शन कर सभी को मंत्रमुग्ध किया। अंडर -14 के होनहार अक्षित व आरव को शानदार प्रदर्शन के लिए इन खिलाड़ियों को पूरे क्षेत्र की ओर से ढेर सारी बधाई व आगामी भविष्य के लिए शुभकामनाएं। (अनंत ज्ञान)

### सर्वर ठप होने से उपभोक्ता परेशान

**सुदीप सरोच, मुबारकपुर।** मुबारकपुर (सरोच) लोअर भंजाल व अपर भंजाल के राशन डिपो में सर्वर ठप होने से फिर से उपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ रही है और पोस मशीनें काम नहीं कर रही हैं। उपभोक्ताओं को समय पर राशन नहीं मिल पा रहा है। यह क्रम पिछले तीन-चार दिनों से जारी है। लोगों को घंटों बैठकर बिना राशन खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं के फिंगर प्रिंट नहीं लग रहे हैं और न ही मोबाइल पर ओटीपी आ रहा है। स्थानीय लोगों में अशोक कुमार, सतीश कुमार, अनिल कुमार, राजकुमार, देशराज, अनिल कुमार, बिंदी ठाकुर, विजय कुमार ने सरकार से व विभाग से समस्या का शीघ्र हल करने की मांग की है। इस संदर्भ में डीएफसी ऊना से संपर्क साधने की कोशिश की गई परंतु उनका मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा है। (अनंत ज्ञान)



एक राशन डिपो के सामने परेशान उपभोक्ता।

### बिजली बिल जमा नहीं तो कटेगा कनेक्शन

**मुकेश कुमार, हरोली।** विद्युत उपमंडल हरोली के तहत आते सभी उपभोक्ताओं से अपील की जाती है कि वे अपना जून महीने का बिजली का बिल 28 जून से पहले पहले जमा करवा दें। 28 जून तक बिजली बिल जमा नहीं करवाने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन विभागीय प्रक्रिया के तहत बिना पूर्व सूचना के काट दिए जाएंगे। यह जानकारी विद्युत उपमंडल हरोली के सहायक अभिनता इंजीनियर सुरेश कुमार ने दी। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

### विस्थापितों की समस्याओं पर किया विचार-विमर्श



रेणुका बांध जन संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल एमडी से मिलता हुआ।

**जोशी, रेणुका जी।** रेणुका बांध जन संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल एमडी हरिकेश मीणा व निदेशक कार्मिक शिवम प्रताप सिंह से मिला। इसमें प्रबंध निदेशक ने संघर्ष समिति को स्पष्ट करते हुए कहा कि उनकी सभी मांगों पर विचार करते हुए पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। श्री रेणुका बांध जन संघर्ष समिति के पदाधिकारी जिसमें योगेंद्र कपिला अध्यक्ष, प्रताप सिंह तोमर संयोजक, संजय चौहान महासचिव, हरी चंद शर्मा कोषाध्यक्ष, राजकुमार शर्मा मुख्य सलाहकार, जयप्रकाश शर्मा प्रेस सचिव, पंचायत प्रधान प्रेम दत्त शर्मा सलाहकार, गोविंद शर्मा टीकाराम, बलवीर ठाकुर, बालमोहन ठाकुर, सुंदर सिंह, विक्रम सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में संघर्ष समिति के पदाधिकारी ने विस्थापितों की समस्याओं पर उनसे विचार विमर्श किया । इसमें उन्होंने सभी समस्याओं को ध्यान से सुनते हुए उन्हें पूरा करने का आश्वासन भी दिया। (अनंत ज्ञान)

### आईटीआई दाड़लाघाट में नए प्रशिक्षुओं का स्वागत




नए छात्रों का स्वागत करती सीनियर छात्राएं।

**आशीष, दाड़लाघाट।** अंबुजा आईटीआई दाड़लाघाट ने अपने शॉर्ट टर्म के नए बैच के प्रशिक्षुओं के स्वागत करने के लिए एक भव्य फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि पंचायत प्रधान रौड़ी रीना शर्मा रही। प्रधानाचार्य ने रौड़ी की प्रधान रीना शर्मा को आईटीआई में चल रहे कोर्सेज के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा अंबुजा आईटीआई में हम न केवल तकनीकी कौशल प्रदान करने का लक्ष्य रखते हैं, बल्कि समग्र विकास के लिए भी प्रयासरत हैं ताकि हमारे छात्र सफल करियर के लिए तैयार हो सकें। इस दौरान मुख्य आकर्षण एक फैशन शो रहा। न्यू फेस्ट में जीडीए की छात्रा हिमानी शर्मा मिस फ्रेशर और टैली के छात्र पंकज को मिस्टर फ्रेशर के रूप में सम्मानित किया गया। (अनंत ज्ञान)

### पंचायत समिति सदस्यों द्वारा पारित शेल्फ के कार्यों को धरातल पर न उतारने पर सख्ती

# पंचायत सचिवों को जारी होंगे नोटिस

**सन्नी पुरी, गगरेट**



पंचायत समिति की बैठक में उपस्थित सचिव और अधिकारी।

पंचायत समिति सदस्यों द्वारा पारित किए गए विकास कार्यों को धरातल पर न उतारने को लेकर पंचायत समिति सदस्य इस कद्र बिफर गए हैं कि पंचायत समिति सदस्यों द्वारा पारित शेल्फ के कार्यों को न करने को लेकर अब पंचायत सचिवों को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया जाएगा। मंगलवार को पंचायत समिति के सभागार में आयोजित पंचायत समिति की बैठक में समिति द्वारा पारित शेल्फ के कार्यों को धरातल पर न उतारने का मुद्दा खूब उछला। खंड विकास अधिकारी तविंदर चिनौरिया ने पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश दिए हैं।

विभिन्न पंचायत समिति वार्डों से चुनकर आए पंचायत समिति सदस्य भी अपने-अपने वार्ड में विकास कार्यों को करवाने के लिए शेल्फ पारित कर इन कार्यों को अमलीजामा पहनाने के लिए विभिन्न पंचायतों को भेजती है। विकास खंड गगरेट की सूरत-ए-हाल यह है कि वित्त वर्ष 2020-21 से लेकर अब तक जितने भी शेल्फ पारित कर विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाने के लिए भेजे गए हैं, उन पर काम ही नहीं हुआ है।

मंगलवार को पंचायत समिति अध्यक्ष रीना धीमान की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह मुद्दा खूब उठा। पंचायत समिति सदस्यों ने कहा कि जब उनके द्वारा प्राथमिकता के आधार पर लिए गए विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाना ही नहीं है, तो फिर पंचायत समिति द्वारा शेल्फ पारित करने का लाभ ही क्या है। जब सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों की नजर में पंचायत समिति सदस्यों का कोई मूल्य ही नहीं तो फिर सरकार पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव करवाना ही बंद कर दे। पंचायत समिति सदस्य भी जनता के चुने हुए प्रतिनिधि हैं और उनकी भी जनता के प्रति जवाबदेही है।

इस मामले का खंड विकास अधिकारी तविंदर सिंह चिनौरिया ने भी कड़ा संज्ञान लेते हुए पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश दिए हैं। यही नहीं बल्कि पंचायत समिति अब ग्राम पंचायतों में सोलर लाइट लगाने के लिए सीधा फंड पंचायतों को नहीं देगी, बल्कि अब पंचायत समिति सोलर लाइट के लिए आने वाले फंड को हिम ऊर्जा विभाग को ट्रांसफर करेगी ताकि गांवों में सोलर लाइटें हिम ऊर्जा विभाग के माध्यम से ही स्थापित करवाई जा सकें।

बैठक में पंचायत समिति के अधिकार क्षेत्र में आने वाले आम के पौधों पर लगे आम सके फलों की नीलामी के लिए एक सब कमेटी का भी गठन किया गया।

यह सब कमेटी ही आम के फलों की नीलामी की प्रक्रिया को अंतिम रूप देगी। यही नहीं बल्कि ऐसे पेड़ों को भी चिन्हित किया जाएगा, जो सड़क किनारे या तो सूख चुके हैं या फिर कई रिहायशी मकानों के लिए खतरा बने हुए हैं। इन्हें काटने के लिए भी वन निगम को लिखा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## इंदिरा ने इमरजेंसी लगाकर जनता के साथ किया था धोखा : भाजपा

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**



कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता मदन राणा ने कहा कि आज 25 जून को देशभर में 50वीं इमरजेंसी दिवस को काला दिवस के रूप में मनाया जा रहा है और यह वह दिन है जिस दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश की जनता के साथ छल करके देश में इमरजेंसी लगाई थी।

उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक का 21 महीने की अवधि में भारत में आपातकाल घोषित करना तत्काल पीएम एवं कांग्रेस पार्टी के लिए घटिया सोच का नतीजा था। उन्होंने कहा कि तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर भारतीय संविधान की अनुच्छेद 352 के अधीन आपातकाल की घोषणा कर दी। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह सबसे विवादास्पद और अलोकतांत्रिक काल था। उन्होंने कहा कि इंदिरा की उस सरकार के पास जनता के बीच उनकी करिश्माई अपील का समर्थन प्राप्त था। इसकी एक और कारण सरकार द्वारा लिए गए फैसले भी थे। इसमें जुलाई 1969 में प्रमुख बैंकों का राष्ट्रीयकरण व सितंबर 1970 में राजभत्ते (प्रिवी पर्स) से उन्मूलन शामिल हैं; ये फैसले अपने विरोधियों को सार्वभौमिक झटका देने के लिए, अध्यादेश के माध्यम से अचानक किए गए थे।

इसके बाद, सिंडीकेट और अन्य विरोधियों के विपरीत, इंदिरा को गरीब समर्थक , धर्म के मामलों में, अर्थशास्त्र और धर्मनिरपेक्षता व समाजवाद के साथ पूरे देश के विकास के लिए खड़ी एक छवि के रूप में देखा गया। प्रधानमंत्री को विशेष रूप से वंचित वर्गों गरीब, दलितों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों द्वारा बहुत समर्थन मिला। यह सब हुआ इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस फैसले से, जिसमें इंदिरा गांधी को चुनाव में धांधली करने का दोषी पाया गया और उन पर छह वर्षों तक कोई भी पद संभालने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, लेकिन इंदिरा गांधी ने इस फैसले को मानने से इनकार कर दिया। (अनंत ज्ञान)

## शरारती तत्वों ने इनोवा को आग के हवाले किया

**मुकेश कुमार, हरोली**

पुलिस थाना हरोली के तहत पड़ते गांव धर्मपुर में शरारती तत्वों ने सतनाम सिंह पुत्र वरयाम सिंह वार्ड 5 धर्मपुर की इनोवा गाड़ी संख्या एच पी 72 / 2208 को आग के हवाले कर दिया जिससे सतनाम सिंह को लगभग 18 लाख रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। सतनाम सिंह ने बताया की उसने शनिवार को अपनी इनोवा गाड़ी सामुदायिक भवन के नजदीक रोजाना की तरह पार्क की हुई थी।



रविवार शाम को भी उसकी गाड़ी सही सलामत खड़ी थी। रविवार देर रात किन्ही शरारती तत्वों ने उसकी गाड़ी को आग लगा दी। जब गाड़ी के टायर फटने से जोरदार आवाज आई, तब पड़ोसी ने बाहर निकलकर देखा तो गाड़ी से आग की लपटें निकल रही थी। पड़ोसी ने लगभग रात 12 बजे उसे गाड़ी में आग लगी होने की सूचना दी। उन्होंने तथा आस पड़ोस के लोगों ने आग बुझाने के भरसक प्रयास किए, लेकिन जब तक आग पर काबू पाते गाड़ी पूरी तरह से जल चुकी थी।

सतनाम सिंह ने पुलिस थाना हरोली में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवा दिया है। डी एस पी हरोली मोहन रावत ने कहा की पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर लिया गया है तथा पुलिस द्वारा आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। (अनंत ज्ञान)

## अंबोटा गांव में पेड़ बना सकते हैं रिहायशी घर को कब्र

**सन्नी पुरी, गगरेट**

उपमंडल गगरेट के कुठेड़ा जसवालां गांव में एक घर पर खतरा बनकर मंडरा रहे आम के पेड़ को काटने की अपील तब तक सरकारी दफ्तरों में ही घूमती रही, जब तक आम का पेड़ घर पर नहीं गिर गया। इस दुर्घटना में घर के सदस्य तो बाल-बाल बच गए थे, लेकिन घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। ऐसा ही मामला अब पंचायत अंबोटा में देखने को मिल रहा है। यहां एक घर पर खतरा बनकर मंडरा रहे तीन आम के पेड़ों को काटने के लिए घर के मालिक ने प्रार्थना-पत्र तो दिया है, लेकिन भी तक इन पेड़ों को काटने की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है।

बरसात के मौसम में अगर ये पेड़ धराशयी हुए तो घर के साथ-साथ घर के सदस्यों को भी न जान ले बैठें, इस आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता, लेकिन यहां भी अभी तक इन पेड़ों को काटने के लिए प्रार्थना-पत्र दफ्तरों में ही बाबू जी की टेबल की शान बना हुआ है।



आम का पेड़ जो घर के लिए खतरा बने हुए हैं।

हाल ही में दिल दहला देने वाली घटना में कुठेड़ा जसवालां गांव में एक आम का पेड़ साथ लगते घर के सदस्यों का काल बनते हुए बाल-बाल बचा। उस मामले में भी प्रशासनिक लापरवाही की पोल खोली थी, तो अब ऐसा ही मामला अंबोटा गांव में देखने को मिल रहा है। गगरेट-दौलतपुर चौक मुख्य सड़क मार्ग पर अंबोटा गांव में बाबा नाग नाथ मंदिर के समीप सुभाष चंद के घर व साथ लगती दुकानों के लिए तीन आम के पेड़ खतरे की घंटी बजाते हुए प्रतीत हो रहे हैं।

एक पेड़ तो सूख चुका है जबकि उसके साथ का एक पेड़ गिर भी चुका है। आगे आ रहे बरसात के मौसम में ये पेड़ मकान पर ही न गिर जाएं, इस आशंका को भांपते हुए सुभाष चंद ने इन्हें समय रहते काट लेने के लिए एक प्रार्थना-पत्र वन विभाग के अधिकारियों को सौंपा है। चिट्ठी पहुंचने के बाद संबंधित बीट गार्ड भी मौका देख गया है, लेकिन अभी तक इन्हें काटने के लिए अनुमति नहीं दी गई है। ऐसे में रोज सांझ ढलते ही सुभाष चंद इस दहशत से घिर जाता है कि अगली सुबह वह देख भी पाएगा या नहीं।

सुभाष चंद की माली हालत भी ठीक नहीं कि एक बार मकान टूट जाने पर वह दोबारा खड़ा कर ले। सुभाष चंद ने वन विभाग के आला अधिकारियों के साथ उपायुक्त ऊना जतिन लाल से गुहार लगाई है कि उसके लिए डर व दहशत का सबब बन चुके इन आम के पेड़ों को खुद गिरने से पहले ही काटा जाए ताकि वह चैन की सांस ले सके। (अनंत ज्ञान)

## निर्माणाधीन अस्पताल के भवन में मजदूर ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अभिषेक कुमार, ऊना।** क्षेत्रीय अस्पताल ऊना के निर्माणाधीन भवन में 22 वर्षीय मजदूर ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान रफी गुल पुत्र सिरा गुल हक निवासी गायनारी सील डंगा कलोथ बंजार सील पं. बंगाल के रूप में हुई है, जो कि पिछले करीब एक माह से क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में रहते हुए मजदूरी का काम करता था। बताया जा रहा है कि रफी गुल मानसिक तौर पर परेशान रहता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक साथी कामगार ने रफी गुल को फंदा पर झूलता देख अन्य को सूचित किया। वहीं, पुलिस भी मौके पर पहुंची। एसपी ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, साथ ही आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। (अनंत ज्ञान)

## कांगड़ा ने कुल्लू को दो रन से हराकर किया फाइनल में प्रवेश



कुल्लू को हराने वाली कांगड़ा की महिला टीम।

**संजीव पुरी, ऊना**

महिला सीनियर वनडे प्रतियोगिता के तहत कुल्लू का सेमीफाइनल मुकाबला कांगड़ा के साथ पीसीसीए स्टेडियम संतोषगढ़ में खेला गया। कांगड़ा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट खोकर 162 रन बनाए। वैष्णवी राव ने 30 रन बनाए, धन्या लक्ष्मी ने 71 रन बनाए और अपनी पारी में उसने 7 चौके लगाए।

कुल्लू की रंजना ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार खिलाड़ियों को आउट किया, कुंजमगिरि और रचना ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया और दो खिलाड़ी रन आउट हुए। कुल्लू के बल्लेबाज अंशिता ठाकुर ने 35 रन बनाए, मोनिका देवी ने 41 रन, जबकि रंजना ने नाबाद 31 रन बनाए।

**फाइनल मुकाबला कांगड़ा और शिमला के बीच में खेला जाएगा**

कांगड़ा के गेंदबाज प्रीति काहेलो ने 3 खिलाड़ियों को आउट किया। श्वेता जमवाल और रिजुल सरोच ने एक खिलाड़ी को आउट किया और दो खिलाड़ी रन आउट हुए। कुल्लू की टीम 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 160 रन ही बना सकी। कांगड़ा ने 2 रन से सेमीफाइनल मुकाबला जीत कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला कांगड़ा और शिमला के बीच में खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## शिमला ने सोलन को 9 विकेट से दी मात

**संजीव पुरी, ऊना**



विजेता शिमला की टीम के सदस्य।

महिला सीनियर वनडे प्रतियोगिता के तहत शिमला का सेमीफाइनल मुकाबला सोलन के साथ ऊना के इंदिरा गांधी स्टेडियम में खेला गया। सोलन टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 29.1 ओवर में 10 विकेट खोकर 76 रन बनाए। इमानी नेगी ने 19 रन बनाए, बाकी सभी बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक ही रहा।

शिमला की मनीषा रावत ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 ओवर में 18 रन देकर पांच खिलाड़ियों को आउट किया। कशिश वर्मा ने 6 ओवर में 32 रन देकर तीन खिलाड़ियों को आउट किया, प्राची चौहान ने एक खिलाड़ी को आउट किया। शिमला की टीम के बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लिया। शिमला के बल्लेबाज निकिता चौहान ने पांच रन बनाए, कशिश वर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 37 रन का योगदान दिया तथा अपनी पारी में 7 चौके लगाए। नेहा केथ ने नाबाद 26 रन बनाए। हर्षिता ने एक खिलाड़ी को आउट किया। शिमला की टीम ने अपना लक्ष्य 13.4 ओवर में एक विकेट होकर आसानी से प्राप्त कर लिया, शिमला ने सोलन को 9 विकेट से हराया।

खेल प्रेमियों रमन सैनी अनुराग दयाल, पंकज पीटर, नवीन शर्मा सुनील शर्मा, विनय कुमार मंदली ने खिलाड़ियों और कोच को जीत के लिए और फाइनल में पहुंचने के लिए बधाई दी है। (अनंत ज्ञान)

**कार्रवाई** अवैध कटान मामले में पुलिस पूछताछ में खुलेगा

## तीन दिन के रिमांड पर वन काटू

**अभिषेक कुमार, ऊना**

उपमंडल बंगाणा के ध्यूंसर जंगल में अवैध कटान मामले में पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ वन विभाग ने एफआईआर दर्ज करवा दी है। पुलिस ने आरोपी अजय निवासी भदसाली, ऊना और रजाक निवासी घरवासड़ा चुरड़ी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। अब पुलिस पूछताछ में यह पता लगाएगी कि जो आरोपी रात के अंधेरे में भागे हैं, वे कौन हैं और किसके इशारे पर अवैध कटान कर रहे थे।

उपमंडल बंगाणा में यह पहली बार हुआ है कि वन काटुओं को मौके पर पकड़ने के बाद मामला दर्ज कर पुलिस में उन्हें रिमांड पर लिया है। बता दें कि वन विभाग की टीम ने बीते शनिवार रात को ध्यूंसर वन में अवैध कटान में जुटे वन काटुओं को मौके पर काबू किया था। हालांकि कुछ लोग अंधेरे की आड़ में भाग गए थे। वन विभाग की टीम ने मौके से एक ट्राला, अवैध रूप से काटे गए खैर के 40 मोछे और दो बाइक सहित अन्य सामान बरामद किया था।

आपको बता दें कि ध्यूसंर बीट रामगढ़ धार जंगल क्षेत्र में आती है और इसके आठ किमी के दायरे में कोई आबादी नहीं है। ऐसे में रात के अंधेरे का फायदा उठाकर वन काटु अवैध कटान को अंजाम देकर मोटी कमाई करने की फिराक में रहते हैं।

### फरार आरोपियों को भी किया जाएगा गिरफ्तार

जोल पुलिस चौकी प्रभारी रूप लाल ने कहा कि दो वन काटुओं को कोर्ट में पेश किया गया। रजाक और अजय को कोर्ट ने तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है। अब पुलिस आरोपियों से सख्ती से पूछताछ करेगी। जो आरोपी फरार हुए हैं, उनको भी गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपियों ने पहले कहां-कहां अवैध कटान को अंजाम दिया है और इस कार्य में उनके साथ कौन-अवैध संलिप्त हैं, इसकी भी जानकारी जुटाई जाएगी।

**जब्त खैर के मोछे और वाहन कार्यालय में पहुंचाए :** रामगढ़ धार रेंज की खुरबाई फॉरेस्ट सर्कल के रेंज ऑफिसर अश्वनी कुमार ने कहा कि ध्यूंसर बीट के रामगढ़ धार जंगल में पकड़े गए खैर के 40 मोछे और पिकअप ट्राला विभागीय कार्यालय में पहुंचा दिया है।

विभागीय टीम ने आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया है। वन विभाग पुलिस जांच में हर प्रकार से सहयोग करेगा। अवैध कटान की पूरी रिपोर्ट तैयार की जाएगी। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### टहनियों और बिजली की तारों के टकराने से हुआ धमाका

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।** जिला मुख्यालय ढालपुर में स्थित बिजली बोर्ड कार्यालय के ठीक सामने से गुजर रही बिजली के तारों के संपर्क में आने से पेड़ की टहनियों में जोरदार धमाका हुआ। मंगलवार को बिजली बोर्ड कार्यालय के ठीक सामने से गुजरने वाली बिजली की तारों ओर हवा से झूल हुई टहनियों के संपर्क में आने से अचानक 5-6 जोरदार धमाके हुए। धमाका इतना जोरदार था कि आवाज



सुनकर लोग सड़क पर आ गए। इस दौरान धमाके के कारण एक पेड़ उखड़ कर एक लाल रंग की गाड़ी पर जा गिरा। पेड़ के गिरने से गाड़ी के सामने वाले शीशे को नुकसान पहुंचा है। हालांकि, गनीमत यह रही कि इस दौरान कोई भी व्यक्ति या गाड़ी उस स्थान से नहीं गुजर रही थी। गौर रहे कि बिजली विभाग के कर्मचारियों के द्वारा आए दिन बिजली की तारों को छूती हुई पेड़ों की टहनियों की छंटाई की जाती है लेकिन बिजली बोर्ड अपने ही कार्यालय के सामने अब तक छंटाई क्यों नही कर पाया। विभाग की इस तरह की लापरवाही से तो दिया तले अंधेरा वाली कहावत सही सिद्ध हो गई। (अनंत ज्ञान)

### एजुकेशन फंड बंद करना दुर्भाग्यपूर्ण : सत्य प्रकाश

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** पूर्व बागबानी मंत्री एवं द कुल्लू जिला सहकारी संघ सीमित के अध्यक्ष सत्य प्रकाश ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने जिला सहकारी संघों का एजुकेशन फंड बंद कर दिया है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। सत्य प्रकाश ठाकुर मंगलवार को समित के साधारण अधिवेशन के बाद यहां जिला सहकारी संघ के भवन सरवरी में प्रेस




को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एजुकेशन फंड बंद होने से पूरे प्रदेश के संघों ने विभाग व सरकार से इसे बहाल करने की गुहार लगाई थी, लेकिन सरकार व विभाग नहीं माने हैं, इसलिए अब प्रदेश के सभी सात जिला सहकार संघों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इस फंड के बंद होने से जिला सहकार संघों को दरकिनार करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि सहकारी बायोलॉज व कानून के तहत लड़ाई लड़ी जाएगी ताकि यह फंड बहाल हो सके। उन्होंने कहा कि इस फंड के बंद होने से जिला सहकार संघ न तो एजुकेशन करवा पाएगा और न ही कोई अन्य कार्य। उन्होंने कहा कि जुलाई के पहले हफ्ते प्रशिक्षण शिविर होगा। इस अवसर पर कई प्रस्ताव पारित किए गए और सालाना लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सहकार संघ का सालाना बजट 20.12 लाख रुपए पारित किया गया। यह बजट ध्वनिमत से पारित किया गया। (अनंत ज्ञान)

### कबड्डी प्रतियोगिता में बजौरा स्कूल विजयी

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुंतर में तीन दिवसीय अंडर-14 कुल्लू खंड के छात्राओं की खेलकूद प्रतियोगिता मंगलवार विधिवत समापन हुआ। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधन समिति के प्रधान भानू भंडारी मुख्यातिथि रहे। प्रधानाचार्य दीप्ति पॉल ने बताया कि छात्रों की चिरंजीवी खेलकूद प्रतियोगिता का समापन स्थानीय स्कूल के प्रबंधन



समिति के प्रधान भानू भंडारी द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में 24 स्कूलों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो तथा बैडमिंटन, योगा, कल्चर प्रतियोगिता करवाई गईं। खेल प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि यह खेलकूद प्रत्योगिता तीन दिन तक भुंतर स्कूल में करवाई गईं। कबड्डी में बजौरा स्कूल विजयी रहा और जल्लूग्रां दूसरे स्थान पर रहा। वॉलीबॉल में जरी पहले स्थान पर और बरशैनी स्कूल दूसरे स्थान पर रहा, खो खो में सचानी ने पहला स्थान तथा न्यूल ने दूसरा स्थान हासिल किया। इस मौके पर सभी स्कूल से आए हुए डीपी, पीटीआई और स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। (अनंत ज्ञान)

### खेलें हमारे स्वस्थ जीवन की आधारशिला

**शीला कौल, बंजार।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंजार में विभिन्न प्रकार के खेलों की जोनल स्तरीय अंडर-14 (छात्रा वर्ग) खेलकूद प्रतियोगिता का जिला कांग्रेस महासचिव घनश्याम गौतम ने विधिवत समापन किया गया। वहीं पूर्व नगर कुंज लाल राणा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैडमिंटन में राजकीय उच्च पाठशाला बाहू प्रथम तथा राजकीय वरिष्ठ



माध्यमिक पाठशाला कलवारी द्वितीय स्थान पर रहा। वॉलीबॉल में गुशैनी ने कलवारी को फाइनल में हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। खो-खो में बठाहड़ स्कूल ने मझहली को फाइनल में हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चनौण ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थाटीबीड़ को फाइनल में हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंजार को सर्वश्रेष्ठ आयोजक से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने कहा कि खेलें हमारे स्वस्थ जीवन की आधारशिला है। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य में भी आपसी खेल भावना से खेलने का आह्वान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक नरेंद्र सिंह, नीरत सिंह नेगी, भाग चंद, बुद्धि सिंह, हंस राज, देवेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# मनाली सहित लाहौल-स्पीति के पर्यटन स्थलों में छाई है रौनक

## बाहरी राज्यों से पर्यटकों का आना लगातार जारी



**कमलेश वर्मा, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली में समर सीजन की रौनक लगातार बरकरार है। बाहरी राज्यों से गर्मी से राहत पाने के लिए पर्यटक भारी संख्या में पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। कुल्लू, मनाली, बंजार, तीर्थन सहित लाहौल-स्पीति के विभिन्न पर्यटन स्थलों में बाहरी राज्यों से पर्यटकों का आना लगातार जारी है।

मनाली सहित लाहौल के पर्यटन स्थलों में रौनक छाई है। पर्यटक यहां पर जहां रोहतांग में बर्फ में मस्ती कर रहे हैं तो वहीं, सोलंगनाला सहित अन्य जगहों पर साहसिक गतिविधियों राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग व अन्य गतिविधियों का भी लुत्फ उठा रहे हैं। हालांकि वीकेंड पर यहां पहुंचे अधिकतर पर्यटकों की वापसी से होटलों में आक्यूपेंसी घटी है लेकिन रौनक अभी भी बरकरार है। स्तरीय होटलों में तो आक्यूपेंसी 100 प्रतिशत ही चल रही है लेकिन अन्य होटलों में आक्यूपेंसी थोड़ी लुढ़की है। मंगलवार को बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों की आमद थोड़ी-सी कम हुई है। (अनंत ज्ञान)

### रोहतांग दर्रे में बर्फ के दीदार को लगा पर्यटकों का मेला

**रोहतांग** दर्रे में बर्फ के दीदार को पर्यटकों का मेला लगा हुआ है। रोहतांग दर्रा अभी भी पर्यटकों की पहली पसंद बना हुआ है। 30 जून तक रोहतांग दर्रे के सभी परमिट एडवांस में बुक हैं। दो दिनों में 15 हजार से अधिक पर्यटक रोहतांग दर्रे में पहुंचे। अधिकतर पर्यटक अटल टनल निहारते हुए मनाली लौटे जबकि कुछ एक ने गुलाबा कोठी की राह पकड़ी।

ट्रैफिक को सुचारु रखने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। वाहन चालकों से अपील है कि बेतरतीब तरीके से सड़क में वाहन खड़े न करें और पुलिस का सहयोग करें।

-केडी शर्मा, डीएसपी मनाली

### शिविर में 30 लोगों ने किया रक्तदान



रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए डीएसपी मनाली केडी शर्मा।

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** जिला कुल्लू के मनाली उपमंडल के अंतर्गत पतलीकूहल में मंगलवार को सामाजिक संस्था टीम गोली द्वारा एकदिवसीय रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस शिवर में 30 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। सनद रहे कि जिला कुल्लू में रक्त की कमी के चलते मरीजों को काफी समस्या से जूझना पड़ रहा है, ऐसे में सामाजिक संस्था टीम गोली व रक्त एकत्र संग्रहालय द्वारा संयुक्त तत्वावधान में इस शिविर को आयोजित किया गया। टीम गोली के कप्तान सन्नी नेगी ने बताया कि उनकी संस्था अकसर नेक कार्यों में अपना योगदान देती आई है और आज इस शिविर में संस्था के सदस्यों के अलावा स्थानीय लोगों पुलिस विभाग व महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भी आवंटित किए। (अनंत ज्ञान)

# पंजाबी पर्यटक की दबंगई, पास के लिए कहा तो निकाल दी रिवॉल्वर

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**



पंजाब के पर्यटक द्वारा निकाली गई रिवॉल्वर।

जिला कुल्लू की धार्मिक नगरी मणिकर्ण में पंजाब के पर्यटक की दबंगई का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार मनिकर्ण घाटी में मंगलवार को पंजाब के एक पर्यटक और निजी बस चालक के बीच पास लेने को लेकर विवाद हुआ जिस पर पंजाब के पर्यटक ने तैश में आकर रिवॉल्वर निकाल ली। रिवॉल्वर निकालने के बाद खूब हंगामा हुआ।

सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस जानकारी के अनुसार मंगलवार को मणिकर्ण घाटी में सड़क पर पास लेने को लेकर पंजाब के एक पर्यटक की बस ड्राइवर से बहस हो गई। सड़क तंग होने के चलते बस चालक ने जब पर्यटक को अपना वाहन पीछे करने को कहा तो वह भड़क गया और उसने गुस्से में रिवॉल्वर निकाली और धमकाने लगा। यह देखकर वहां मौजूद दूसरे लोग और टूरिस्ट भी घबरा गए और उन्होंने पुलिस को सूचित किया।

दरअसल, सड़क की चौड़ाई कम होने पर बस चालक ने पंजाब नंबर (पीबी-31 वाई-9990) की गाड़ी के ड्राइवर को उनकी गाड़ी पीछे करने के लिए कहा, जिस पर वह भड़क गया और तैश में आकर उसने रिवॉल्वर निकाल ली, जिससे वहां काफी भीड़ जमा हो गई और लंबा जाम लग गया। हालांकि बाद में कुछ और टूरिस्टों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। उधर, एएसपी कुल्लू संजीव चौहान ने कहा है कि रिवाल्वर के साथ वायरल हो रही पर्यटक की वीडियो मामले की छानबीन की गई है। यह मामला कुल्लू जिला का है और इस मामले में पंजाब के पर्यटक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। (अनंत ज्ञान)

## 300 साल बाद उझी घाटी की परिक्रमा कर रहे देवता काली नाग

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

मणिकर्ण घाटी के देवता काली नाग जोड़ा नारायण 300 सालों के बाद उझी घाटी की परिक्रमा को निकले हैं। अपने इस ऐतिहासिक दौरे के दौरान देवता ने वशिष्ठ में शाही स्नान किया। उसके बाद देवता अपने हारियानों के साथ नग्गर पहुंचे।

देवता के कारदार ललित सोनी ने बताया कि देवता लगभग 300 सालों के बाद नग्गर आए हैं। देवता का आदेश हुआ कि उन्हें उझी घाटी के तरफ जाना है। देव आज्ञा अनुसार ही यह यात्रा की जा रही है जिस में देव कमेटी देव कारकूनों और समस्त हरियानों के सहयोग से ही यह यात्रा संभव हो सकी है। वहीं उन्होंने बताया कि उसके बाद



देवता के साथ आए सभी हरियानों और नग्गर वासियों को देवता की तरफ से ब्रह्मभोज का आयोजन किया गया। मंगलवार को देवता जगतिपट्ट गयर और वहां पर देव कार्रवाई के पश्चात नग्गर के ठावा स्थित राधा कृष्ण मंदिर व झीड़ी में बाबा फुआरी के मंदिर में जाने के पश्चात शाम को घुड़दौड़ देवता गणपति के मंदिर में रात्रि विश्राम के लिए पहुंचे। (अनंत ज्ञान)

### शीघ्र लगाएं कूड़ा प्रबंधन संयंत्र: डीसी

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रविश की अध्यक्षता में बचत भवन कुल्लू में कुल्लू जिला के सभी नगर परिषदों तथा नगर पंचायतों के अधिकारियों और सभी उपमंडलाधिकारियों से वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी नगरों में ठोस कचरा एवं प्लास्टिक कचरा प्रबंधन कार्यों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को यथाशीघ्र उपयुक्त स्थानों का चयन तथा कूड़ा प्रबंधन संयंत्र लगाने के लिए निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला मैजिस्ट्रेट अश्वनी कुमार, जिला परियोजना अधिकारी दलीप ठाकुर तथा परियोजना अधिकारी, जिला ग्रामीण विकास एजेंसी प्रवीण कुमार उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# कार सेवादल ने की आगजनी से बेघर हुए बुजुर्ग की मदद




सैंज के अग्नि प्रभावित परिवार को सामान देते हुए संस्था के पदाधिकारी व सदस्य।

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कुल्लू की समाजसेवी संस्था कार सेवादल की ओर से समय-समय पर गरीब, जरूरतमंद व मरीजों की मदद की जाती है। इसी कड़ी में संस्था की ओर से सैंज घाटी के मशीना गांव के ठाकुर राम की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है।

संस्था के अध्यक्ष मनदीप सिंह डांग ने बताया कि 70 वर्षीय ठाकुर राम के परिवार में वह और उसकी बहन 75 वर्षीय धनी देवी है। कुछ समय पहले इनके घर में आग लग गई थी, जिस कारण इनका पूरा घर जल की राख हो गया था। दोनों बुजुर्ग भाई-बहन अपने घर का कोई भी समान नहीं बचा पाए थे। प्रशासन की ओर से मात्र 5000 और एक तिरपाल की मदद की गई है। अभी परिवार तिरपाल के नीचे टेंट बनाकर रह रहा है।

ठाकुर के रिश्तेदारी से कार सेवादल संस्था से संपर्क साधा गया। संस्था द्वारा उनकी समस्या को सुनते हुए उन्हें कार्यालय में बुलाया और कार्रवाई होने के पश्चात उन्हें घर का घरेलू सामान जैसे गद्दे, तलाई, कंबल, रजाई, किचन के लिए सारे बर्तन और अन्य जरूरी सामान संस्था के सेवादार द्वारा दिया गया। इस मौके पर कार सेवा दल संस्था के अध्यक्ष मनदीप सिंह, उपप्रधान रामप्रसाद शर्मा, आजीवन सदस्य दलजीत सिंह मान, कपिल ठाकुर व अन्य सेवादार और पीड़ित परिवार की सदस्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### दुकान से नकदी और सामान ले उड़ा शातिर

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** कुल्लू जिला के बंदरोल के पास एक परचून की दुकान में ताला तोड़कर चोरी की घटना सामने आई है। शातिर ने दुकान से 42 हजार की नकदी के साथ 35 हजार रुपए का सामान उड़ा लिया है। रात के समय हुई घटना से इलाके के लोग और कारोबारी भी सहम गए हैं। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। दुकानदार वरुण ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि 23 जून की रात शातिर ने कुल्लू-मनाली हाईवे तीन स्थित बंदरोल में उनकी परचून की दुकान के ताले तोड़कर दुकान से लगभग 42,000 रुपए नकद चुरा लिए हैं। इसके अलावा काउंटर में रखे सिगरेट के बड़े पैकेट जिनकी कीमत लगभग 35,000 रुपए है, को भी चुरा लिया है। उधर, एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

## 1200 स्टूडेंट्स ने ग्रहण की एबीवीपी सदस्यता

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने जिला के विभिन्न कॉलेजों ओर स्कूलों में सदस्यता अभियान चलाया हुआ है। ऐसी कड़ी में एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने इन दिनों हरिपुर के लगते आसपास के क्षेत्रों में स्थित विभिन्न स्कूलों में विद्यालय सदस्यता अभियान चलाया हुआ है। मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने इसी कड़ी में कार्य करते हुए विद्यालय सदस्यता अभियान को गति देते हुए विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सदस्यता दिलवाई। विभाग के संयोजक अमन ठाकुर ने बताया कि कुल्लू जिले में भी यह अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। अभी तक 1200 के करीब विद्यार्थियों की सदस्यता हो चुकी है और कुल्लू जिला के अंदर करीब 15 स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन एबीवीपी से जोड़ा गया है। (अनंत ज्ञान)

# मनाली नप अध्यक्ष की नेक्स्ट जेन केमिकल कंपनी से सांठ-गांठ

**कमलेश वर्मा, मनाली**

नगर परिषद मनाली के मनोनीत पार्षदों ने अध्यक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा है कि वह शहरवासियों के प्रति सभी जिम्मेदारियों को निभाने में फेल साबित हुए हैं। प्रेस बयान में नप मनाली के मनोनीत पार्षद धर्मपाल रुडिंग्वा, जगदीश पाल, बलवीर सिंह जॉनी ने कहा है कि रांगड़ी कूड़ा संयंत्र में लगे ढेर का मुख्य कारण नप अध्यक्ष चमन कपूर ही हैं जो कि नेक्स्ट जेन केमिकल कंपनी के साथ सांठ-गांठ कर मनाली की जनता की आंखों में धूल झोंक रहे हैं।

पार्षदों ने एक सुर में कहा कि चमन कपूर पिछले चार वर्षों से नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष पद पर बैठे हैं, चार साल पहले तो रांगड़ी में कूड़े का पहाड़ नहीं था, उन्हीं के आने के पश्चात ठेकेदार के साथ मिलकर मनाली को कूड़ेदान में बदल दिया और आज उल्टा ठेकेदार को गलत ठहरा रहे हैं। अगर ठेकेदार ही गलत तरीके से कूड़ा ले रहा था तो नगर परिषद मनाली ने उसे बाहर का रास्ता दिखाकर कड़ी कार्रवाई क्यों नहीं की। पार्षदों ने अध्यक्ष पर यह भी आरोप लगाया कि तीन साल पहले बस अड्डे के पास खुली बोली के माध्यम से दस दुकानें आवंटित की थीं, किरायेदारों से सिक्योरिटी लेकर आज दिन तक उनसे एक रुपया भी किराया नहीं लेकर वह अपनी राजनीति चमका रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले तीन साल में नप द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर दस दुकानों का निर्माण किया गया है, किराया नहीं लेने से नप को एक करोड़ बीस लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। उन्होंने ने कहा कि सरकार तथा प्रशासन सारा किराया जोड़कर नगर परिषद अध्यक्ष से जुर्माने के साथ वसूल करें। उन्होंने यह स्पष्ट किया है कि नप एरिया के बाहर की आठ पंचायतों से नगर परिषद मनाली नियमित रूप से कूड़ा लेती रहेगी और स्थानीय पंचायतों के लोगों तथा होटल गेस्ट हाउस मालिकों को किसी तरह की परेशानी नहीं आने देंगे। (अनंत ज्ञान)

# खंड विकास अधिकारी लोगों के साथ तालमेल बिठाकर करें काम : डीसी



खंड विकास अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करती हुई डीसी कुल्लू।

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

डीसी कुल्लू तोरुल एस रविश की अध्यक्षता में मंगलवार को बचत भवन कुल्लू में कुल्लू जिला के आनी, भुंतर, नग्गर, निरमंड, बंजार तथा कुल्लू के खंड विकास अधिकारियों तथा विभिन्न विभागों के तकनीकी सहायकों के साथ मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

डीसी ने विकास खंडों में चल रहे विकास कार्यों तथा लंबित पड़े कार्यों की समीक्षा की और उन्हें शीघ्र अमलीजामा पहनाने के निर्देश दिए। बैठक में पंचायत घरों के निर्माण, आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण, शौचालय का निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, ज्ञान केंद्रों के निर्माण आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में इन विकास कार्यों में आ रही बधाओं को लेकर भी चर्चा की गई। डीसी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को लोगों के साथ तालमेल बैठाने के निर्देश दिए, जिस से विकास कार्यों में तेजी आए। नए भवनों के निर्माण के लिए भूमि का चयन, ज्ञान केंद्रों में अखबारों और पत्रिकाओं को उपलब्ध करवाने के लिए, मनरेगा के अंतर्गत निर्माण सामग्री तथा श्रम को 60-40 के अनुपात में करवाने के निर्देश दिए। (अनंत ज्ञान)

**कुप्रबंध** सफाई व्यवस्था चरमराई, हर तरफ फैल रही गंदगी

# अंतरराज्यीय कुल्लू बस स्टैंड गंदगी की चपेट में

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू में के समीप सरवरी में स्थित अंतरराज्यीय बस स्टैड में सफाई व्यवस्था फिर से चरमराने लगी है। अड्डे में साफ-सफाई की व्यवस्था इन दिनों फिर से निम्न स्तर की हो चुकी है।

गौर रहे कि इससे पूर्व भी कुल्लू बस स्टैड गंदगी को लेकर सुर्खियां बटोर चुका है और आलीशान बस अड्डे में सफाई की व्यवस्था को लेकर दर्जनों खबरें अखबारों की सुर्खियां में आ चुकी थीं, जिस पर बस अड्डे में साफ-सफाई कर मात्र खाना पूर्ति पूरी की गई थी। इन दिनों भी बस अड्डे की सफाई व्यवस्था में कोई खास सुधार नहीं हुआ है। मई माह की 20 तारीख को बस अड्डे की सफाई व्यवस्था को लेकर अनंत ज्ञान समाचार पत्र में खबर छपी थी, और उसके बाद बस अड्डे की सफाई व्यवस्था पर गंभीरता दिखाते हुए साफ-सफाई की गई। अनंत ज्ञान के प्रतिनिधि ने मंगलवार को कुल्लू बस



बस अड्डे में फैली गंदगी की तस्वीरें।

अड्डे की सफाई व्यवस्था को करीब से परखा तो पाया कि सफाई व्यवस्था फिर से बद से बदतर हो चुकी है और हर तरफ कूड़ा बिखरा पड़ा है।

अड्डे में जहां बसें खड़ी होती हैं वहां पर सबसे ज्यादा गंदगी है, यात्रियों और वाहन चालकों द्वारा फैंकी गई खाने-पीने की वस्तुएं, खाली शराब और कोल्ड ड्रिंक की बोतलें, कूड़े से फैल रही बदबू बस अड्डे की वर्तमान सफाई व्यवस्था और रख-रखाव की कहानी खुद ही बयां कर रही है। बस अड्डे की सफाई की व्यवस्था सिर्फ बस अड्डे के काउंटर और वेटिंग रूम तक ही सीमित है। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि करोड़ो की लागत से बने बस अड्डे की लच्चर सफाई व्यवस्था बहुत ही निराशाजनक है। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### आपदा प्रबंधन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



आपदा प्रबंधन को लेकर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते स्कूली बच्चे।

**रघुवंशी, अर्की।** उपमंडल अर्की के अंतर्गत राजकीय माध्यमिक पाठशाला मांडी और राजकीय प्राथमिक पाठशाला मांडी में संयुक्त रूप से आपदा प्रबंधन के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर फायरमैन धनीराम शर्मा ने विभिन्न आपदा प्रबंधन विधियों के बारे में विद्यार्थियों को बताया। इस कार्यक्रम में दोनों विद्यालयों के अध्यापक अजय गौतम, कमल कांत शुक्ला, वीरेंद्र सिंह, शशि बाला, संजय देवी और अनुराधा देवी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### रौडी यूथ क्लब का किया गठन, बॉबी बने प्रधान

**आशीष, दाड़लाघाट।** गांव रौड़ी में रौड़ी पंचायत सदस्य हरदेव शर्मा की अध्यक्षता में रौड़ी यूथ क्लब का गठन किया गया। इसमें बॉबी शर्मा को प्रधान चुना गया। इसके उपरांत एसीएफ सभागार में अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन और रौड़ी यूथ क्लब की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन के कार्यक्रम प्रबंधक भूपेंद्र गांधी ने की। बैठक में बच्चों को नशे से दूर कैसे रखा जाए, उसके ऊपर चर्चा की गई। इसके अलावा बच्चोंको खेल में बढ़ावा देने के लिए अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन की ओर से बच्चों को खेल सामग्री देने का आश्वासन भी दिया गया। बैठक में वार्ड मेंबर रौड़ी मनु शर्मा, रजत शर्मा, सन्नी, सुभम, शिवम, तुषार, पंकज, पीयूष, यशस्वी, रिजवी, आकांक्षा, राहुल ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

### 83 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू कल

**भावना, सोलन।** जिला रोजगार अधिकारी संदीप ठाकुर ने बताया कि मैसर्ज वर्मा ज्वेलर्स सोलन में 83 पदों की भर्ती के लिए कैंपस इंटरव्यू 27 जून को जिला रोजगार कार्यालय सोलन में सुबह साढ़े 10 बजे से आयोजित किए गए जाएंगे। संदीप ठाकुर ने कहा कि इन पदों के लिए उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता 12वीं नॉन मेडिकल, ग्रेजुएट, एमबीएम, एमबीएम (फाइनेंस), कंप्यूटर ऑपरेटर प्रोग्रामिंग एसीस्टैंट (कोपा) पास होनी चाहिए तथा आयु 20 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजीकरण के लिए उम्मीदवारों को ई.ई.एम.आई.एस. पर कैंडिडेट लॉगइन टैब के माध्यम से पंजीकृत करने के उपरांत अपनी रजिस्ट्रेशन प्रोफाइल पर अधिसूचित रिक्तियों के लिए अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर आवेदन कर सकते है। उन्होंने कहा कि आवेदक का नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है। उम्मीदवार अधिक जानकारी के लिए कार्यालय दूरभाष नंबर 01792-227242 तथा मोबाइल नंबर 70189-18595 व 78768-26291 पर संपर्क कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### नशा निवारण पर आज दिलाई जाएगी शपथ

**सोलन ब्यूरो।** उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने बताया कि 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस आयोजित किया जा रहा है। नशीली चीजों और पदार्थों के निवारण के लिए प्रति वर्ष यह आयोजन किया जाता है। उन्होंने जिला में स्थित सभी विभागीय अधिकारियों को इस दिवस पर अपने तथा अधीनस्थ कार्यालयों में नशा निवारण की शपथ दिलावाएं, साथ ही इस दिवस से जुड़ी अन्य गतिविधियां आयोजित करना भी सुनिश्चित करें।

### कंपनी में करंट लगने से युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** नालागढ़ के गोलजमाला स्थित आचार बनाने वाली कंपनी में करंट लगने से एक युवक की मौत हुई। मृतक की पहचान अर्जुन पुत्र गोवर्धन निवासी बिलसी उत्तर प्रदेश के रूप में हुई, जो कि कंपनी में काम करता था। पुलिस को नालागढ़ अस्पताल से सूचना मिली कि एक युवक संदिग्ध अवस्था में अस्पताल पहुंचा था, जिसे जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। डीएसपी नालागढ़ भीष्म ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है

### नालागढ़ से भाजपा प्रत्याशी की होगी जीत : सहजल



**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व सह प्रभारी नालागढ़ डॉ. राजीव सहजल ने कहा कि नालागढ़ का उपचुनाव बाहरी व धरतीपुत्र के बीच हो रहा है और क्षेत्र की जनता कांग्रेस के प्रत्याशी को भली-भांति जानती है। सहजल ने मंगलवार को प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि नालागढ़ से भाजपा प्रत्याशी केएल ठाकुर की जीत निश्चित होगी और पिछले डेढ़ वर्ष से रुका हुआ विकास फिर एक बार रफ्तार पकड़ेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का प्रत्याशी बाहर से आकर नालागढ़ से चुनाव लड़ रहा है, जिसके बारे में नालागढ़ की जनता जानती है, जबकि भाजपा का प्रत्याशी स्थानीय है और क्षेत्र के विकास के प्रति गंभीर है। सहजल ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्र की जनता भाजपा के साथ है क्योंकि पहाड़ी एरिया में रहने वाले लोगों की जरूरतों को सिर्फ भाजपा ही समझ सकती है। उन्होंने कहा कि बीते लोकसभा चुनाव में नालागढ़ से 15 हजार की लीड मिली थी और इस बार भी नालागढ़ से भाजपा प्रत्याशी भी भारी लीड से विजयी होंगे।

### अभी भी समय है, पेड़ लगाएं : सभ्य रेफोरेस्टर्स



सोलन मॉल रोड पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते सभ्य रेफोरेस्टर्स संस्था के सदस्य।

**भावना, सोलन।** सोलन के सभ्य रेफोरेस्टर्स के सदस्यों ने सोलन नगर के मॉल रोड पर रोड शो एवं पत्रकों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उद्देश्य है कि अधिक से अधिक जनता पौधरोपण के लाभ जानकर यह कार्य शीघ्रातिशीघ्र करे। यद्यपि रिफोरेस्टर्स का उद्देश्य पर्यावरण को स्वच्छ रखना भी है किंतु लोग स्वच्छता केवल अपने घरों में चाहते हैं, बाहर चाहे किसी भी स्तर की गंदगी फैले। सभ्य रिफोरेस्टर्स ने मॉल रोड से शहरी एवं ग्रामीण जनता को एक संदेश देने का प्रयास किया कि वे अपने वातावरण को प्लास्टिक से बचाकर रख स्वच्छता का अभ्यास कर एक जीवनशैली में प्रवर्तित करें। अधिक से अधिक पीपल, देवदार, बाण, एवं अन्य स्थानीय पौधों को लगाया जाए। संस्था ने नए सदस्यों को जोड़ने का कार्य भी किया। यदि आप आने वाले भयावह गर्म मौसम से लड़ना चाहते हैं तो सभ्य बनें, रिफोरेस्टर बनें। आइए, हम सब मिलकर जीवन उगाते हैं। (अनंत ज्ञान)

## एक शिक्षक के सहारे भुईरा पाठशाला के 26 छात्र

**रविदत, राजगढ़**

प्रदेश सरकार के दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर शिक्षा सुविधा प्रदान करने के दावे फाइलों में दफन हो कर रह गए है। इसका जीता जागता उदाहरण यहां शिक्षा खंड राजगढ़ का प्राइमरी स्कूल भुईरा है। शिक्षा खंड राजगढ़ की प्राथमिक पाठशाला भुईरा एक अध्यापक के सहारे चल रही है। यहां तैनात एक अध्यापक के बीते माह सेवानिवृत्त होने के बाद यहां कोई तैनाती नहीं हुई है। स्कूल एक शिक्षक के सहारे चल रहा है।

स्कूल में इस समय करीब 26 बच्चे पांच कक्षाओं में पढ़ रहे हैं। यहां छात्रों के अभिभावकों को अपने बच्चों के भविष्य की चिंता सता रही है, क्योंकि अगर उनका प्राइमरी शिक्षा में अच्छा अध्ययन कार्य नहीं हो पाया तो इसकी हानि उन्हें आगे जाकर उठानी पड़ेगी। पांच कक्षाओं में बच्चों को पढ़ाने के साथ अन्य सरकारी कार्य कैसे एक अध्यापक कर सकता है, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

स्थानीय लोगों ने सरकार तथा विभागीय अधिकारियों से मांग की है कि यहां जल्द मुख्य अध्यापक की तैनाती की जाए, ताकि यहां पढ़ने वाले बच्चों की शिक्षा सुचारु रूप से हो पाए। इस बारे में खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी अनिल भारद्वाज ने बताया कि गई माह में यहां तैनात मुख्य अध्यापक की सेवानिवृत्ति से पद रिक्त हुआ है। उनके स्थान पर अभी कोई नियुक्ति नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि रिक्त पदों की सूचना समय-समय पर उच्च अधिकारियों को भेजी जाती है। (अनंत ज्ञान)

# आपदा से नहीं लिया सबक, बंद पड़ी नालियां और नाले

## सोलन शहर में बरसात से निपटने के इंतजाम नाकाफी, नगर निगम को हर साल होता है लाखों रुपए का नुकसान

**आर मोहन चौहान, सोलन**



नगर निगम के वार्ड 14 के तहत हाउसिंग कॉलोनी में जगह-जगह बंद पड़ा मुख्य नाला, जिस ओर नगर निगम कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

मानसून की दस्तक के बावजूद सोलन शहर में जमीनी स्तर पर बरसात से निपटने के इंतजाम नहीं दिख रहे हैं। पिछले वर्ष आपदा झेल चुके सोलन शहर की अधिकतर नालियां और नाले मिट्टी से अटे होने के चलते बंद पड़े हैं। बरसात की स्थिति में बंद नालियां और नालों का पानी रिहायसी क्षेत्रों की तरफ मुड़ कर घरों में घुसने का खतरा रहता है। ऐसे में जानमाल का खतरा रहता है। पिछले दिनों से हो रही बारिश के कारण वार्ड क्षेत्रों के नाले ओवरफ्लो हो गए।

वहीं, नालियां बंद होने के कारण सड़कों पर पानी एकत्र हो गया। सड़क किनारे नालियां बंद होने के चलते बारिश पानी अभी से सड़क के रास्ते लोगों के घरों की तरफ रुख कर रहा है। भारी बारिश की स्थिति में लोगों को नुकसान की आशंका भी सताने लगी है। बारिश के कारण बंद पड़े नालों के आपपास पानी व मलबा एकत्र हो रहा है, जो कि खतरे की दस्तक है। आपात स्थिति के खास इंतजाम नहीं होने के चलते लोगों को अपने स्तर पर भी नालियों को साफ करना पड़ रहा है। बरसात को लेकर नगर निगम अभी तक पुख्ता इंतजाम नहीं कर पाया है। वहीं, सोलन की आयुक्त नगर निगम एकता कापटा ने कहा कि बरसात से निपटने के लिए निगम नालियों और नालों की निकासी सुनिश्चित कर रहा है। अधिकतर कर्मचारी मेले की ड्यूटी में व्यस्त रहे, लेकिन अब नालियों और नालों को खोलने का कार्य किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### अवैध डंपिंग से रहता है खतरा

**बरसात** की स्थिति में अवैध डंपिंग से नालों के रास्ते आसपास के रिहायशी क्षेत्रों में मिट्टी एकत्र हो जाती है। इससे कई बार नाले के पानी का रुख घरों की तरफ मुड़ जाता है। आमतौर पर बारिश के कारण नगर परिषद के वार्ड 7, 8, 10, 12, 14 व वार्ड 15 में सड़कों व नालों को खासा नुकसान झेलना पड़ता है। वार्ड-10 की मधुवन कॉलोनी में पिछले वर्ष भी घरों में बारिश का मलबा घुस गया था। इसी तरह नानक विला के नजदीक सड़क में जरा की बारिश के कारण पानी जमा होकर लोगों के घरों तक पहुंच जाता है। धोबीघाट रोड में बारिश के पानी घरों की तरफ मुड़ जाता है, बावजूद इसके इन क्षेत्रों में बरसात से निपटने के इंतजाम नहीं हैं। शहर के कथेड़ व न्यू कथेड़ में भी सड़क से निचली तरफ बने मकानों में बारिश का पानी घुसने का खतरा रहता है। वहीं, वार्ड-14 की हाउसिंग कॉलोनी की सड़कों में निकासी नालियां बंद होने से बारिश का पानी सड़कों पर एकत्र हो रहा है। यदि समय रहते नालियों की सफाई नहीं की हुई तो आने वाली बरसात में सड़कों को खासा नुकसान होगा।

### बारिश में बंद हो जाते हैं नाले

**शहर** में रेललाइन व हाईवे की तरफ बहते नाले हमेशा गंदगी से अटे रहते हैं। नियमित साफ-सफाई नहीं होने से बारिश की स्थिति में नाले ब्लॉक हो जाते हैं। इसके चलते नालों का गंदा पानी लोगों के घरों में घुस जाता है, बावजूद इसके नालों के चैनालाइज के लिए आज तक ठोस योजना नहीं बन पाई। शहर में इस समय करीब एक दर्जन से अधिक नाले बह रहे हैं। इसमें अधिकांश खुले पड़े है। योजना के तहत नालों को कवर कर आसपास के घरों तक सड़क व पार्किंग की सुविधा प्रदान की जानी है। आवासीय कॉलोनियों के आसपास खुले में बह रहे नाले लोगों के लिए खतरा बन चुके हैं, साथ ही इसके आसपास के गुजारी पेयजल की पाइप लाइनों में भी गंदा पानी घुलने का खतरा रहता है। धोबीघाट, डीसी ऑफ से सरदार मोहल्ला की तरफ जाता नाला, माल रोड से कथेड़ की तरफ बहता नाला, मोहन कॉलोनी का नाला, गंज बाजार का नाला, चंबाघाट का नाला, मॉल रोड से कलीन, सन्नी साइड से कलीन का नाला, लक्कड़ बाजार का नाला, शूलिनी कॉलोनी का नाला, चौक बाजार का नाला, रेलवे स्टेशन से बस स्टेंड तक जाता नाला इस समय काफी प्रदूषित हो चुका है।

## परवाणू की रेहड़ी खोखा मार्केट में हिमुडा ने हटाया अतिक्रमण

**महेंद्र, परवाणू**

परवाणू रेहड़ी खोखा मार्केट में मंगलवार को हिमुडा द्वारा अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए खोखे तोड़ने की मुहिम को जारी रखते हुए खोखे गिराए गए। इस दौरान सभी खोखा धारक विरोध के लिए एकत्र हुए तथा हिमुडा की कार्रवाई के खिलाफ उच्च न्यायालय के निर्देशों का हवाला देते हुए हिमुडा से पहले बसाने की मांग की, साथ ही दुकानदारों ने हिमुडा द्वारा सूचि के अनुसार खोखों को तोड़ने पर भी ऐतराज जताया।

उन्होंने कहा की जिस सूचि के अनुसार हिमुडा कार्रवाई कर रहा है, वह सही नहीं है। इनमें कई खोखा धारकों के नाम नहीं है, न ही कई खोखा धारकों के पंजीकरण का नवीकरण हुआ है। ऐसे में कौन से खोखे पंजीकृत हैं, कौन से नहीं, इस का फैसला कैसे किया जा सकता है। वहीं, हिमुडा का कहना है कि यह सूचि उन्हें नगर परिषद द्वारा दी गई है, जिसके अनुसार कार्रवाई की जा रही है। विवाद को बढ़ता देख हिमुडा व नगर परिषद के अधिकारियों ने मौजूदा खोखा धारकों के पंजीकरण व मालिकों की जांच सूचि के अनुसार की तथा 10 खोखों को पंजीकरण न होने के चलते खाली करने के निर्देश दिए। इस दौरान हिमुडा की टीम ने सिरमौर चौक पर बसे खोखा धारकों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें खाली करने के निर्देश दिए। इस बारे में नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि नगर परिषद में कुल 148 खोखा धारक पंजीकृत हैं। इसके अलावा जो भी बिना पंजीकरण के परवाणू में पाया जाएगा, उस पर कार्रवाई होगी। इस बारे में हिमुडा के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया मगर उनसे संपर्क नहीं हो सका। (अनंत ज्ञान)

**खोखा धारकों ने कार्रवाई पर ऐतराज जताया**

## रिकांगपिओ में आज आयोजित होगा अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर 26 जून को किन्नौर जिला के मुख्यालय रिकांगपिओ में आम जनता को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों व इसकी रोकथाम बारे जागरूक किया जाएगा। उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने बताया कि नशा निवारण दिवस के अवसर पर जिला में उपायुक्त कार्यालय से पंजाब नैशनल बैंक रिकांगपिओ तक एक जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं व विद्यालय तथा अन्य शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थी भाग लेंगे।

इसके अतिरिक्त 'नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी की रोकथाम' विषय पर एक वेबीनार का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर उपायुक्त कार्यालय सहित सभी शैक्षणिक संस्थानों व सरकारी कार्यालयों में नशा-मुक्त समाज पर शपथ भी दिलाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## खारा के जंगल में नष्ट किया शराब का अवैध धंधा, 5 भट्ठियां तोड़ीं

**एसपी जैरथ, पांवटा साहिब**



लाहन और शराब को मौके पर नष्ट करती पुलिस।

जिला सिरमौर के पांवटा साहिब उपमंडल के खारा जंगल में माजरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। सोमवार को पुलिस थाना माजरा के प्रभारी प्रताप परमार की अगुवाई में टीम ने जंगल में पांच किलोमीटर पैदल चलकर दबिश दी। इस दौरान टीम खारा जंगल के नाला में उस स्थान पर पहुंची, जहां अवैध शराब का कारोबार फल-फूल रहा था।

मौके पर पुलिस को पांच भट्ठियां बरामद हुईं, जिनमें से दो चलती हालत में थी। इसके साथ-साथ पुलिस को जंगल में 28 ड्रम भी बरामद हुए, साथ ही एल्यूमिनियम के दो बंटे भी मिले, जिसमें ताजी निकाली गई कसीदशुदा शराब मिली। इस पर पुलिस ने ड्रमों पर कुल्हाड़ी चलाकर 12,000 लीटर लाहन के साथ 40 लीटर शराब को मौके पर ही नष्ट कर दिया। इसके साथ जंगल से बरामद उन साधनों को भी नष्ट कर दिया, जिनका इस्तेमाल लाहन और अवैध शराब बनाने के लिए किया जा रहा था। पुलिस ने इस दौरान भट्ठियां भी तोड़ दीं।

हालांकि, इस दौरान शराब का कोई कारोबारी मौके पर नहीं मिला। बताया जा रहा है कि पुलिस की कार्रवाई की भनक लगते ही शराब कारोबारी मौके से फरार होने में कामयाब हो गए।

उधर, एसएसपी सिरमौर रमन कुमार मीणा ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि अवैध शराब कारोबारियों पर पुलिस की पैनी नजर है। खारा के जंगल में पुलिस ने भारी मात्रा में लाहन और शराब को मौके पर नष्ट कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

## प्राकृतिक खेती के वैज्ञानिक सत्यापन की दिशा में करें कार्य : प्रो. रमेश चंद

**आर मोहन चौहान, सोलन**



नीति आयोग के सदस्य प्रो. रमेश चंद प्राकृतिक खेती मॉडल का निरीक्षण करते हुए।

भारत सरकार के नीति आयोग के सदस्य और आर्थिक विकास संस्थान नई दिल्ली के अध्यक्ष प्रो. रमेश चंद ने प्राकृतिक खेती के परिणामों की सराहना की और वैज्ञानिकों से इस पद्धति पर वैज्ञानिक डेटा का आकलन करने का आग्रह किया। प्रो. चंद हिमाचल प्रदेश के दौरे पर हैं और इस दौरान वह प्राकृतिक खेती से जुड़े वैज्ञानिकों और किसानों से बातचीत करेंगे। प्रो. चंद ने नौणी में डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय का दौरा किया, जहां उन्होंने विश्वविद्यालय की प्राकृतिक खेती टीम के साथ एक बैठक की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल ने उनका स्वागत किया और राज्य में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय की गतिविधियों के बारे में बताया। प्रो. चंद ने प्राकृतिक खेती को एक मजबूत वैज्ञानिक आधार प्रदान करने के लिए लगातार वैज्ञानिक डेटा एकत्रित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने प्राकृतिक उपज के प्रमाणीकरण और विपणन पर भी चर्चा की।

सोमवार को प्रोफेसर चंद ने सोलन के पास जौणाजी के प्रगतिशील किसान शैलेंद्र शर्मा और शिल्ली के मनदीप वर्मा के खेतों का दौरा किया। दोनों किसान कई सालों से प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। शैलेन्द्र शर्मा ने विदेशी सब्जियों और सेब पर प्राकृतिक खेती के प्रभाव का प्रदर्शन किया, जबकि मंदीप वर्मा ने कीवी, उच्च घनत्व सेब की खेती और शीतोष्ण फलों के नर्सरी उत्पादन पर इसके प्रभावों पर चर्चा की। दोनों किसानों ने अपने सकारात्मक अनुभव साझा किए और प्राकृतिक खेती के पर्यावरण और स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डाला।

प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के साथ एक संवाद सत्र मंगलवार को मशोबरा में विश्वविद्यालय क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान और प्रशिक्षण स्टेशन में आयोजित किया जाएगा। प्रोफेसर चंद स्टेशन पर विकसित सेब के प्राकृतिक खेती मॉडल का भी दौरा करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## चूड़धार में ठहरने की व्यवस्था से अधिक पहुंच रहे भक्त

**रविदत्त शर्मा, राजगढ़।** सिरमौर और शिमला जिले की सीमा पर प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटक स्थल चूड़धार में इन दिनों भक्तों का भारी तांता लगा हुआ है। खासकर शनिवार और रविवार को 3 से 4 हजार श्रद्धालु चूड़धार पहुंच रहे हैं। इस अप्रत्याशित भीड़ को देखकर प्रशासन व चूड़ेश्वर सेवा समिति भी हैरान-परेशान है।

बता दें कि चूड़धार में चूड़ेश्वर सेवा समिति की सराय और मंदिर कमेटी की सराय में लगभग 1,500 से 2 हजार तक श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था है।

ऐसे में चूड़ेश्वर सेवा समिति और मंदिर कमेटी को श्रद्धालुओं को ठहरने और उनके लिए खाने की व्यवस्था करने में मुश्किल पैदा हो रही है। अधिकतर श्रद्धालुओं को बाहर खुले आसमान के नीचे रातें गुजारनी पड़ रही हैं। ऐसे में चूड़ेश्वर सेवा समिति को एडवाइजरी जारी कर अपील की है कि चूड़धार यात्रा तभी करें यदि बहुत आवश्यक हो नहीं तो परेशानी होगी। (अनंत ज्ञान)

## कांग्रेस ने सत्ता में आने के लिए लिया झूठ का सहारा : केएल ठाकुर

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ से भाजपा प्रत्याशी केएल ठाकुर चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस सरकार पर जमकर बरस रहे हैं। केएल ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की सरकार व प्रत्याशी विकास विरोधी हैं, जिन्होंने पूर्व भाजपा सरकार में स्वीकृत करवाए विकास कार्यों को सत्ता में आते ही बंद करवा दिया।

अगर कांग्रेस व उनके प्रत्याशी को एरिया के विकास की इच्छा होती तो उन्हें बंद करने की बजाए खोलते। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने नालागढ़ क्षेत्र को विकास करवाने के बजाए ठगने का काम किया है और अभी भी झूठी गारंटियों के सहारे लोगों को गुमराह करने का काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपनी एक भी गारंटी पूरी नहीं की है और पहले भी झूठे वादे करके सत्ता हासिल की और अब इन चुनावों में भी झूठ का सहारा ले रहे हैं लेकिन अब जनता गुमराह होने वाली नही है और कांग्रेस को करारा जवाब देने के लिए तैयार है। यह बात केएल ठाकुर ने मंगलवार को मंझौली, रडियाली, सरौर, रतवाड़ी व जगनी में कही। (अनंत ज्ञान)

### हिमाचल को क्रिकेट चैंपियनशिप में मिला तीसरा स्थान



**आर मोहन, सोलन।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में आयोजित दूसरे सीनियर नेशनल 20 क्रिकेट चैंपियनशिप में हिमाचल टीम को तीसरा स्थान मिला है। इसका श्रेय सभी खिलाड़ियों, टीम प्रबंधन और एसोसिएशन के सभी सदस्यों को जाता है। इस प्रतियोगिता में 22 टीमों ने भाग लिया। दूसरी 20 क्रिकेट राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश के लिए यह गर्व की बात है कि 20 क्रिकेट टीम को इस चैंपियनशिप में तीसरा स्थान मिला। हरीश पोटन कोच सतीश जस्टा प्रबंधक सचिन गुंसाईक और सचिव ज्ञान मेहता ने टीम की उपलब्धि पर खुशी जताई है। हिमाचल की टीम में प्रवीण, मोहित, मयंक, सचिन, कार्तिक, एनडी लोर्टा, मनीष, पूर्वांश, अमनदीप, जसविंद्र, रविंद्र, जग्गी, सुरेश, राहुल और निशांत शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

**दौरा** 16वें वित्त आयोग के सदस्यों ने किया वाकनाघाट एवं राहों गांव का दौरा, कहा-

## अन्य राज्यों को भी प्रोत्साहित करें प्रगतिशील किसान

**आर मोहन चौहान, सोलन**



हिमाचल प्रवास पर आया वित्त आयोग का दल वाकनाघाट का दौरा करता हुआ।

हिमाचल प्रवास पर आए 16वें वित्त आयोग के एक दल ने मंगलवार को सोलन जिला का दौरा किया। इस दल में आयोग के सदस्य अजय नारायण झा, डॉ. मनोज पांडा, ऐनी जॉर्ज मैथ्यू तथा डॉ. सौम्या कांति घोष शामिल थे। इसके अतिरिक्त आयोग के सचिव ऋत्विक पांडे, संयुक्त सचिव राहुल जैन तथा संयुक्त निदेशक अम्रुता भी उनके साथ उपस्थित रहे।

दल ने सबसे पहले औद्योगिक क्षेत्र वाकनाघाट स्थित बैकयार्ड गार्डन प्राइवेट लिमिटेड के फूड प्रोसेसिंग यूनिट का दौरा किया। हिमाचल प्रदेश मुख्यमंत्री स्टार्टअप योजना के तहत वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान (आईएचबीटी) पालमपुर में यह इकाई इनक्यूबेट की गई थी। कंपनी के मुख्य प्रमोटर शिमला से युवा उद्यमी साहिल दत्ता ने इसके बारे में जानकारी प्रदान की। परियोजना की क्षमता और प्रासंगिकता को देखते हुए इसे कृषि व्यवसाय संवर्धन सुविधा मिलान अनुदान योजना (एबीपीएफ-एमजीएस) के तहत कुल 26.82 लाख रुपए का अनुदान प्राप्त हुआ। छोटे किसानों, कृषि उद्यमियों को सहायता प्रदान करने तथा बागवानी वस्तुओं की उत्पादकता, गुणवत्ता, मूल्य संवर्धन शृंखला और बाजार पहुंच बढ़ाने के लिए विश्व बैंक से वित्त पोषित 1060 करोड़ रुपए की महत्वकांक्षी बागवानी विकास परियोजना का यह एक घटक है। उन्होंने बताया कि उद्योग विभाग से 95 साल के लिए भूमि पट्टे पर ली गई है। संयंत्र में प्रतिदिन 2500 लीटर जूस बनाने की क्षमता है और अन्य पीपी खाद्य क्षमता 500 किलोग्राम प्रतिदिन है।

इसके उपरांत आयोग का दल सपरून की उपजाऊ घाटी के मध्य स्थित ग्राम पंचायत डांगरी के राहों गांव में पहुंचा। इस आदर्श कृषि गांव में सात कृषक परिवारों के समुदाय ने अपनी लगभग 70 बीघा भूमि पर कृषि पद्धतियों में क्रांतिकारी बदलाव लाते हुए कृषि अर्थव्यवस्था को निर्वाह खेती से विविध खेती में बदला है। आयोग के सदस्य अजय नारायण झा ने किसानों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि गत दिवस शिमला में मुख्यमंत्री के साथ आयोजित बैठक में हिमाचल प्रदेश में कृषि एवं बागवानी क्षेत्रों में लाए जा रहे बदलावों पर विस्तार से चर्चा की गई है। हिमाचल कृषि-बागवानी में अग्रणी राज्य रहा है। प्रदेश सरकार की ओर से ऑर्गेनिक खेती को नई दिशा प्रदान करने के लिए किए जा रहे प्रयासों से भी अवगत करवाया गया है। उन्होंने कहा कि यहां के प्रगतिशील किसान अन्य राज्यों में भी किसानों को कृषि में विविधता के लिए प्रोत्साहित करने में आगे आएं। उन्होंने आश्वस्त किया कि आयोग उचित मंच पर उर्वरक एवं कीटनाशकों से संबंधित उनकी कठिनाइयों इत्यादि के बारे में अपनी राय प्रस्तुत करेगा। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले
क्लासिफाइड
फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

# अफगानिस्तान पहली बार सेमीफाइनल में, काबुल में जश्न

## बांग्लादेश को सुपर-8 में आठ रनों से दी मात

**एजेंसी, किंग्सटाउन**

**गेंदबाजों** के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत अफगानिस्तान ने इतिहास रचते हुए वर्षा से बाधित सुपर-8 मुकाबले में बांग्लादेश को 8 रन से हराकर आईसीसी टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। अफगानिस्तान की जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया विश्व कप से बाहर हो गया है। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 115 रन बनाए। अफगानिस्तान की पारी खत्म होने के साथ ही बारिश शुरू हो गई।

बारिश रूकने पर मैच शुरू हुआ और दूसरे ही ओवर में फजलहक फारूकी ने तंजीद हसन को आउट कर बांग्लादेश की शुरुआत खराब कर दी। बांग्लादेश की टीम 17.5 ओवर में 105 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। अफगानिस्तान की तरफ से कप्तान राशिद खान और नवीन-उल-हक ने 4-4 व फजलहक फारूकी और गुलाबदीन नायब ने 1-1 विकेट लिया।




**92** मैच में 150 विकेट पूरे किए राशिद खान ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में, टिम साऊथी (118 मैच) को पीछे छोड़ा।



काबूल में अफगानिस्तान की बांग्लादेश पर टी-20 विश्व कप में जीत का जश्न मनाने के लिए इकट्ठे हुए लोग। अफगानिस्तान ने पहली पारी आईसीसी के इवेंट के नॉकआउट चरण में प्रवेश किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### तूलिका मान ने हासिल किया ओलंपिक कोटा

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय जूडो महासंघ (आईजेएफ) द्वारा मंगलवार को प्रकाशित नवीनतम रैंकिंग के अनुसार, तूलिका मान ने जूडो में भारत के लिए पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया है। बर्मिंघम में 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने वाली 25 वर्षीय भारतीय जूडोका ने महिलाओं के 78 किग्रा वर्ग में महाद्वीपीय कोटा हासिल किया। 22 जून 2022 से 23 जून 2024 तक की योग्यता अवधि के दौरान 1345 रैंकिंग अंक हासिल करने वाली तूलिका मान भारत के लिए महाद्वीपीय कोटा हासिल करने के लिए स्टैंडिंग में 36वें स्थान पर रहीं। पेरिस 2024 ओलंपिक में 14 जूडो भार श्रेणियों में से प्रत्येक के लिए, आईजेएफ की ओलंपिक रैंकिंग के अनुसार 17 सर्वोच्च रैंक वाले एथलीटों (प्रत्येक देश के लिए एक) ने कोटा प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, सभी भार श्रेणियों में अधिकतम 100 महाद्वीपीय कोटा उपलब्ध थे, जिसमें प्रत्येक देश सभी भार वर्गों और लिंगों में केवल एक महाद्वीपीय कोटा सुरक्षित करने के लिए पात्र था।



### सिर्फ लारा को था यकीन : राशिद खान

**किंग्सटाउन।** दो महीने पहले ब्रायन लारा ने अफगानिस्तान के टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना जताई थी तो कइयों को हैरानी हुई, लेकिन यह करिश्मा कर दिखाने वाली टीम के कप्तान राशिद खान ने उनसे वादा किया था कि वह उनके भरोसे पर खरे उतरकर दिखाएंगे। और ऐसा ही हुआ। काबुलीवाला की कहानी वाले युद्ध से जर्जर इस देश की यह कामयाबी अब क्रिकेट की किवदंतियों का हिस्सा होगी। लारा ने मई में कहा था ,'' वेस्टइंडीज, भारत और इंग्लैंड सेमीफाइनल में पहुंच सकते हैं। चौथे स्थान के लिए मेरा दाव एक डार्कहॉर्स अफगानिस्तान पर है। मैने ग्रुपिंग देखी नहीं हैं, लेकिन अफगानिस्तान ने जितने विश्व कप उसने अतीत में खेले हैं, यह टीम प्रगति की राह पर है और अंतिम-4 में जगह बना सकती है।'' राशिद ने सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के बाद कहा ,'' हमारे लिए सेमीफाइनल में पहुंचना सपना सच होने जैसा है। हमने न्यूजीलैंड को हराया तो यह भरोसा बनने लगा था।''

### शोएब बशीर ने एक ओवर में 38 रन दिए

**वॉर्सेस्टर।** इंग्लैंड के स्पिनर शोएब बशीर ने इंग्लिश काउंटी चैम्पियनशिप के एक मैच में एक ओवर में 38 रन देने का अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। बीस वर्ष के बशीर ने वॉर्सेस्टर के लिए खेलते हुए सर्रे के खिलाफ यह ओवर फेंका जिसमें इंग्लैंड के ही डैन लॉरेंस ने पांच छक्क जड़े। छठी गेंद लेग साउड के बाहर से सीमा पर गई जिससे पांच वाइड रन मिले। अगली गेंद नो बॉल रही जिस पर दो रन बने। यह काउंटी चैम्पियनशिप के इतिहास का संयुक्त रूप से सबसे महंगा ओवर रहा। इससे पहले 1998 में सर्रे के एलेक्स टुडोर ने लंकाशर के खिलाफ एक ओवर में 38 रन दिए थे।



### शोएब अख्तर ने की रोहित शर्मा की तारीफ

**कराची :** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शोएब अख्तर ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की तारीफ की और कहा कि 37 वर्षीय रोहित शर्मा ने मौजूदा टी-20 विश्व कप-2024 के सुपर-8 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार खेल दिखाया। रोहित ने 224.39 की स्ट्राइक रेट से 41 गेंदों पर 92 रन बनाए। उन्होंने क्रीज पर अपने समय के दौरान 7 चौके और 8 छक्के लगाए। भारतीय कप्तान दुर्भाग्यशाली रहे कि 12वें ओवर में मिशेल स्टार्क की गेंद पर आउट होने के बाद सिर्फ आठ रन से शतक से चूक गए। अख्तर ने कहा कि भारतीय कप्तान ने मैच की पहली पारी में वही किया जो उन्हें करना चाहिए था और उन्होंने कहा कि वह रोहित को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 150 रन बनाते देखना चाहते थे। अख्तर ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किए गए एक वीडियो में कहा, 'वनडे विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद भारत जिस अवसाद से गुजर रहा था, वह जुनून में बदल गया है। भारत ऑस्ट्रेलिया को हराना चाहता था। रोहित शर्मा ने वहीं किया जो उन्हें करना चाहिए था। उन्होंने शानदार इरादे से खेल जिस तरह से स्टार्क ने उन्हें आउट किया। काश वह आज 150 रन बनाते।'



टीम इंडिया का इंग्लैंड के साथ दूसरे सेमीफाइनल में मुकाबला कल

# रोहित शर्मा टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

**एजेंसी, ग्रोस आइलेट**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अग्रणी रन-स्कोरर बन गए हैं, साथ ही उन्होंने इस प्रारूप में बतौर कप्तान सर्वाधिक जीत दर्ज करने के अपने समकक्ष पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है।

रोहित ने यह उपलब्धि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर-8 मुकाबले के दौरान हासिल की। रोहित ने मैच में 41 गेंदों पर 7 चौके और 8 छक्के की बदौलत 92 रनों की तूफानी पारी खेली। 157 मैचों में, अनुभवी सलामी बल्लेबाज ने 32.03 की औसत और 140.75 की स्ट्राइक रेट से 4,165 रन बनाए हैं। बाबर 123 मैचों में 41.03 की औसत से 4,145 रन बनाकर दूसरे स्थान पर खिसक गए। जबकि कोहली 123 मैचों में 48.84 की औसत से 4,103 रन बनाकर तीसरे स्थान पर खिसक गए। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया को 24 रनों से हराने के बाद रोहित ने बतौर कप्तान अपनी 48वीं टी-20 अंतरराष्ट्रीय जीत हासिल की। बाबर ने भी 85 मैचों में टी-20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में पाकिस्तान के कप्तान के रूप में 48 जीत दर्ज की है।




मैच की बात करें तो इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिशेल मार्श ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया। भारत ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 205 रनों का बड़ा स्कोर बनाया।

जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 20 ओवरों में 7 विकेट पर 181 रन ही बना सकी और 24 रन से मैच हार गई। अब दूसरे सैमीफाइनल में भारत का सामना इंगलैंड के साथ 27 जून को होगा जबकि अफगानिस्तान की टीम इसी दिन दक्षिण अफ्रीका से खेलेगी।

### गेंदबाजों पर दबाव बनाना चाहता था : रोहित

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के लिए निजी उपलब्धियां मायने नहीं रखते और उनका एकमात्र लक्ष्य गेंदबाजों को मैदान के चारों ओर शॉट लगाकर उन पर दबाव बनाना था। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सुपर-8 चरण के आखिरी मैच में 41 गेंद में सात चौकों और आठ छक्कों से 92 रन की आक्रामक पारी खेली। टी-20 विश्व कप में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के नाम है, जिन्होंने 2016 में 47 गेंदों में तिहरा अंक छुआ था।

रोहित ने मैच के बाद कहा, ''जब आप खुले दिमाग से खेलते हैं और सिर्फ एक शॉट के बारे में नहीं सोचते तो आप मैदान के सभी हिस्सों में रन बना सकते हैं। अर्धशतक और शतक मायने नहीं रखते, मैं बस उसी अंदाज से बल्लेबाजी करना चाहता था जैसे करता आया हूं। आप बड़ा स्कोर बनाना चाहते हैं। हां, लेकिन साथ ही आप चाहते हैं कि गेंदबाज सोचें कि अगला शॉट कहां आएगा और मुझे लगता है कि मैं आज ऐसा करने में कामयाब रहा।''

# मेरे विकेटों का काफी श्रेय बुमराह को : अर्शदीप सिंह

**एजेंसी, जॉर्जटाउन**

तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि जसप्रीत बुमराह की सटीक गेंदबाजी से बाकी भारतीय गेंदबाजों को बेहद दबाव के हालात में भी विकेट लेने का मौका मिल जाता है। अर्शदीप अब तक टी-20 विश्व कप में 11.86 की औसत और 7.41 की इकॉनॉमी रेट से 15 विकेट ले चुके हैं। दूसरी ओर बुमराह ने 11 विकेट लिए हैं, लेकिन उनका इकॉनॉमी रेट 4.08 ही रहा है।




अर्शदीप ने कहा ,'' मुझे लगता है कि काफी श्रेय जसप्रीत को जाता है क्योंकि वह बल्लेबाजों पर काफी दबाव बनाते हैं। वह तीन या चार रन ही एक ओवर में देते हैं।''

उन्होंने कहा ,'' ऐसे में मुझे सिर्फ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता है और विकेट लेने के कई मौके मिल जाते हैं। वे मेरे खिलाफ अधिक जोखिम लेने लगते हैं और फिर विकेट मिलने के मौके बन जाते हैं। इसलिए इसका ज्यादा श्रेय जसप्रीत को जाता है।'' स्पिनर कुलदीप यादव तीन मैचों में सात विकेट ले चुके हैं। उनके बारे में अर्शदीप ने कहा ,''कुंलदीप चैंपियन स्पिनर है। उसे जब भी मौका मिलता है, वह विकेट लेता है। वह टीम का अहम खिलाड़ी है और उम्मीद है कि वह आगे और भी विकेट लेगा।''

इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल के बारे में उन्होंने कहा ,'' इस समय मैं कुछ अपेक्षा नहीं कर रहा हूं। हालात देखकर समझेंगे कि अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कैसे कर सकते हैं।''

कोपा अमेरिका फुटबॉल

# ब्राजील ने कोस्टा रिका से गोलरहित ड्रॉ खेला

**एजेंसी, इंगलवुड (अमेरिका)**

ब्राजील को कोपा अमेरिका फुटबॉल के पहले मैच में कोस्टा रिका ने गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया। नौ बार की चैंपियन ब्राजील ने गेंद पर नियंत्रण और विरोधी गोल पर हमलों में दबदबा बनाया, लेकिन कोस्टा रिका के गोलकीपर पैट्रिक सिक्वेरा काफी मुस्तैद थे जिन्होंने तीन गोल बचाए। पहले हाफ में वीएआर चेक के बाद ब्राजील के मारकिन्होस का एक गोल अमान्य करार दिया गया। इस मैच के बाद कोलंबिया ग्रुप-डी में शीर्ष पर है जिसने पराग्वे को 2-1 से मात दी।



# चेन्नईयिन एफसी ने मोहम्मद नवाज के साथ किया करार

**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने आगामी 2024-25 सत्र से पहले युवा मणिपुरी गोलकीपर मोहम्मद नवाज के साथ दो साल का करार किया है। एआईएफएफ एलीट अकादमी से निकले नवाज पहले मुंबई सिटी एफसी और एफसी गोवा का हिस्सा थे। उन्होंने अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन से भारतीय फुटबॉल में सबसे प्रतिभाशाली गोलकीपरों में से एक के रूप में ख्याति अर्जित की है।

नवाज का आना चेन्नईयिन टीम में अन्य गोलकीपर समिक मित्रा और प्रतीक कुमार सिंह के साथ एक रोमांचक जुड़ाव है। 24 वर्षीय नवाज युवा ऊर्जा और असाधारण क्षमता लेकर आए हैं और उनसे आगामी सीज़न में महत्वपूर्ण प्रभाव डालने की उम्मीद है।

# अदिति अशोक, दीक्षा डागर को ओलंपिक टिकट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय गोल्फ महासंघ (आईजीएफ) द्वारा जारी योग्य महिलाओं की अंतिम सूची के अनुसार, भारतीय गोल्फ स्टार अदिति अशोक और दीक्षा डागर पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। पिछले हफ्ते केपीएमजी महिला पीजीए चैंपियनशिप के बाद अंतिम रूप से तैयार की गई आईजीएफ की ओलंपिक योग्यता सूची में 60 महिलाएं शामिल हैं।

ओडब्ल्यूजीआर में शीर्ष 15 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए पात्र हैं, जिसमें एक देश से अधिकतम चार गोल्फर शामिल हो सकते हैं।

अदिति दुनिया की 60वें नंबर की खिलाड़ी हैं और दीक्षा दुनिया की 167वें नंबर की खिलाड़ी हैं, लेकिन उन्होंने क्रमश: 24वें और 40वें नंबर की ओलंपिक रैंक के साथ कट बनाया है। दोनों महिलाएं शुभंकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर (पुरुष वर्ग) के साथ मिलकर चार सदस्यीय भारतीय टीम बनाती हैं





पेरिस खेलों के लिए पुरुषों (1-4 अगस्त) और महिलाओं (7-10 अगस्त) की गोल्फ स्पर्धाएं सेंट-क्वेंटिन-एन-यवेलिन्स में ले गोल्फ नेशनल में आयोजित की जाएंगी। अदिति के लिए यह ओलंपिक में तीसरी उपस्थिति होगी, जो किसी भारतीय के लिए सबसे अधिक है, दीक्षा दूसरी बार प्रतिस्पर्धा करेंगी। शर्मा और भुल्लर पहली बार ग्रीष्मकालीन खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

टोक्यो ओलंपिक में, अदिति चौथे स्थान पर रही थीं, जो ग्रीष्मकालीन खेलों में किसी भारतीय गोल्फर द्वारा हासिल किया गया सर्वश्रेष्ठ परिणाम था। दीक्षा 50वें स्थान पर रहीं थीं। दीक्षा एकमात्र गोल्फ खिलाड़ी हैं, जिन्होंने ओलंपिक और डेफलिंपिक दोनों में भाग लिया है।

# अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वार्नर का सफर खत्म

**एजेंसी, किंग्सटाउन**

ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डेविड वार्नर के उपलब्धियों और विवादों से भरे 15 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर का मंगलवार को यहां टी-20 विश्व कप में अफगानिस्तान की बांग्लादेश पर जीत के साथ निराशाजनक अंत हो गया।



अफगानिस्तान की जीत के साथ पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहा। बांग्लादेश के खिलाफ जीत के साथ 2021 का चैंपियन ऑस्ट्रेलिया सिर्फ दो अंक के साथ सुपर-8 ग्रुप-एक तालिका में तीसरे स्थान पर रहा। टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ चौंकाने वाली हार के अलावा भारत के खिलाफ भी शिकस्त झेलनी पड़ी।

जनवरी 2009 में टी-20 मुकाबले के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 37 वर्षीय वार्नर ने अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच 24 जून को ग्रॉस आइलेट में भारत के खिलाफ खेला, जिसमें ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के सर्वकालिक महान बल्लेबाजों में से एक वार्नर को गॉर्ड ऑफ ऑनर नहीं मिल सका और न ही दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। अपने अंतिम मुकाबले में उन्होंने छह गेंद में छह रन बनाए और अर्शदीप सिंह की गेंद पर सूर्यकुमार यादव को कैच दे बैठे। वह सिर झुकाए मैदान से बाहर चले गए, उन्हें नहीं पता था कि यह उनका आखिरी मैच था या नहीं। वार्नर ने नवंबर 2023 में भारत में विश्व कप फाइनल जीत के रूप में अपना आखिरी एकदिवसीय मैच और इस साल जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ अपना अंतिम टेस्ट खेला। उन्होंने काफी पहले ही संकेत दे दिया था कि यह टी-20 विश्व कप उनका अंतिम अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा।

वार्नर ने 110 मैच में 33.43 के औसत और 142.47 के स्ट्राइक रेट से 3,277 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया के सर्वोच्च स्कोरर और दुनिया के सातवें सबसे सफल बल्लेबाज के रूप में टी-20 प्रारूप से संन्यास लिया। उन्होंने सबसे छोटे प्रारूप में एक शतक और 28 अर्धशतक बनाए। वार्नर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 49 शतक और 19,000 के करीब रन बनाए।

यूरो-2024 स्पेन ने ग्रुप-बी के अंतिम दौर में अल्बानिया को हराकर शानदार प्रदर्शन जारी रखा

# क्रोएशिया से ड्रा खेलकर इटली टूर्नामेंट के अंतिम-16 में

**एजेंसी, बर्लिन**

मैटियास जाकाग्नि द्वारा अंतिम समय में किए गए गोल की बदौलत मौजूदा चैंपियन इटली ने क्रोएशिया के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेलकर यूरो 2024 के अंतिम-16 चरण में प्रवेश किया, जबकि स्पेन ने ग्रुप-बी के अंतिम दौर में अल्बानिया को 1-0 से हराकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। क्रोएशिया ने आक्रामक शुरुआत की, क्योंकि उसे पता था कि केवल जीत से ही वह अंतिम-16 के दौर में पहुंच सकेगा। उसे गोल करने के कई मौके भी मिले, लेकिन सफलता हासिल नहीं हुई।

मैच के 55 मिनट में लुका मोडरिच ने गोल कर क्रोएशिया को 1-0 की बढ़त दिला दी। मैच के अतिरिक्त समय में मैटियास जाकाग्नि ने आखिरकार गोल कर इटली को 1-1 से बराबरी दिला दी और यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।




गोल करने के बाद खुशी मनाते क्रोएशिया के लुका मोडरिच

### लुका मोडरिच गोल करने वाले सबसे उम्रदराज फुटबॉलर

क्रोएशिया के लुका मोडरिच ने इटली के खिलाफ गोल किया तो वह यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप में गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया और उन्हें प्लेयर आफ द मैच पुरस्कार भी मिला लेकिन वह इसका जश्न मनाने के मूड में नहीं थे।

अड़तीस वर्ष 289 दिन के मोडरिच ने 55वें मिनट में रिबाउंड पर गोल दागा। इससे पहले यह रिकॉर्ड आस्ट्रिया के इविका वास्टिक के नाम था जिन्होंने यूरो 2008 में पोलैंड के खिलाफ गोल किया तब वह 38 वर्ष 257 दिन के थे। क्रोएशिया के लिए 2006 में पदार्पण करने वाले मोडरिच 178 मैच खेल चुके हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### श्रीनगर को मीट क्लस्टर बनाने की तैयारी

**अशोक ठाकुर,कठुआ ।** एक जिला, एक उत्पाद योजना के तहत कठुआ को पोल्ट्री और श्रीनगर को मीट क्लस्टर बनाने की तैयारी है। दोनों जिलों में 75-75 करोड़ की परियोजना तैयार की जा रही है। प्रस्ताव के अनुसार छह माह में दोनों ही जिलों में इस परियोजना को अमलीजामा पहनाने पर काम शुरू हो जाएगा। समग्र कृषि विकास योजना (एचएडीपी) के तहत श्रीनगर और कठुआ में मीट व पोल्ट्री क्लस्टर के प्रस्तावित विभिन्न वर्टिकल के लिए कार्यान्वयन एजेंसियों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जम्मू-कश्मीर बागवानी उत्पाद विपणन एवं प्रसंस्करण निगम (जेकेएचपीएमसी) लिमिटेड ने इस प्रक्रिया को तीन हिस्सों उत्पादन से पहले और उत्पादन प्रक्रिया, उत्पादन के बाद प्रबंधन और मूल्य संवर्धन और ढुलाई, विपणन और ब्रांडिंग में बांटा है। आवेदक एजेंसी को अलग अलग हिस्सों व एक साथ पूरी परियोजना में काम करने की छूट रहेगी।

### विदेश में रह रही बुजुर्ग को राहत, मिली जमानत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भ्रष्टाचार के मामले में आरोपी विदेश में रह रही 75 वर्षीय महिला की अग्रिम जमानत याचिका पर फैसला सुनाते हुए पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जमानत के लिए बांड भरते हुए पुलिस या कोर्ट की मौजूदगी में हस्ताक्षर अनिवार्य नहीं है। हाईकोर्ट ने महिला को डाक के माध्यम से बांड भरने की अनुमति देते हुए उसे अग्रिम जमानत का लाभ दिया है। याचिका दाखिल करते हुए अमेरिका में रहने वाली वीणा परमार ने बताया कि भूमि से जुड़े एक मामले में विजिलेंस ब्यूरो ने भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम में अमृतसर में मामला दर्ज किया था। इस मामले में याची भी आरोपी है और उसे आशंका है कि पुलिस उसे गिरफ्तार कर सकती है। ऐसे में याची ने हाईकोर्ट से अपील की है कि उसे अग्रिम जमानत का लाभ दिया जाए।

### म्यूचुअल फंड और शेयर बाजार के बारे जागरूक किया

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़ ।** सिटीजन अवेयरनेस ग्रुप (सीएजी) ने म्यूचुअल फंड और शेयर बाजार के बारे में निवेशकों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।




यह कार्यक्रम सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी), एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स ऑफ इंडिया (एएमएफआई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सहयोग से आयोजित किया गया था। सिटीजन अवेयरनेस ग्रुप के चेयरमेन सुरिंदर वर्मा ने नवीनतम तकनीक का उपयोग करके शेयर बाजारों के माध्यम से धन बनाने के तरीके के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे मोबाइल ऐप्स ने व्यापार को बढ़ाने और डीमैट खाते खोलने में आसानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने बहुत अच्छे तरीके से समझाया कि नई तकनीक अपनाने में निवेशकों के सामने आने वाली चुनौतियों से कैसे निपटा जाए।

### अयोध्या में विश्राम गृह बनाएगी हरियाणा सरकार

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार देश के अन्य राज्यों की तरह अब अयोध्या में भी अपना विश्राम गृह बनाएगी। एक तरफ जहां उत्तर प्रदेश सरकार अयोध्या को विश्व स्तरीय पर्यटक स्थल के रूप में विकसित कर रही है। वहीं हरियाणा सरकार भी अब अयोध्या में अपना गेस्ट हाउस बनाने की तैयारी में है। उत्तर प्रदेश सरकार की पहल पर हरियाणा सरकार ने अपनी सैद्धांतिक सहमति दे दी है। हरियाणा सरकार की ओर से इस समय हरियाणा के अलावा दिल्ली, हिमाचल प्रदेश आदि में गेस्ट हाउस चल रहे हैं। अब हरियाणा सरकार उत्तर प्रदेश के अयोध्या में भी गेस्ट हाउस बनाने की दिशा में काम शुरू कर रही है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में मंत्रियों तथा विधायकों का एक शिष्टमंडल सोमवार को अयोध्या में रामलला का दर्शन करके लौटा है। इसके अलावा हरियाणा सरकार पहले ही मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना शुरू कर चुकी है। जिसके अंतर्गत हरियाणा से यात्री बसों व ट्रेन के माध्यम से अयोध्या जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पंजीकृत श्रमिकों को भी तीर्थ दर्शन यात्रा के दायरे में शामिल करने का ऐलान किया है। जिसके चलते सरकार इस बात से सहमत है कि अयोध्या में भी अपना एक गेस्ट हाउस बनाया जाए।

### टिप्पणी मामले में स्टालिन को मिली बेल



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की विशेष अदालत ने मंगलवार को तमिलनाडु के युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन को एक लाख रुपए के मुचलके के साथ सशर्त जमानत दे दी। वह सनातन धर्म पर टिप्पणी को लेकर दर्ज केस के मामले में कोर्ट में पेश हुए थे। अदालत ने सनातन धर्म पर अपमानजनक टिप्पणी के संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता वी. परमेशा की ओर से दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर उदयनिधि स्टालिन को पेश होने का आदेश दिया था। उदयनिधि स्टालिन मंगलवार को अदालत में पेश हुए। अदालत ने उदयनिधि स्टालिन को मामले की आगे की कार्यवाही में उपस्थित होने से भी छूट दे दी है। इस मामले को सुप्रीम कोर्ट भी देख रहा है, इसलिए विशेष अदालत ने मामले की सुनवाई 8 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणियों से उनका, उनके धर्म और हिंदू धर्म के लोगों का अपमान हुआ है।

### एयर इंडिया की फ्लाइट में बम की धमकी




**नई दिल्ली।** एयर इंडिया की कोच्चि से लंदन जाने वाली फ्लाइट में बम होने की सूचना दी गई। इसी फ्लाइट के एक पैसेंजर ने सोमवार रात 1:22 बजे एयर इंडिया के कॉल सेंटर में फोन कर फर्जी सूचना दी थी। बम होने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा अधिकारियों ने पूरे फ्लाइट की तलाशी। उन्हें कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। जांच में पता चला कि फर्जी सूचना देने वाले की नाम सुहैब (29) है। वह केरल के मल्लप्पुरम का रहने वाला है। उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

### दिल्ली में आग लगने से चार लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के प्रेम नगर इलाके में एक घर में भीषण आग लग गई। आग में चार लोगों की मौत हो गई। आग सुबह करीब 3:30 बजे लगी। दो दमकल गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार, नजफगढ़ के प्रेम नगर इलाके में सोमवार देर रात एक घर में आग लगने से दंपती समेत परिवार के चार लोगों की दम घुटने से मौत हो गई, शुरुआती जांच में पता चला है कि आग इनवर्टर में शॉर्ट सर्किट से लगी, घटना के समय परिवार के सदस्य पहली मंजिल पर सो रहे थे।

### अमरनाथ यात्रा : सुरक्षाबल रहें सतर्क : बिरदी



**श्रीनगर।** कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वीके बिरदी ने सभी अधिकारियों को अपने कर्तव्यों के प्रति सतर्क और सक्रिय रहने और शनिवार से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के दौरान किसी भी संभावित खतरे का जवाब देने का निर्देश दिया है। कुल 52 दिनों तक चलने वाली वार्षिक अमरनाथ यात्रा 29 जून को मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले के बालटाल और दक्षिण कश्मीर के पहलगाम के दोहरे मार्गों से शुरू होगी। जम्मू संभाग में इस महीने की शुरुआत में कई आतंकी हमले की घटनाओं के बाद प्रशासन दोगुना सतर्क है। पुलिस नियंत्रण कक्ष कश्मीर के सम्मेलन कक्ष में एक बैठक में एसएएनजेवाई-2024 के शांतिपूर्ण संचालन की व्यवस्था का जायजा लिया।

### कांग्रेस नेता अजय राय को नहीं मिली राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीमकोर्ट ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और वाराणसी से कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार रहे अजय राय को फिलहाल कोई राहत नहीं दी। सुप्रीम कोर्ट की वेकेशन बेंच ने अजय राय के खिलाफ लगे गैंगस्टर एक्ट को रद्द करने की याचिका पर सुनवाई करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से 15 जुलाई तक जवाब दाखिल करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत में चल रही सुनवाई पर रोक लगाने से भी इनकार कर दिया। इसके पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज केस के खिलाफ दाखिल की गई अजय राय की याचिका को खारिज कर दिया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अजय राय के खिलाफ दर्ज 24 से ज्यादा आपराधिक केस के आधार पर उन्हें कोई भी राहत देने से इनकार कर दिया।

# नए शिखर पर घरेलू शेयर बाजार, सेंसेक्स पहली बार '78 हजार' अंक के पार

## सेंसेक्स और निफ्टी ने ऑल टाइम हाई लेवल के साथ ही क्लोजिंग का भी बनाया रिकॉर्ड

**एजेंसी, नई दिल्ली**



बैंकिंग और आईटी सेक्टर में आई तेजी के कारण घरेलू शेयर बाजार ने मंगलवार को एक बार फिर मजबूती का नया रिकॉर्ड बना दिया। सेंसेक्स पहली बार 78 हजार अंक के स्तर को पार करने में सफल रहा। इसी तरह निफ्टी ने भी पहली बार 23,750 अंक के ऊपर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई थी।

दिन के पहले सत्र में शेयर बाजार की चाल में उतार-चढ़ाव बना रहा, लेकिन दोपहर 12 बजे के बाद खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार ने तेज रफ्तार पकड़ ली। आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने अभी तक के सर्वोच्च स्तर तक पहुंचने में भी कामयाबी हासिल की। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.92 प्रतिशत और निफ्टी 0.78 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार के दौरान आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में लगातार तेजी बनी रही। दूसरी ओर पावर, यूटिलिटी, एफएमसीजी, ऑटोमोबाइल और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। इसी तरह पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, मेटल और रियल्टी इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए।

## मंडी की सांसद



नई दिल्ली : हिमाचल के मंडी से भाजपा सांसद कंगना रणौत 18वीं लोकसभा के पहले सत्र दौरान संसद परिसर में।

## योगी सरकार का बड़ा फैसला, पेपर लीक किया तो होगी उम्र कैद

**एजेंसी, लखनऊ**

योगी आदित्यनाथ की सरकार ने परीक्षाओं को पारदर्शी और शुचितापूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए मंगलवार को उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अध्यादेश-2024 को मंजूरी प्रदान की। इस अध्यादेश में पेपर लीक के दोषियों के खिलाफ दो साल से लेकर उम्रकैद तक की सजा और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने के प्रावधान किए गए हैं। पेपर लीक अथवा अन्य कारणों से परीक्षा प्रभावित होने पर खर्च की भरपाई साल्वर गैंग से की जाएगी। परीक्षा में गड़बड़ी करने वाली कंपनियों और सेवा प्रदाताओं को हमेशा के लिए ब्लैक लिस्ट करने का भी प्रावधान किया गया है।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकभवन में हुई कैबिनेट की बैठक के फैसलों की जानकारी दी। खन्ना ने बताया कि कैबिनेट के समक्ष कुल 44 प्रस्ताव रखे गए थे, जिसमें 43 को मंजूरी प्रदान की है।

अनुमोदित प्रस्तावों में सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों और पेपर लीक रोकथाम अध्यादेश 2024 भी शामिल रहा। वित्त मंत्री ने बताया कि पेपर लीक के संबंध में मंत्रिपरिषद के द्वारा अध्यादेश के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया है। इसके तहत यदि कोई संस्था या उससे जुड़े लोग पकड़े जाएंगे तो उन्हें 2 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास की सजा और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

अध्यादेश के तहत लोकसेवा आयोग, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड, उत्तर प्रदेश बोर्ड, विश्वविद्यालय, प्राधिकरण या निकाय या उनके द्वारा नामित संस्था भी इसमें सम्मिलित हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी अगले महीने कर सकते हैं रूस की यात्रा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने रूस की यात्रा कर सकते हैं। यह 2019 के बाद उनकी लगभग पांच साल बाद रूस देश की यात्रा होगी।

क्रेमिलन ने प्रस्तावित यात्रा की पुष्टि की है। हालांकि भारत की ओर से अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

रूसी राष्ट्रीपति के सहायक यूरी उशाकोव ने एक बयान में कहा है कि वे केवल इस बात की पुष्टि कर सकते हैं कि हम भारत के प्रधान मंत्री की यात्रा की तैयारी कर रहे हैं। अभी तारीखों के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता।

## नए आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए उत्तराखंड तैयार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

देशभर में 1 जुलाई, 2024 से लागू होने वाले तीन नए आपराधिक कानूनों हेतु उत्तराखंड की तैयारी पूरी हो चुकी है। उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आज गृह सचिव भारत सरकार की अध्यक्षता में सभी राज्यों के साथ हुई वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में यह जानकारी दी है।

उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बताया कि नए आपराधिक कानूनों के पास होने के बाद हमारे द्वारा सेंट्रल डिटेक्टिव ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट और ब्यूरो आफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट से समन्वय स्थापित कर पीटीए/एक्ट तथा अन्य प्रशिक्षण केन्द्रों से 50 अधिकारियों को गाजियाबाद और जयपुर से मास्टर ट्रेनर का कोर्स कराया गया है। साथ ही उत्तराखंड पुलिस हस्तपुस्तिका तैयार की गई है, जिसके आधार पर सारे कोर्स का संचालन किया जा रहा है। इसमें वृहद कानूनों को सरल तरीके से पढ़ने की विधि तैयार की गई है जिसकी एक एक प्रति समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को वितरित की जा रही है।

प्रदेश की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने यह भी जानकारी दी कि अल्प अवधि में ट्रेनिंग को जिला स्तर पर विकेन्द्रित किया गया।

## बाइचुंग भूटिया ने चुनावी राजनीति से लिया संन्यास

**गंगटोक।** सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) पार्टी के नेता बाइचुंग भूटिया ने मंगलवार को आखिरकार चुनावी राजनीति से संन्यास ले लिया है। उन्होंने सभी तरह की चुनावी राजनीति छोड़ने का ऐलान करते हुए कहा है कि चुनावी राजनीति उनके लिए नहीं है।

भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान भूटिया ने प्रेस बयान जारी कर चुनावी राजनीति छोड़ने की घोषणा की है। उन्होंने 2024 विधानसभा चुनाव जीतने के लिए मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग को बधाई दी है।

## चंडीगढ़ में राज्यपाल से मिला भाजपा का प्रतिनिधि मंडल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित को मांग पत्र देता भाजपा का प्रतिनिधिमंडल।

मांगों को लेकर भाजपा का प्रतिनिधिमंडल पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित से मिला। राज्यपाल ने भाजपा प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि धार्मिक स्थलों, फर्नीचर मार्केट के लिए नीति बनाई जाएगी, तब तक कोई दंडात्मक कदम नहीं उठाया जाएगा। सेक्टर 53-54 में फर्नीचर मार्केट में धार्मिक मंदिरों और दुकानों के लिए एक नई नीति तैयार की जाएगी।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व चंडीगढ़ भाजपा अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा और महासचिव (संगठन), भाजपा पंजाब और चंडीगढ़ मंत्री श्रीनिवासुलु ने किया। भाजपा ने कहा कि राज्यपाल ने उन्हें सभी मुद्दों पर विचार करने का आश्वासन दिया, साथ ही कहा कि इस संबंध में कोई दंडात्मक कदम नहीं उठाया जाएगा।

अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने कहा, 'राज्यपाल ने हमारी बात ध्यान से सुनी और कहा कि इन सभी लोगों के हितों का ध्यान रखा जाएगा। इस संबंध में उचित नीति बनाई जाएगी, तब तक इन्हें नहीं तोड़ा जाएगा। हमने उन्हें बताया कि इन पूजा स्थलों से लोगों की भावनाएं जुड़ी हुई हैं, क्योंकि ये बहुत पुराने हैं।

## सुनीता विलियम्स 12 दिन से स्पेस में फंसीं

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**



**भारतीय** मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से पृथ्वी पर वापसी एक बार फिर टल गई है। दोनों अंतरिक्ष यात्री पिछले 12 दिन से स्पेस में फंसे हुए हैं। सुनीता और विल्मोर 6 जून को अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे थे। इन्हें 13 जून को वापस आना था।

हालांकि, नासा की बोइंग स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट में तकनीकी खराबी के कारण लगातार चौथी बार इनकी वापसी टाली गई है। पहली घोषणा 9 जून को की गई थी, जिसमें बताया गया था कि लैंडिंग को 18 जून तक आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके बाद वापसी को बढ़ाकर 22 जून किया गया। फिर, वापसी की तारीख 26 जून कर दी गई। अब नासा ने कहा है कि दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी पर लौटने में और समय लग सकता है। हालांकि, इनके वापस लौटने की कोई नई तारीख नहीं बताई गई है। नासा ने बताया कि दोनों किसी खतरे में नहीं है, जिस स्पेसक्राफ्ट में उन्हें वापस आना था उसमें हीलियम लीकेज हो रहा है।

### वायुसेना प्रमुख ने सीमा विवाद, आतंकवाद और साइबर खतरों पर जताई चिंता

## सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण समय की मांग : वीआर चौधरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण में अधिक निवेश करने का सुझाव

**वायुसेना** प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने समकालीन सुरक्षा परिदृश्य में सीमा विवादों और आतंकवाद तथा साइबर खतरों और क्षेत्रीय अस्थिरता तक कई तरह की चुनौतियां पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि भारत को अपने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण में निवेश करने के साथ ही रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर जोर देना चाहिए। सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण समय की मांग है।

वायुसेना प्रमुख ने सुझाव दिया कि आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के लिए एकीकृत दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी मंगलवार को नई दिल्ली में वायुसेना सभागार में आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी रणनीतिक संस्कृति ऐतिहासिक अनुभवों और लगातार विकसित हो रहे भू-राजनीतिक वातावरण से आकार लेती है। यह रणनीतिक स्वायत्तता, सावधानी और क्षेत्रीय अखंडता पर मजबूत ध्यान देने पर जोर देती है। समकालीन सुरक्षा परिदृश्य सीमा विवादों और आतंकवाद से लेकर साइबर खतरों और क्षेत्रीय अस्थिरता तक कई तरह की चुनौतियां पेश करता है। राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करने के लिए भारत को अपने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण में निवेश करना चाहिए। साथ ही रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के अलावा स्वदेशी रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने आंतरिक और बाहरी सुरक्षा दोनों के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने सीमा विवादों और आतंकवाद से लेकर साइबर खतरों और क्षेत्रीय अस्थिरता तक भारत के सामने मौजूद बहुआयामी चुनौतियों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि समकालीन सुरक्षा परिदृश्य सीमा विवादों और आतंकवाद से लेकर साइबर खतरों और क्षेत्रीय अस्थिरता तक बहुआयामी चुनौतियां पेश करता है।

भारतीय वायुसेना की रणनीतिक शैक्षिक पहल 'युद्ध और एयरोस्पेस रणनीति कार्यक्रम (डब्ल्यूएएसपी)' का यह तीसरा संस्करण है। कार्यक्रम की शुरुआत वर्ष 2022 में व्यावसायिक सैन्य शिक्षा कार्यक्रम के रूप में की गई थी, जिसका उद्देश्य युद्ध के विभिन्न क्षेत्रों में अच्छी तरह से शोध करके रणनीति बनाना था।

## 96,238 करोड़ के टेलीकॉम स्पेक्ट्रम की नीलामी शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**केंद्र** सरकार ने मंगलवार को ऐलान किया कि टेलीकॉम सर्विसेज के लिए 96,238.45 करोड़ के स्पेक्ट्रम की नीलामी शुरू कर दी गई है। संचार मंत्रालय की ओर से कहा कि अलग-अलग बैंड के 10,522.35 मेगाहर्ट्ज के स्पेक्ट्रम की नीलामी की जाएगी।

इसका रिजर्व प्राइस 96,238.45 करोड़ रुपए रखा गया है। इस नीलामी में 800 मेगाहर्ट्ज, 900 मेगाहर्ट्ज, 1800 मेगाहर्ट्ज, 2100 मेगाहर्ट्ज, 2300 मेगाहर्ट्ज, 2500 मेगाहर्ट्ज, 3300 मेगाहर्ट्ज और 26 गीगाहर्ट्ज बैंड के लिए बोलियां लगाई जाएंगी। यह नीलामी प्रक्रिया सुबह 10 बजे से शुरू हो गई है। इस नीलामी प्रक्रिया में भारती एयरटेल, वोडाफोन आइडिया और रिलायंस जियो इन्फोकॉम भाग लेंगी। 1800 मेगाहर्ट्ज वाले बैंड का रिजर्व प्राइस 21,752.40 करोड़ रुपए रखा गया है। वहीं, 800 मेगाहर्ट्ज वाले बैंड का रिजर्व प्राइस 21,341.25 करोड़ रुपए रखा गया है। मंत्रालय ने कहा कि यह सरकार की ओर से सभी नागरिकों को किफायती दर पर अच्छी गुणवत्ता की टेलीकॉम सर्विसेज उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। दूरसंचार विभाग की ओर से स्पेक्ट्रम की प्रक्रिया 8 मार्च को शुरू की गई थी।

## भाजपा और कांग्रेस की सोच एक जैसी, आरक्षण को खत्म करना चाहते : मायावती

**एजेंसी, लखनऊ**



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को भाजपा और कांग्रेस पर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि इन दोनों दलों में संसद के अंदर व बाहर संविधान की प्रति दिखाने की होड़ लगी है। दोनों दलों की सोच एक जैसी है। इन दोनों दलों ने मिलीभगत कर संविधान का कई बार संशोधन किया। मायावती ने आरोप लगाया कि सत्तापक्ष और विपक्ष के अधिकतर लोग जातिवादी मानसिकता के हैं और ये लोग आरक्षण को खत्म करना चाहते हैं। एससी, एसटी वर्ग को संविधान का लाभ नहीं देना चाहते हैं।

## कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर भारतीय इतिहास पर लगाया कलंक : नड्डा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**भाजपा** आपातकाल को काला दिवस के रूप में मना रही है। भाजपा मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित 'लोकतंत्र के काले दिन' कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल लगा कर भारतीय राजनीति के इतिहास पर कलंक लगाया है।

कांग्रेस की सोच में उनकी कार्यशैली में प्रजातंत्र की कोई गुंजाइश ही नहीं है। जिसने विरोध किया, उसे समाप्त करने में कांग्रेस ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। कांग्रेस जिस तरह से आचरण कर रही है, उससे उनके रौबदार रवैये का पता चलता है। वे लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव सशर्त कराना चाहते हैं। विडंबना यह है कि कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में, जहां विपक्षी गठबंधन सत्तारूढ़ है, वहां अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का पद सत्तारूढ़ दल के सदस्यों के पास है। तेलंगाना में स्पीकर और डिप्टी स्पीकर दोनों अपने बनाए हैं। कर्नाटक में इनका ही स्पीकर और इनका ही डिप्टी सपीकर है। पश्चिम बंगाल में भी टीएमसी का ही स्पीकर और डिप्टी स्पीकर है। ये ऐसे लोग हैं, जो दोहरे मापदंड में जीते हैं। यह कांग्रेस पार्टी का पाखंड है, जो बेनकाब हो रहा है।

**कामयाबी** चीन का मून मिशन धरती पर लौटा, 2030 तक इंसानों को चांद पर भेजने का लक्ष्य

## चांद के सबसे अंधेरे वाले हिस्से से मिट्टी लाया चीन

**एजेंसी, बीजिंग**



चीन का मून मिशन चांद की सतह से मिट्टी लेकर धरती पर पहुंच गया है। इसके साथ चीन ऐसा करने वाला पहला देश बन गया है, जो चांद के अंधेरे हिस्से से सैंपल लाने में सफल रहा है। चीनी नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन का चैंग' ई-6 लैंडर 53 दिन बाद कैप्सूल में सैंपल लेकर धरती पर लौटा है।

चीन ने 3 मई को चैंग' ई-6 मिशन लांच किया था। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, इस प्रोब का लक्ष्य चांद के सबसे दूर वाले हिस्से (जहां अंधेरा होता है) पर जाकर सैंपल इकट्ठे करके इन्हें धरती पर भेजना था। चीन ने 2030 तक इंसान को चांद पर भेजने का लक्ष्य रखा है। यह मिशन भी उसी टारगेट का हिस्सा है। अभी तक चांद पर जा चुके सभी 10 लूनर मिशन पास वाले हिस्से (जो हमें दिखता है) पर ही पहुंचे हैं। इनमें भारत और अमेरिका भी शामिल हैं। ऐसे में चांद ने फार साइड से सैंपल लाकर स्पेस रेस में अमेरिका को कड़ी चुनौती दी है।

### चांद पर रिसर्च बेस बनाना चाहता है चीन

**सीएनएन** के मुताबिक, चैंग' ई-6 का री-एंट्री मॉड्यूल चीन के उत्तरी हिस्से में मंगलवार सुबह 11:30 बजे (भारतीय समय के मुताबिक) लैंड हुआ। इसके बाद एक सर्च टीम कुछ मिनटों के अंदर इस मॉड्यूल तक पहुंच गई। चीन के वैज्ञानिकों ने मिशन के सफल होने की जानकारी दी। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि इस मिशन की सफलता चीन के सपने को सच करने में मील का पत्थर साबित होगी। इसके जरिए चीन स्पेस पावर बनने के और करीब पहुंच गया है। इंसानों को भेजने के अलावा चीन 2030 तक चांद के साउथ पोल पर एक रिसर्च बेस बनाना चाहता है।

### चांद की सतह से 2 किलो मिट्टी लाई

चैंग' ई-6 मिशन अपने साथ चांद की सतह से 2 किलो मिट्टी लेकर लौटा है। चांद की सतह से सैंपल इकट्ठे करने के लिए ड्रिल और रोबोटिक आर्म का इस्तेमाल किया था। इसके जरिए चांद पर मौजूद 4 अरब साल पुराने क्रेटर से मिट्टी निकाली गई। इसके बाद सैंपल को एक कैप्सूल में डालकर री-एंट्री व्हीकल में ट्रांसफर किया गया। चीन के वैज्ञानिक अब सैंपल पर रिसर्च करेंगे।